* ओड़िशा संस्करण
17 अक्टूबर, 2023
आश्विन, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 357

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

### कार्यक्रम : सीएम ने हाइस्कूलों के लिए चयनित 827 स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों को सौंपा नियुक्ति पत्र

# बच्चों का भविष्य संवारने में शिक्षकों की अहम भूमिका : हेमंत

- झारखंड सरकार बड़े पैमाने पर युवाओं को दे रही रोजगार
- जी गुरुजी एप भी किया लांच, स्कूली बच्चों को मिलेगी मदद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य में बड़े पैमाने पर नियुक्तियों की प्रक्रिया जारी है। कई विभागों में नियुक्ति हो चुकी है, तो कई पदों के लिए नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। इसी कड़ी में आज आपके बीच नियुक्ति पत्र का वितरण हो रहा है। आपसे उम्मीद है कि एक शिक्षक के रूप में आप बच्चों का भविष्य संवारने के साथ राज्य के विकास में अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करेंगे। मुख्यमंत्री सोमवार को डॉ रामदयाल मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी में आयोजित शिक्षक नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने माध्यमिक विद्यालयों के लिए चयनित स्नातक प्रशिक्षित 827 शिक्षकों में से 24 शिक्षकों को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

**पहली बार नियुक्ति नियमावली के तहत हो रहीं नियुक्तियां :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अलग राज्य गठन के दो दशक से ज्यादा हो चुके हैं, लेकिन कभी नियुक्ति नियमावली नहीं बन सकी। इस वजह से पहले जो भी नियुक्तियां हुईं, वे विवादों के घेरे में आती रहीं। मामला न्यायालयों में पहुंचा। इस वजह से नियुक्तियों में तो विलंब हुआ ही, साथ ही भ्रष्टाचार की बातें लगातार सामने आयीं। हमारी सरकार पहली बार नियुक्ति नियमावली बना कर



विभिन्न विभागों में खाली पदों पर नियुक्तियां कर रही है। जेपीएससी का रिजल्ट रिकॉर्ड समय में जारी हुआ। इसमें 32 ऐसे अधिकारी बने, जो बीपीएल श्रेणी से आते हैं। यह इस बात का गवाह है कि जेपीएससी की परीक्षा में ईमानदारी और पारदर्शिता बरती गयी और कहीं कोई विवाद पैदा नहीं हुआ।

**निजी क्षेत्र में भी नौकरी के खुले द्वार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी विभागों में तो नियुक्तियों का दौर चल ही रहा है। डॉक्टर, इंजीनियर, पशु चिकित्सक, आयुष चिकित्सक, कृषि पदाधिकारी, खेल पदाधिकारी, पंचायत सचिव, नर्स और लिपिकों आदि के पदों पर नियुक्ति हो चुकी है। वहीं, रोजगार मेला लगा कर निजी संस्थानों और कंपनियों में भी 34 हजार नौजवानों को ऑफर लेटर मिल चुका है। सरकार का प्रयास है कि यहां के नौजवान अपने पैरों पर खड़े हो सकें।

**प्रतिस्पर्धा का जमाना है, उसी अनुरूप बच्चों को शिक्षा देने की पहल :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रतिस्पर्धा का जमाना है। ऐसे में सरकारी विद्यालयों के बच्चे पीछे नहीं रह जायें, इसी को ध्यान में रख कर सरकारी विद्यालयों को निजी विद्यालयों की तर्ज पर अपग्रेड किया जा रहा है। स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोले गये हैं। आदर्श विद्यालयों में शिक्षा की बेहतर सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। सभी श्रेणी के विद्यालयों में आधारभूत संरचना को मजबूत किया जा रहा है। बच्चों को डिजिटल माध्यम से शिक्षा देने की पहल हो रही है। छात्रावासों का जीर्णोद्धार हो रहा है। हमारी कोशिश है कि सरकारी विद्यालयों के बच्चे आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में अपने को बेहतर साबित कर सकें।

**बच्चों की छिपी प्रतिभाओं को भी निखारें :** मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त शिक्षकों से कहा कि आप स्कूलों में पठन-पाठन के साथ बच्चों की छिपी प्रतिभाओं को पहचान कर उसे निखारने का काम करें। उन्होंने कहा कि कई बच्चे खेल, चित्रकला, गीत, नृत्य और संगीत जैसी विधाओं में प्रतिभा संपन्न होते हैं, लेकिन उन्हें मौका नहीं मिल पाता है। ऐसे में आप उन्हें आगे लाने में अपनी जिम्मेदारियों को जरूर निभायें।

**किस जिले को मिले कितने शिक्षक :** नवनियुक्त कुल 827 शिक्षकों में पश्चिमी सिंहभूम में एक सौ, रांची में आठ, गुमला में 13, खूंटी में पांच, लोहरदगा में पांच, सिमडेगा में 24, पलामू में 74, गढ़वा में 32, लातेहार में 70, बोकारो में छह, चतरा में 61, धनबाद में 11, गिरिडीह में 74, हजारीबाग में 35, कोडरमा में 13, रामगढ़ में 35, देवघर में 16, दुमका में 52, गोड्डा में 39, जामताड़ा में 16, पाकुड़ में 12, साहिबगंज में 34, पूर्वी सिंहभूम में 52 और सरायकेला में 40 शिक्षक नियुक्त किये गये हैं। सीएम ने इससे पहले मई में 3469 हाइस्कूल शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया था।

(पेज 3 भी देखें।)

#### जी गुरुजी एप का लोकार्पण

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा तैयार 'जी गुरुजी एप' को लांच किया। इस एप के जरिये राज्य के सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी डिजिटल कंटेंट के साथ ऑडियो-वीडियो माध्यम से विद्यालय के अलावा अपने घर में भी पढ़ाई कर सकते हैं।




## चुनावी बांड से जुड़ीं याचिकाएं संविधान पीठ को भेजी गयीं

### 30 अक्टूबर को होगी सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों की चुनावी फंडिंग से जुड़ी चुनावी बांड स्कीम को चुनौती देनेवाली याचिकाएं संविधान पीठ को भेज दी हैं। इस पर अगली सुनवाई 30 अक्टूबर को होगी। चीफ जस्टिस डीवाइ चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने सोमवार को इस पर सुनवाई की। तीन जजों की बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा कि इस याचिका की अहमियत को समझते हुए इस मामले को कम से कम पांच जजों की बेंच के सामने रखा जाना चाहिए। मामले की अगली सुनवाई 30 अक्टूबर को पांच जजों की संविधान पीठ करेगी। इससे पहले सुनवाई कर रही बेंच ने कहा था कि वह इस याचिका पर विचार करेंगे कि क्या इसे पांच जजों की संविधान पीठ के पास भेजा जाना चाहिए।

## बड़कागांव में 10 बालू ट्रैक्टरों से वनकर्मियों ने साढ़े तीन लाख वसूले

- नगद के अलावा फोन पे से भी ली गयी वसूली की रकम
- प्रभारी वनपाल और सिपाही पर लगा वसूली का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** इलाके में बालू की ढुलाई कर रहे 10 ट्रैक्टरों से साढ़े तीन लाख रुपये की वसूली का मामला सामने आया है। घटना पिछले मंगलवार की बतायी जाती है। उस समय एनजीटी द्वारा बालू खनन पर लगायी गयी रोक जारी थी। वसूली का आरोप प्रभारी वनपाल और एक सिपाही पर लगाया गया है। सबसे दिलचस्प यह है कि उन्होंने नगद के साथ फोन पे के माध्यम से भी रकम की वसूली की। मंगलवार को देर रात दो बजे के करीब प्रभारी वनपाल संतु कुमार और सिपाही संजय कुमार यादव ने बादम-कुंडील मार्ग की मोतरा घाटी में राजहर के पास छलटवा में बालू से लदे 10 ट्रैक्टरों को पकड़ा। इसके बाद उनसे 35 हजार रुपये प्रति ट्रैक्टर की दर से साढ़े तीन लाख रुपये की वसूली की गयी। बाद में सभी ट्रैक्टरों को छोड़ दिया गया।

**कैसे हुई रकम की वसूली :** वन कर्मियों द्वारा पकड़े गये ट्रैक्टरों में से एक के चालक ने बताया कि सभी ट्रैक्टर 10 अक्टूबर को रात करीब ढाई बजे बालू लोड कर बादम मोतरा घाटी के रास्ते हजारीबाग के लिए निकले। रजहर के पास छलटवा में तैनात वन विभाग की टीम ने सभी को रोक लिया और रेंज ऑफिस ले जाने लगे। इसके बाद ट्रैक्टर मालिकों को बुलाया गया। उनसे मामला खत्म करने के बदले 50-50 हजार रुपये प्रति ट्रैक्टर की मांग की गयी। सौदेबाजी कर रकम 35 हजार रुपये प्रति ट्रैक्टर तय हुई। मालिकों ने इस रकम का कुछ हिस्सा नगद और कुछ फोन पे नंबर 70702150 64 के माध्यम से भुगतान कर दिया। यह नंबर सिपाही संजय ने दिया था। नंबर किसी अंकित सिंह का है। रकम मिलने के बाद सभी ट्रैक्टरों को छोड़ दिया गया। इस पूरे घटनाक्रम से पहले बड़कागांव के प्रभारी वनपाल संतु कुमार और सिपाही संजय कुमार यादव राजहर के पास पहाड़ पर विजय सिंह के घर पर मिले। वहां से वे लोग बाइक और स्कॉर्पियो से छलटवा के पास पहुंचे और ट्रैक्टरों का इंतजार करते रहे। अंततः देर रात सभी ट्रैक्टर पकड़े गये।

**क्या कहते हैं अधिकारी :** प्रभारी फॉरेस्टर ने इस बारे में कहा कि इलाका उनके कार्यक्षेत्र में नहीं है। इसलिए उन्हें कोई जानकारी नहीं है। रेंजर कमलेश कुमार सिंह से संपर्क नहीं हो सका। डीएफओ शबा आलम ने पहले तो मामले की जानकारी से इनकार किया। फिर उन्होंने कहा कि मामले की जांच करायी जायेगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। एसीएफ अविनाश कुमार परमार ने बताया कि कुछ दिन पहले कोयला लदी 10 बैलगाड़ी और 10 बाइक को जब्त किया गया था। उस कार्रवाई के बदले में अब वन कर्मियों के खिलाफ आरोप लगाये जा रहे हैं। इसके बावजूद आरोपों की जांच की जायेगी और दोषी पाये जाने पर कर्मियों को निलंबित किया जायेगा।












आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,200 रु./10 ग्राम
चांदी 74,000 रु./प्रति किलो



# झारखंड भाजपा ने एक बार फिर कांग्रेस को पीछे छोड़ा

## ■ अमर बाउरी और जेपी पटेल को नियुक्त कर साध लिया सामाजिक संतुलन

## ■ कांग्रेस दलित-ओबीसी-आदिवासी की बात करती है, भाजपा ने कर दिखाया

आजाद सिपाही विशेष

**करीब चार साल की लंबी राजनीतिक जद्दोजहद के बाद अंततः भाजपा ने अमर कुमार बाउरी को विधायक दल का नेता नियुक्त कर दिया। इसके साथ ही उसने जयप्रकाश भाई पटेल को विधानसभा में सचेतक नियुक्त किया है। इसके साथ विधानसभा के अंदर भाजपा का संगठनात्मक स्वरूप पूरा हो गया है। अमर कुमार बाउरी को बाबूलाल मरांडी के स्थान पर विधायक दल का नेता नियुक्त किया गया है। भाजपा द्वारा की गयी ये दोनों नियुक्तियां सामाजिक संतुलन के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को तो साबित करती ही है, सियासी दांव-पेंच में कांग्रेस को भी पीछे छोड़ने का संकेत देती है। इन दोनों नियुक्तियों ने एक बार फिर साबित किया कि सामाजिक संतुलन साधने में भाजपा और कांग्रेस का कोई मुकाबला नहीं है। दोनों पार्टियों में मूल अंतर यही है कि कांग्रेस जहां आदिवासियों-दलितों-पिछड़ों को आगे लाने की बात करती है, वहीं भाजपा इसे अपने फैसलों के जरिये कर दिखाती है। आज झारखंड भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष एक आदिवासी है, तो विधायक दल का नेता अनुसूचित जाति का नेता, जबकि तीन सचेतकों में एक सवर्ण, एक ओबीसी और एक कुड़मी है। दूसरी तरफ यदि झारखंड कांग्रेस की बात की जाये, तो प्रदेश अध्यक्ष के अलावा एक मंत्री सवर्ण हैं, जबकि विधायक दल का नेता एक अल्पसंख्यक है। बाकी दो मंत्रियों में एक आदिवासी और एक ओबीसी हैं। यानी कांग्रेस ने विधानसभा के भीतर अनुसूचित जाति को प्रतिनिधित्व नहीं दिया है, जिसकी वकालत इन दिनों वह खूब कर रही है। भाजपा की इन नियुक्तियों की पृष्ठभूमि में भाजपा और कांग्रेस के भीतर सामाजिक संतुलन की स्थिति की तुलना कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

झारखंड प्रदेश भाजपा ने अमर कुमार बाउरी को विधायक दल का नेता नियुक्त कर दिया है। इसके अलावा जयप्रकाश भाई पटेल को सचेतक बना कर उसने विधानसभा के भीतर सामाजिक संतुलन का शानदार उदाहरण प्रस्तुत कर दिया है। अब भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के रूप में एक आदिवासी है, जबकि विधायक दल के नेता के पद पर अमर कुमार बाउरी के रूप में अनुसूचित जाति का विधायक है। विधानसभा में पार्टी के जो तीन सचेतक हैं, उनमें विरंची नारायण के रूप में एक ओबीसी, अनंत ओझा के रूप में एक सवर्ण और जयप्रकाश भाई पटेल के रूप में एक कुर्मी शामिल हैं। बाउरी और पटेल की नियुक्ति के साथ भाजपा ने झारखंड में उस सामाजिक संतुलन को साध लिया है, जिसकी आज वाकई जरूरत है।

### कांग्रेस से क्यों हो रही है तुलना

भाजपा द्वारा की गयी इन नियुक्तियों की तुलना कांग्रेस द्वारा हाल के दिनों में दलित-आदिवासी-ओबीसी के पक्ष में चलाये जा रहे अभियान की पृष्ठभूमि में उसके संगठन के भीतर की हालत से की जा रही है। कांग्रेस ने बिहार में जातीय जनगणना की रिपोर्ट आने के बाद से अचानक जाति आधारित राजनीति को अपना मुख्य हथियार बना लिया है। उसके नेता राहुल गांधी जातीय जनगणना को देश का एक्स-रे बता रहे हैं और सत्ता में आने पर पूरे देश में जातीय जनगणना कराने का ऐलान कर रहे हैं। लेकिन वही पार्टी अपने संगठन के भीतर समाज के सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व देने के मामले में पिछड़ती हुई दिख रही है। झारखंड कांग्रेस की संगठनात्मक संरचना पर नजर दौड़ाने से यह बात शीशे की तरह साफ हो जाती है। झारखंड कांग्रेस के संगठन में इन दिनों अनुसूचित जाति के किसी नेता को कोई स्थान नहीं दिया गया है। पार्टी के चार मंत्रियों में एक सवर्ण (बादल), एक आदिवासी (डॉ रामेश्वर उरांव), एक ओबीसी (बन्ना गुप्ता) और एक अल्पसंख्यक (आलमगीर आलम) हैं, जबकि विधायक दल के नेता का पद भी अल्पसंख्यक के पास है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भी सवर्ण हैं। इस तरह कांग्रेस संगठन में न तो कोई कुर्मी है और न ही कोई अनुसूचित जाति का नेता। विधानसभा में पार्टी की सचेतक भी एक सवर्ण (पूर्णिमा नीरज सिंह) हैं। इस संगठनात्मक संरचना का संदेश यही निकलता है कि कांग्रेस के भीतर आज भी सवर्णों को तरजीह दी जाती है।



### क्या होगा इसका सियासी लाभ

भाजपा द्वारा की गयी इन नियुक्तियों का उसे दूरगामी लाभ मिलेगा। बाबूलाल मरांडी के रूप में उसके पास एक कद्दावर आदिवासी नेता है, जो पार्टी को दोबारा सत्ता में लाने के लिए खूब पसीना बहा रहे हैं। उनकी संगठनात्मक क्षमता पर किसी को कोई शक नहीं है और न ही उनकी प्रशासनिक दूरदृष्टि पर। लेकिन दीपक प्रकाश के स्थान पर उन्हें प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त कर उन पर जिम्मेदारियों का बोझ बढ़ गया था। विधायक दल के नेता वह पहले से थे। इस कारण मरांडी दोनों जिम्मेदारियों को प्रभावी ढंग से निभा नहीं पा रहे थे। अब भाजपा ने उन्हें विधायक दल के नेता पद से मुक्त कर दिया है, तो वह पार्टी के जनाधार को बढ़ाने के लिए स्वतंत्र रूप से काम कर सकेंगे। इसके अलावा बाउरी और पटेल की नियुक्ति कर भाजपा ने झारखंड को बड़ा संदेश दिया है। पार्टी ने साबित कर दिया है कि सामाजिक संतुलन और समाज के सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व देने की वह केवल बात ही नहीं करती है, बल्कि उसे कार्यरूप में भी ढालती है। पार्टी द्वारा की गयी इन नियुक्तियों से लोगों में यह संदेश भी गया है कि भाजपा में समाज का कोई भी वर्ग उपेक्षित नहीं होता है। वर्ष 2019 के विधानसभा के चुनाव में जब भाजपा को झामुमो-कांग्रेस-राजद के हाथों पराजय का सामना करना पड़ा था, तब कहा गया था कि झारखंड के आदिवासी उससे छिटक गये थे, क्योंकि 2014-2019 के कालखंड में इस समुदाय की अनदेखी की गयी थी। इसके अलावा पार्टी के भीतर सामाजिक संतुलन के बिगड़ने को भी पराजय का एक प्रमुख कारण बताया गया था। यह बात एक हद तक सही भी थी। भाजपा के पास एक भी ऐसा कद्दावर चेहरा नहीं था, जिसकी पहचान पूरे राज्य में हो। अर्जुन मुंडा के रूप में पार्टी के पास एक मजबूत चेहरा था, लेकिन 2014 में चुनाव हारने के बाद से उन्हें पूरी तरह हाशिये पर डाल दिया गया। 2019 में उन्हें लोकसभा का टिकट दे दिया गया और इस तरह राज्य की राजनीति में उनकी भूमिका को सीमित कर दिया गया। उनके बदले भाजपा ने बाबूलाल मरांडी को अपने खेमे में शामिल किया और चार साल बाद आज झारखंड में पार्टी अपनी खोयी जमीन हासिल करती हुई दिख रही है। दूसरी तरफ कांग्रेस ने 2019 के विधानसभा चुनाव में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर 16 सीटें जीती, लेकिन उसका संगठनात्मक ढांचा कमजोर ही होता गया। आज कांग्रेस का संगठन अंदर से बेहद कमजोर हो गया है। अब, जबकि भाजपा ने विधानसभा के भीतर अपने संगठन को चुस्त-दुरुस्त कर लिया है और कांग्रेस को एक बार फिर पीछे छोड़ दिया है, इन दोनों दलों द्वारा अपनायी जानेवाली रणनीतियां बेहद दिलचस्प होंगी।

## राजनीतिक हलचल

# मध्यप्रदेश की पहली लिस्ट जारी होने पर कांग्रेस में बगावत, धड़ाधड़ गिरे तीन विकेट

अगले महीने होनेवाले विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी। लिस्ट जारी होने के बाद एमपी कांग्रेस में बगावत की आवाज बुलंद हो गयी है। टिकट नहीं मिलने के बाद कई कांग्रेस नेताओं ने पार्टी छोड़ दी है, जबकि कुछ ने पार्टी को सबक सिखाने का संकल्प ले लिया है। जिला पंचायत सदस्य और कांग्रेस नेता शारदा खटीक ने सागर जिले के नारयोली (एससी आरक्षित) से टिकट मांगा था, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया। इसके बाद शारदा खटीक ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है।

**टिकट न मिलने पर शारदा खटीक ने छोड़ी कांग्रेस :** उन्होंने कहा, मैंने नारयोली विधानसभा से टिकट मांगा था। मैं एक जिला पंचायत सदस्य हूं। पार्टी ने पहले तय किया था कि जो भी नागरिक निकाय चुनावों में जिले में जीतेगा, उसे विधानसभा चुनाव का टिकट मिलेगा। लेकिन पार्टी ने तीन बार हारने वाले उम्मीदवार को टिकट दिया है। मैंने नारयोली का दौरा किया है। जनता मुझे चाहती है, लेकिन फिर भी पार्टी ने मुझे टिकट नहीं दिया है। इसलिए मैं पार्टी से इस्तीफा दे रही हूं।

**हाथ छोड़ हाथी पर सवार हुए कांग्रेस के पूर्व विधायक यादवेंद्र :** दूसरी ओर, कांग्रेस पार्टी के एक पूर्व विधायक यादवेंद्र सिंह ने सतना जिले (विंध्य क्षेत्र) के नागोद विधानसभा क्षेत्र से टिकट नहीं मिलने पर पार्टी से इस्तीफा दे दिया। रविवार को ही बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) में शामिल हो गये। सिंह ने अपने समर्थकों के साथ भोपाल में बीएसपी राज्य कार्यालय में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत की उपस्थिति में बीएसपी की सदस्यता ली। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने मुझसे कहा कि मुझे चुनाव की तैयारी करनी चाहिए।



इसलिए मैं दिल्ली और भोपाल आया। और फिर इस तरह से मेरे साथ अन्याय किया गया है। मैंने सभी को फोन किया, लेकिन किसी ने मेरा फोन नहीं उठाया, इसलिए मैं बीएसपी में शामिल हो गया। उन्होंने कहा कि 2018 में पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान वह केवल 635 मतों से चुनाव हार गये थे।

**लिस्ट जारी होने के एक घंटे में कांग्रेस का गिरा पहला विकेट :** इससे पहले रविवार को कांग्रेस की 144 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी करने के कुछ घंटों बाद ही पार्टी को पहला झटका लग गया था। कांग्रेस मीडिया विभाग के उपाध्यक्ष अजय सिंह यादव ने पिछड़े वर्ग के लोगों के साथ अन्याय का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया। यादव ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ को एक पत्र लिखा, जिसमें लिखा था, मध्यप्रदेश में आपके (कमलनाथ) नेतृत्व में यह हमेशा आश्वस्त किया गया था कि इस बार पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों को चयन के दौरान उनके अधिकार और विशेषाधिकार दिये जायेंगे। टीकमगढ़ जिले में 70 प्रतिशत से अधिक मतदाता पिछड़े वर्ग के हैं, लेकिन एक विशेष जाति के लोगों को तीन विधानसभा क्षेत्रों से उम्मीदवार बनाया गया है। यह एक अनुचित निर्णय है। इस विशेष जाति के लोगों की संख्या दो प्रतिशत से भी कम है और तीनों पिछले चुनाव में भी हार गये थे।

अजय सिंह यादव ने आगे आरोप लगाया कि यह पिछड़े वर्गों के लोगों के साथ अन्याय है। पार्टी के सक्रिय सदस्य होने के बावजूद उन्हें सुना नहीं गया था। उन्होंने कहा, 'मेरे दादा पूर्व विधायक दिवंगत ठाकुरदास यादव ने अपना पूरा जीवन कांग्रेस पार्टी में बिताया। लेकिन, आज जो अन्याय हुआ, उससे मैं वास्तव में निराश हूं। इसी वजह से मैं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के उपाध्यक्ष और टीकमगढ़ जिले के खरगपुर निर्वाचन क्षेत्र के पलेरा ब्लॉक से पीसीसी प्रतिनिधि के पद से इस्तीफा दे रहा हूं।

### 17 नवंबर को वोटिंग 3 दिसंबर को काउंटिंग

कांग्रेस ने रविवार को आगामी मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए 144 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को छिंदवाड़ा से मैदान में उतारा गया। मध्यप्रदेश में 17 नवंबर को वोटिंग होगी, जबकि मतगणना 3 दिसंबर को होगी।

# कांग्रेस ने जारी की मिजोरम के लिए पहली चुनावी सूची

**कांग्रेस ने मिजोरम विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उम्मीदवारों की अपनी पहली लिस्ट जारी कर दी है। 40 विधानसभा सीटों वाले इस राज्य में कांग्रेस ने 39 उम्मीदवारों के नाम का एलान किया है। पार्टी ने सिर्फ लुंगलेई साउथ सीट पर प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। पार्टी की ओर से जारी उम्मीदवारों की सूची के अनुसार, ललसावता को आइजोल पश्चिम-3 विधानसभा क्षेत्र से टिकट दिया गया है। आइजोल पूर्व-1 से ललसंगलरा रातले, आइजोल पश्चिम-1 से आर. ललबियाकथांगा और पलाक से आइपी जूनियर को उम्मीदवार बनाया गया है। मिजोरम की सभी 40 विधानसभा सीटों के लिए 7 नवंबर को मतदान होगा। वहीं 3 दिसंबर को मतगणना होगी। मिजोरम विधानसभा का कार्यकाल 17 दिसंबर को खत्म होगा। पूर्वोत्तर के इस राज्य में मिजो नेशनल फ्रंट सत्ता में है।**

### 2018 में नतीजे क्या रहे थे?

**राज्य में पिछले चुनाव 28 नवंबर 2018 को हुए थे। इस चुनाव में 40 सदस्यीय विधानसभा में एमएनएफ को 27 सीटों पर जीत मिली थी। कांग्रेस ने चार सीटें, जबकि भाजपा को एक सीट पर विजय मिली थी। इसके अलावा आठ सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशियों को जीत मिली थी। इसके साथ ही राज्य में मुख्यमंत्री जोरमथंगा के नेतृत्व में एमएनएफ की सरकार बनी थी।**

### विधानसभा की वर्तमान में स्थिति?

**वर्तमान में सियासी समीकरण की बात करें तो, इस वक्त 40 सदस्यीय मिजोरम विधानसभा में एमएनएफ के 28, कांग्रेस के पांच, जेडपीएम के एक और भाजपा के एक विधायक हैं। पांच सीट पर निर्दलीय विधायक हैं।**

# यूपी: भाजपा विस्तारक विपक्ष की गढ़वाली सीटों पर नहीं दे सके रिपोर्ट, लोकसभा चुनाव की रणनीति बनाने में होगी परेशानी

भाजपा ने यूपी में मिशन 80 का लक्ष्य लेकर काम करना शुरू किया है। इसके लिए जीती हुई सीटों के साथ-साथ हारी सीटों को लेकर भी रणनीति तैयार की जा रही है। साथ ही विपक्ष की गढ़वाली सीटों पर भी पार्टी की नजर है। इन स्थानों की रिपोर्ट पार्टी को नहीं मिल पायी है। विस्तारकों से संगठन ने रिपोर्ट मंगायी है। लोकसभा चुनाव 2019 में विपक्ष का गढ़ बन गयी 14 लोकसभा सीटों पर जमीनी रिपोर्ट बनाने के लिए भेजे गये विस्तारक फेल साबित हो रहे हैं। बीजेपी की हारी हुई 14 लोकसभा सीटों में से चार लोकसभा सीटों मुरादाबाद, संभल, लालगंज और मैनपुरी में काम सुस्त चल रहा है। इन सीटों पर अब तक विस्तारकों की पूरी रिपोर्ट ही नहीं मिली। कुछ लोकसभा में आधे ही काम की रिपोर्ट मिली। सात लोकसभा सीटें ही ऐसी थीं, जहां बीजेपी का काम संतोषजनक मिला है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और संगठन महामंत्री धर्मपाल ने इन लोकसभा में भेजे गये विस्तारकों, लोकसभा प्रभारी और संयोजकों से जवाब तलब किया है। इन्हें नये सिरे से जल्दी रिपोर्ट तैयार करने को कहा गया है। पार्टी लोकसभा चुनाव 2024 की रणनीति तैयार करने में जुटी है। इसमें मिशन 80 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए हर सीट पर पार्टी अलग रणनीति के साथ उतरने की प्लानिंग कर रही है। बीजेपी ने 2019 में गठबंधन के साथ यूपी में 80 में से 64 सीटें जीती थीं। इसके बाद हुए उपचुनाव में वह आजमगढ़ और रामपुर सीटें भी जीत गयी थी। अब सिर्फ रायबरेली, लालगंज, संभल, मुरादाबाद, मैनपुरी, गाजीपुर, घोसी, श्रावस्ती, अमरोहा, बिजनौर, जौनपुर, नगीना, सहारनपुर और अंबेडकरनगर यानी कुल 14 लोकसभा सीटें ही ऐसी बची हैं, जिसे भाजपा जीत नहीं सकी। बीजेपी ने इन सीटों पर पिछले दो



साल से काम करना शुरू कर दिया था। पहले सभी सीटों पर एक केंद्रीय मंत्री और एक पदाधिकारी को भेजा गया था। इसके बाद अब इन 14 लोकसभा की रिपोर्ट तैयार करने के लिए 84 विस्तारक भेजे गये हैं। इनमें 70 हारी हुई सीटों की विधानसभा में भेजे गये और 14 विस्तारक हर एक लोकसभा पर लगाये गये। इन विस्तारकों को 22 बिंदुओं पर काम करके रिपोर्ट तैयार करनी थी।

**नहीं बनी कमजोर बूथों की भी रिपोर्ट :** सभी लोकसभा सीटों पर भेजे गये इन विस्तारकों को सभी कमजोर बूथों पर जाकर रिपोर्ट बनानी थी। उन्होंने भाजपा की बूथ स्तर तक सामाजिक, जातीय समीकरण देखने, प्रभावशाली लोगों की सूची बनाने के साथ भाजपा संगठन की गतिविधियों की नियमित जानकारी को भी अपनी रिपोर्ट में दर्ज करना था। दरअसल, बीजेपी का खास फोकस उन 22 हजार बूथों पर है, जहां बीजेपी को जीत हासिल नहीं हुई थी। विस्तारकों को लोकसभा क्षेत्र में विधानसभावार सामाजिक समीकरणों की भी रिपोर्ट तैयार करनी थी। साथ ही क्षेत्र के प्रभावशाली लोगों से मिल कर उनकी सूची तैयार बनानी थी। रिपोर्ट में विधानसभा के हिसाब से जातिवार प्रभावशाली लोगों की सूची के साथ, मठ-मंदिरों के पुजारी, मुखिया, ग्राम प्रधान और बिरादरी के अगुवा लोगों की सूची को भी अपनी रिपोर्ट में शामिल करना था। रिपोर्ट में यह भी बताना था कि पिछले चुनावों में किस बूथ पर किस वजह से हार हुई? इनमें मुरादाबाद, श्रावस्ती, सहारनपुर और संभल लोकसभा में रिपोर्ट ही नहीं बनी। इसके अलावा श्रावस्ती, रायबरेली और घोसी में भी रिपोर्ट में आधे काम दर्शाये गये हैं।

**हारी सीटों पर क्यों ध्यान क्यों दे रही है भाजपा :** बीजेपी को 2024 के लोकसभा चुनाव को जीतने के लिए विपक्ष की जीती 14 सीटों को ही अपने पाले में करना है। बीजेपी की अब सारी कोशिश विपक्ष की जीती हुई इन्हीं सीटों में सेंधमारी करने की है। इसके लिए बीजेपी एक-एक बूथ पर काम कर रही है। इन सीटों पर विस्तारक भेजे गये हैं। इन सभी सीटों पर विपक्ष के पूर्व जनप्रतिनिधियों को भी साधने की कोशिश की जा रही है। सामाजिक-राजनीतिक रिपोर्ट तैयार की जा रही है। चूंकि इस वक्त पूरा विपक्ष एकजुट हो रहा है, तो बीजेपी उनके ही गढ़ वाली सीटों पर पूरा जोर लगा रही है। बीजेपी का यह भी मानना है कि अगर जीती हुई 66 सीटों में किसी भी सीट पर जोखिम होता है तो उसकी पूर्ति भी इन सीटों को जीत कर की जा सकती है। इसलिए बीजेपी बीते दो साल से इन सीटों पर काम कर रही है। ऐसे में अगर इन सीटों पर किसी पर भी काम धीमा हो रहा है और विस्तारक जमीनी रिपोर्ट नहीं बना रहे रहे तो बीजेपी के लिए यह चिंता का विषय है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.8 °c | 18.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.24 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.46 बजे |



## शारदीय नवरात्र : तीसरा दिन

### चंद्रघंटा दुर्गा का ध्यान



पिङज प्रवरारूढा.चंडकोपास्त्रकैयुर्ता।
प्रसादं तनुतां महां चंद्रघंटेति विश्रुता ।।

जो पक्षि प्रवर गरूड़ पर आरूढ़ होती हैं, उग्र कोप और रौद्रता से युक्त रहती हैं तथा चंद्रघंटा नाम से विख्यात हैं, वे दुर्गा देवी मेरे लिए कृपा का विस्तार करें।

देवि प्रपन्नार्तिहरे प्रसीद-3

चतुर्भुजा महालक्ष्मी (मूल प्रकृति) ने क्रमश: तमोगुण और सत्वगुण रूप उपाधि के द्वारा अपने दो रूप और प्रकट किये, जिनकी महाकाली और महासरस्वती नाम से प्रसिद्धि हुई। ये दोनों दुर्गासप्तशती के प्रथम चरित्र और उत्तर चरित्र में वर्णित महाकाली और महासरस्वती से भिन्न हैं, क्योंकि ये दोनों ही चतुर्भुजा हैं और उक्त चरित्रों में वर्णित महाकाली की दस तथा महासरस्वती की आठ भुजाएं हैं। चतुर्भुजा महाकाली के हाथों में खड्ग, पानपात्र, मस्तक और ढाल है। चतुर्भुजा सरस्वती के हाथों में अक्षमाला, अंकुश, वीणा और पुस्तक शोभा पाते हैं। फिर इन तीनों देवियों ने स्त्री पुरुष का एक-एक जोड़ा उत्पन्न किया। महाकाली से शंकर और सरस्वती, महालक्ष्मी से ब्रह्मा और लक्ष्मी तथा महासरस्वती से विष्णु और गौरी का प्रादुर्भाव हुआ। इनमें लक्ष्मी विष्णु को, गौरी शंकर को तथा सरस्वती ब्रह्मा जी को प्राप्त हुईं। पत्नी सहित ब्रह्मा ने सृष्टि, विष्णु ने पालन और रूद्र ने संहार कार्य संभाला। उनके दस मुख, दस भुजाएं और दस पैर हैं। वे काजल के समान काले रंग की हैं तथा तीस नेत्रों की विशाल पंक्ति से सुशोभित होती हैं। उनके दांत और दाढ़ें चमकती रहती हैं। यद्यपि उनका रूप भयंकर है तथापि वे रूप, सौभाग्य, कांति एवं महती संपदा की अधिष्ठान हैं। वे अपने हाथों में खड्ग, बाण, गदा, शूल, चक्र, शंख, भुशुंडि, परिघ, धनुष तथा जिससे रक्त चुता रहता है, ऐसा कटा हुआ मस्तक धारण करती हैं।

(क्रमश:) प्रस्तुति - डॉ एनके बेरा

## झारखंड कैबिनेट की बैठक कल

**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड कैबिनेट की बैठक 18 अक्टूबर को होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) की ओर से जारी सूचना के मुताबिक यह बैठक धुर्वा स्थित प्रोजेक्ट भवन में अपराह्न 3 बजे से मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। बैठक में कुछ अहम योजनाओं की मंजूरी और प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है। बैठक में झारखंड स्थापना दिवस से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण फैसले लिये जा सकते हैं।

# परिवार और पैसे की राजनीति करनेवालों को हो रहा दर्द, मोदी को हटाने के लिए हो रहे एकजुट : बाबूलाल

- राष्ट्र विरोधी ताकतें इंडी एलायंस के आदर्श
- पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अंत्योदय के साथ वसुधैव कुटुंबकम हो रहा साकार
- भाजपा से जुड़ना मतलब भारत को मजबूत करना

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को मिलन समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें कोल्हान प्रमंडल के पूर्व आयुक्त सेवानिवृत्त आइएएस अधिकारी विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सभी को पार्टी का पटका और माला पहना कर स्वागत किया, जबकि प्रदेश महामंत्री और मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने ऑनलाइन सदस्यता ग्रहण करायी। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू ने और धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने किया।

विजय कुमार सिंह के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण करनेवालों में सेवा निवृत्त राज्य अग्निशमन अधिकारी सुधीर कुमार वर्मा, पूर्व पुलिस उपाधीक्षक ललन ठाकुर, सेवा निवृत्त जिला न्यायाधीश जीके दुबे, संजय अग्रवाल, रिंकू गडिया, प्रभाष कुमार झा, प्रभाकर, एकांत, आशीष साहू, श्रीप्रकाश, सागर साहू, सुमित रंजन, अभिनंदन शर्मा, अभिप्रय वर्मा सहित झामुमो और आजसू के कार्यकर्ता निरंजन पांडेय, प्रदीप चौबे, फलजीत महतो, अजय ठाकुर, मोहम्मद सलीम अंसारी, गणेश आगीवाल आदि शामिल हैं।

मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आज भाजपा से जनता का जुड़ाव लगातार बढ़ रहा है। जनता सबका साथ, सबका विकास पर विश्वास करने लगी है, इसलिए देश को मोदी जी के नेतृत्व में आगे बढ़ता देखने के लिए आम जनता ने अपनी ताकत झोंक दी है। उन्होंने सदस्यता ग्रहण करने वालों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे अनुभवी लोगों की योग्यता और कार्यक्षमता का पार्टी को लाभ मिलेगा। इनकी सेवा के क्षेत्र बदले हैं, लेकिन जिम्मेवारी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि आज मोदी जी के नेतृत्व में गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला, युवा आदिवासी, दलित पिछड़े, सभी का बिना भेदभाव के विकास हो रहा। गांव गरीब विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहे। डिजिटल क्रांति से देश में व्यापक परिवर्तन हुए हैं।

उन्होंने कहा कि विपक्षी एकता के नाम पर परिवार और पैसे की राजनीति करने वाले, भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे दल और नेता मोदी के खिलाफ एकजुट हो रहे। राष्ट्र विरोधी शक्तियां उनके आदर्श बन रहीं। वे सनातन का विरोध, भारत का विरोध करना अपना धर्म समझ रहे हैं। जिन लोगों ने देश को वर्षों तक विकास से वंचित रखा, वे आज परेशान हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड की आज यही स्थिति है। परिवार, भ्रष्टाचार, अत्याचार में शामिल हेमंत सरकार जनता को दिग्भ्रमित कर रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे में देश और प्रदेश को बचाने के लिए और अधिक मजबूत भाजपा की जरूरत है। उन्होंने कहा कि 2024 में तीसरी बार मोदी जी को प्रधानमंत्री और झारखंड में भाजपा नेतृत्व की मजबूत सरकार बनाने का संकल्प लें। जहां भी हैं, संपर्क, संवाद के माध्यम से आप इसके लिए कार्य करें। सदस्यता ग्रहण करते हुए पूर्व आयुक्त विजय कुमार सिंह ने प्रदेश भाजपा नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा कि अवकाश प्राप्ति के बाद अनुभव और क्षमता को भाजपा के साथ जुड़ कर देश सेवा में लगाने की इच्छा हुई। उन्होंने कहा कि मोदी जी का नेतृत्व, पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों ने मुझे जुड़ने के लिए प्रभावित किया।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे। आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे। |
| वृष | चिन्तित मनोरथ की सिद्धि होगी। बिजनेस में शुभ परिवर्तन होगा। सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी |
| मिथुन | कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा। योजना को साकार करने में साथ मिलेगा। |
| कर्क | साहसिक कार्य में सफलता। पारिवारिक सुख-साधनों में वृद्धि। विरोधियों पर विजय। |
| सिंह | स्वाभिमान और स्वावलंबन बढ़ेगा। आमदनी में वृद्धि होगी। नया परिचय का क्षेत्र बढ़ेगा। |
| कन्या | कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा। |
| तुला | रोग-शोक-दु:श्चिंताओं से छुटकारा मिलेगा। विवादों का समाधान मिलेगा। |
| वृश्चिक | लोकप्रियता का विस्तार। कार्य पूरा होगा। धन लाभ। उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति। |
| धनु | षड़यंत्र विफल होगा। माता-पिता का सहयोग। वांछित सहयोग मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा। |
| मकर | सुख-सुविधा की प्राप्ति होगी। पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा। मनोकामनाएं पूरी होंगी। |
| कुंभ | परिस्थितियों में सुधार। बिगड़ा काम बनेगा। व्यवसाय में आशातीत लाभ होगा। |
| मीन | नयी आशाओं का उदय होगा। सभी कार्य पूरे होंगे। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। |

# हमारे कई ऐतिहासिक निर्णय देश के लिए मिसाल बन गये : सीएम

- गरीब, वंचित, दलित, महिला, युवा, किसान, मजदूर, समेत हर वर्ग और तबके के लोगों को आगे बढ़ाने का मार्ग कर रहे प्रशस्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मोरहाबादी के फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित शिक्षक नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार ने ऐसे कई ऐतिहासिक निर्णय लिये हैं, जो देश के लिए मिसाल बन गये हैं। हम यहां के आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को विदेश में पढ़ाई के लिए शत-प्रतिशत स्कॉलरशिप दे रहे हैं। यूनिवर्सल पेंशन स्कीम के माध्यम से सभी बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगों को पेंशन दे रहे हैं। ऐसे और भी कई निर्णय हैं, जो यहां के लोगों को सशक्त और आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

**जन भावनाओं के अनुरूप काम कर रही सरकार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जन भावनाओं के अनुरूप पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। राज्य की जनता को विकास की कड़ियों से जोड़ा जा रहा है। गरीब, वंचित, दलित, महिला, युवा, किसान, मजदूर समेत हर वर्ग और तबके के लोगों के आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं।

**सरकार जो कहती है, वह करती है :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जो कहती है, उसे निश्चित तौर पर पूरा करती है। मैं यह तो दावा नहीं करता कि राज्य की सारी समस्याओं का समाधान हो गया है, लेकिन, इस दिशा में हम लगातार प्रयास कर रहे हैं। जनता की समस्याओं को विशेष प्राथमिकता के तौर पर दूर किया जा रहा है। यही वजह है कि हमारी सरकार से जनता की उम्मीदें और आकांक्षाएं भी काफी बढ़ रही हैं। हमारी सरकार तमाम चुनौतियां के बीच राज्य को नयी दिशा देने का काम कर रही है।

**पूर्वजों के सपनों को पूरा करने का प्रयास :** मुख्यमंत्री ने कहा कि एक लंबे संघर्ष के बाद हमें अलग झारखंड राज्य मिला, लेकिन हमारे पूर्वजों ने राज्य के सर्वांगीण विकास का जो सपना देखा था, वह पिछले दो दशकों में पूरा नहीं हो सका। तमाम संसाधनों के बाद भी झारखंड की गिनती पिछड़े राज्यों में होती रही। लोगों की उम्मीदें लगातार टूटती रहीं। लेकिन, हमारी सरकार पिछले चार वर्षों से जिस तरह कार्य करती आ रही है, उससे विकास को एक नया आयाम मिल रहा है।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर मंत्री आलमगीर आलम और सत्यानंद भोक्ता, राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार, प्राथमिक शिक्षा निदेशक नेहा अरोड़ा, एसपीडी निदेशक किरण पासी और माध्यमिक शिक्षा निदेशक सुनील कुमार समेत जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद रहे।

## जनता की आवाज सशक्त होकर पहुंचे इसका पूरा प्रयास करूंगा: बाउरी



**रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा ने झारखंड प्रदेश में पूर्व मंत्री और चंदनकियारी के विधायक अमर कुमार बाउरी को विधायक दल का नेता और मांडू के विधायक जेपी भाई पटेल को विधानसभा में पार्टी का सचेतक बनाया है। विधायक दल के नेता बनाये जाने पर अमर कुमार बाउरी ने कहा कि मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता पर भरोसा जताने और विधानसभा में नेता विधानमंडल दल का दायित्व सौंपने के लिए पार्टी नेतृत्व का सहृदय आभार एवं भाजपा के सभी माननीय विधायकों को धन्यवाद। आप सब ने मुझ पर जो भरोसा दिखाया है, मैं उस भरोसे पर खरा उतरने का अथक प्रयास करूंगा। साथ ही विधानसभा में झारखंड में राज्य की जनता की आवाज सशक्त होकर पहुंचे, इसका पूरा प्रयास करूंगा।**

# हाइकोर्ट में जंगल की जमीन और सरकारी जमीन की खरीद-बिक्री की जांच मामले में हुई सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में सोमवार को जंगल की जमीन और सरकारी जमीन की खरीद बिक्री की जांच कराने को लेकर कृषि ज्ञान संस्था के डॉ लाल राजीव रंजन नाथ शाहदेव की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में मिनिस्ट्री ऑफ एनवायरमेंट एंड क्लाइमेट चेंज, मिनिस्ट्री ऑफ कोल और राज्य सरकार का जवाब कोर्ट में दाखिल नहीं हो सका। कोर्ट ने जवाब दाखिल नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए प्रतिवादियों को जवाब दायर करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने सचिव, मिनिस्ट्री ऑफ एनवायरमेंट एंड क्लाइमेट चेंज और नेशनल मिनरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड को प्रतिवादी बनाया था। याचिकाकर्ता की ओर से ज्ञानरंजन नाथ शहदेव ने पैरवी की।

कोर्ट को बताया गया था कि कुछ प्राइवेट कंपनियों और कुछ व्यक्तियों के द्वारा राज्य में जंगल और सरकारी भूमि की खरीद बिक्री की गयी है और जमीन का अतिक्रमण किया गया है, जो नियम विरुद्ध है, जिसकी जांच करायी जानी चाहिए। इसके बाद कोर्ट ने उक्त प्राइवेट कंपनियों को नोटिस जारी किया था। याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट के समक्ष राज्य के फॉरेस्ट की ऑडिट रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गयी थी। इसमें बताया गया था कि सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्य को 30 सितंबर 2002 तक के तय समय सीमा में जंगल से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था। लेकिन 20 वर्ष होने के बाद भी जंगल से अतिक्रमण नहीं हटाया गया और राज्य में 62952 एकड़ जंगल में निजी कंपनी और अतिक्रमणकारियों के द्वारा रजिस्ट्री के माध्यम से जमीन को खरीद लिया है। फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया एवं राज्य सरकार के कुल फॉरेस्ट एरिया में लगभग 2.5 लाख का अंतर है।


## कार्यालय नगर परिषद सिमडेगा

### अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना:- 10/2023-24

| | | |
|---|---|---|
| क) विभाग का नाम | :- | नगर परिषद सिमडेगा |
| ख) कोटेशन प्राप्ति का स्थान | :- | नगर परिषद सिमडेगा |
| ग) कोटेशन प्रपत्र की बिक्री का स्थान एवं तिथि | :- | नगर परिषद सिमडेगा / 16.10.2023 से 18.10.2023 तक |
| घ) कोटेशन प्राप्ति की तिथि एवं समय | :- | 19.10.2023 अपराह्न 03:00 बजे तक |
| ड) कोटेशन खोलने का स्थान एवं समय | :- | नगर परिषद सिमडेगा/ 19.10.2023 अपराह्न 04:00 बजे तक। |

| क्र. | विवरणी | संख्या | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 1. | Bullet Camera CCTV Surveillance with Online Access | 09 | |
| 2. | अल्बर्ट एक्का स्टेडियम | 35 (LED मेटल लाईट) जनरेटर सहित | |
| 3. | मेन रोड़ नमाजी कम्पलेक्स से भट्टी टोली कॉलेज मोड़ तक | 45 (LED मेटल लाईट) जनरेटर सहित | |
| 4. | डिप्टी टोली विसर्जन तालाब | 20 (LED मेटल लाईट) जनरेटर सहित | |

**उपकरण/संयत्र आपूर्ति की शर्तें-**

1. कोटेशन का निष्पादन नगर परिषद सिमडेगा के क्रय समिति द्वारा किया जायेगा।
2. कोटेशनदाता को कोटेशन से संबंधित पूर्ण विवरण संलग्न करना तथा सामग्री का सैम्पल जमा करना अनिवार्य है।
3. कोटेशन दर में सभी टैक्स सन्निहित रहेगा। इसके लिये अलग से भुगतान नहीं होगा।
4. दुर्गा पूजा 2023 के निमित दिनांक 24.10.2023 को अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में रावण दहन, दिनांक 25.10.2023 को मेन रोड़ नमाजी कम्पलेक्स से कॉलेज मोड़ तक, दिनांक 25.10.2023 को डिप्टीटोली विसर्जन तालाब रोड़ से तालाब के आस-पास तक पर्याप्त रोशनी/प्रकाश (LED मेटल लाईट) जनरेटर सहित की किराये पर अस्थायी व्यवस्था तथा दिनांक 25.10.2023 को प्रतिमा विसर्जन की तिथि मे दुर्गा होटल नीचे बाजार, सिमडेगा से कॉलेज मोड़, सिमडेगा तक किराये पर अस्थायी CCTV कैमरा का अधिष्ठापन।
5. CCTV कैमरा अथवा LED मेटल लाईट के अधिष्ठापन उपरान्त तोड़-फोड़ या चोरी इत्यादि की सम्पूर्ण जिम्मेवारी अधिष्ठापनकर्ता की होगी।
6. आवश्यकतानुसार सामग्रियो को बढ़ाया या घटाया जा सकता है तथा स्थल इत्यादि में बदलाव किया जा सकता है।
7. कोटेशन दर अंक और अक्षर में लिखना अनिवार्य होगा।
8. आपूर्तिकर्ता का भुगतान चेक/ड्राफ्ट/NEFT द्वारा नगर परिषद सिमडेगा को आपुरित सामग्री का विपत्र उपलब्ध कराने के पश्चात् नियमानुसार कटौती पश्चात् किया जायेगा। बैंक कमीशन आपूर्तिकर्ता को वहन करना होगा।
9. कोटेशन खुलने के कम से कम 6 माह तक दर लागू रहेगा तथा आदेश प्राप्ति के 2 दिन के अन्दर आपूर्ति करना अनिवार्य होगा।
10. सामग्री की आपूर्ति नगर परिषद सिमडेगा के भण्डारगृह तक पहुंचान एवं रखने के क्रम में किसी भी उपकरण/सयंत्र में होने वाली क्षति की जिम्मेवारी आपूर्तिकर्ता की होगी तथा उसे आपूर्तिकर्ता द्वारा बदला जायेगा। कार्य में लगे कर्मियों की सुरक्षा की जिम्मेवारी आपूर्तिकर्ता की होगी।
11. सामग्री की संख्या में कमी या वृद्धि हो सकता है।
12. आमंत्रित कोटेशन को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने तथा एक से अधिक कोटेशनदाता के बीच बांटने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

प्रशासक,
नगर परिषद सिमडेगा।

ज्ञापांक 1556 (ii) दिनांक- 13.10.2023


## झारखंड में फर्जी दस्तावेजों के सहारे व्यापक स्तर पर जमीन की लूट और हेराफेरी जारी

# झारखंड में जल, जंगल, जमीन की लूट मची है : बंधु तिर्की

- सरकार एसआइटी का गठन कर नेताओं, अधिकारियों की संपत्ति की जांच कराये

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि झारखंड में जमीन के मामले में सबसे बड़ी हकीकत यही है कि अनेक फर्जी दस्तावेज और अन्य अनेक जाली कागजातों को तैयार करने के बाद अवांछित तत्व उसका दुरूपयोग करते हुए जमीन घोटालों में संलिप्त हैं। श्री तिर्की ने कहा कि वैसे तत्व झारखंड उच्च न्यायालय और अन्य अदालतों को भी अंधेरे में रख कर अपने दस्तावेजों को गलत तरीके से प्रस्तुत कर रहे हैं और उसके आधार पर अपना उल्लू सीधा कर रहे हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि न केवल सरकारी स्तर पर अनेक जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा, बल्कि न्यायालयों द्वारा भी वैसे आदेश पारित किये जा रहे हैं, जो सत्य, न्याय और वास्तविकता की कसौटी पर पूरी तरीके से गलत हैं। श्री तिर्की ने कहा कि झारखंड में जमीन के सारे विवादित मामलों के साथ ही अन्य जमीनों के सभी कागजातों, दस्तावेजों और जमीन व्यवसाय में संलग्न या संलिप्त लोगों की भी गहन जांच-पड़ताल करने की आवश्यकता है और इसके लिए आवश्यकता हो तो सरकार को एसआइटी का गठन करना चाहिए। श्री तिर्की ने कहा कि अवांछित तत्व न केवल राजधानी रांची या झारखंड के अन्य शहरों में अवस्थित अंचल कार्यालयों अथवा अन्य संबंधित कार्यालयों, अधिकारियों, कर्मचारियों की मिलीभगत से, बल्कि कोलकाता जैसे शहरों में भी जाकर संबंधित कार्यालय-अधिकारियों, दलालों आदि की मिलीभगत और भ्रष्टाचार के बलबूते जमीन के दस्तावेजों की हेरा-फेरी कर रहे हैं। वैसे ही तत्व, सरकार के अनेक संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ के बलबूते उन कागजातों में भी जालसाजी या फिर उसे नष्ट ही कर दे रहे हैं, जो सरकारी कार्यालयों में जमा हैं और सरकारी संपत्ति है। श्री तिर्की ने कहा कि, इससे पहले भी यह प्रमाणित हो चुका है कि झारखंड के अनेक अंचल कार्यालयों में रजिस्टर-टू को फाड़ दिया गया या फिर उसे गायब कर दिया गया। कांग्रेस नेता ने कहा कि यही बात तब भी प्रमाणित हुई, जब प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने राज्य में विभिन्न जगहों पर अनेक जमीन घोटाले से संबंधित कुछेक मामलों की जांच-पड़ताल के लिए छापामारी की थी। उन्होंने कहा कि न्यायालय के अनेक आदेश भी उन तथ्यों को प्रमाणित करते हैं। यहां तक कि आज से 75-80 साल पहले के सादा हुकुमनामा के बल पर न्यायिक निर्णय आता है, जबकि हुकूमनामा जारी करनेवाले और उसे प्राप्त करनेवाले ही जीवित न हों। श्री तिर्की ने आशंका जतायी कि अनेक मामलों में वैसे सादा हुकूमनामा की सत्यता और वैधता की अपेक्षित जांच किये बिना उसी के आधार पर फैसला सुनाया गया, जो व्यापक जनहित के विरुद्ध है। श्री तिर्की ने कहा कि सरकार की पूरी सक्रियता के अलावा न्यायालय के अनेक संबंधित आदेश और इडी कार्यालय की सक्रियता के बाद भी वैसे तत्वों की गतिविधियों पर अंकुश नहीं लगना गंभीर चिंता की बात है, क्योंकि अनेक बड़ी आपराधिक घटनाओं की जड़ में जमीन विवाद ही है।

श्री तिर्की ने कहा कि वैसे अवांछित तत्व बिना रुके लगातार वैसी गतिविधियों में शामिल हैं, जो न केवल झारखंड या यहां की सरकार के खिलाफ हैं, बल्कि इससे उन लोगों का सबसे ज्यादा नुकसान हो रहा है, जिनके हित में झारखंड का निर्माण किया गया था। उन्होंने कहा कि जिन आदिवासियों और मूलवासियों के लिये झारखंड बना था, वे सभी धीरे-धीरे हाशिये पर चले गये और जमीन दलालों, अपराधियों औरअवांछित तत्वों की पैठ गांव-देहात, जंगल, पहाड़, नदी-नाला तक हो चुकी है। स्थिति ऐसी बन चुकी है कि झारखंड में कोई नहीं जानता कि कब, कौन, कहां, किस रूप में, किसकी मिलीभगत से जमीन का कौन-सा टुकड़ा या भूखंड बेच दे और उस क्षेत्र के लोग, सांप के गुजरने के बाद लाठी पीटते रहें। श्री तिर्की ने कहा कि झारखंड में लूट मची है और विशेष रूप से जल, जंगल, जमीन का गाना गाते-गाते अनेक बहुरुपिया तत्वों ने यहां के लोगों का शोषण और दोहन ही किया है। उन्होंने कहा कि वैसे ही तत्वों ने उस आदिवासी मानसिकता-विचारधारा की धज्जियां उड़ायी हैं, जो प्रकृति के साथ जुड़ कर सीधे-सही रास्ते पर चल कर अपना जीवन काटते हैं और छल-प्रपंच से बहुत दूर हैं। श्री तिर्की ने कहा कि वैसे लोग राजधानी रांची में अपनी कारस्तानियों को तो अंजाम दे ही रहे हैं, साथ ही उन क्षेत्रों में भी वे तत्व बेहद सक्रिय हैं, जहां भूगर्भ में खनिज संपदा की पहचान हो चुकी है और आनेवाले महीनों-सालों में सरकार या सार्वजनिक उपक्रम उन क्षेत्रों में भूमि अधिग्रहण करनेवाले हैं। उन्होंने कहा कि वहां भी ऐसे तत्व पहुंचकर, आदिवासियों एवं मूलवासियों को बरगला कर बहुत सस्ते दाम में जमीन खरीद रहे हैं या फिर किसी अन्य तरीके से उनका गोरखधंधा चालू है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपील की है कि वे इस मामले पर अविलंब उच्च स्तरीय टीम का गठन कर जांच का आदेश दें और इसमें विशेष रूप से सभी राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ ही संबंधित सरकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भी जांच की जाये।





### सरला बिरला विश्वविद्यालय ने आइआइटी खड़गपुर में कीर्तिमान स्थापित किया

# शौर्य प्रतियोगिता का विजेता बना एसबीयू

**वालीबॉल में बिना सेट गवायें कई आइआइटी की टीमों को हराया**

**एसबीयू का छात्र बना सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आइआइटी खड़गपुर में आयोजित खेल प्रतियोगिता शौर्या में सरला बिरला विश्वविद्यालय रांची की टीम वालीबॉल स्पर्धा में विजेता रही। वालीबॉल स्पर्धा में एसबीयू रांची की टीम अपराजेय रही। प्रतियोगिता के सभी मैचों में एसबीयू बिना कोई सेट गंवायें विजेता बना। वहीं बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता में एसबीयू सेमीफाइनल में आइआइटी खड़गपुर से हार गया। मालूम हो कि शौर्या प्रतियोगिता का आयोजन आइआइटी खड़गपुर द्वारा किया जाता है, जिसमें देशभर के आइआइटी, एनआइटी और सरकारी और निजी तकनीकी कॉलेज भाग लेते हैं। वालीबॉल प्रतियोगिता में एसबीयू रांची ने आइआइटी खड़गपुर, आइआइटी भुवनेश्वर, आइआईटीआइ एसएम धनबाद, आइआइटी पटना, आइआइइएसटी शिवपुर और मैनेजमेंट कॉलेज ऑफ मरीन कोलकाता को हराया। फाइनल मुकाबला आइआइटी. खड़गपुर के साथ रहा। एसबीयू रांची के शाहदेव को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। एसबयू रांची के कोच सुभाष शाहदेव और मैनेजर राहुल रंजन ने बताया कि एसबीयू रांची बिना कोई सेट हारे प्रतियोगिता का विजेता बना। एसबीयू के खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखते हुए वालीबॉल खेल को लेकर आइआइटी खड़गपुर ने एसबीयू रांची के साथ एमओयू करने का प्रस्ताव दिया है, जिस पर जल्द ही सारी औपचारिकताएं पूरी की जायेंगी। टीम की सफलता पर कुलपति डॉ गोपाल पाठक ने खिलाड़ियों को बधाई दी। जीत पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि एसबीयू में शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद के क्षेत्र में भी हमारे बच्चे आगे बढ़ें इसका ख्याल रखा जायेगा। बच्चों का सर्वांगीण विकास हो, यही विश्वविद्यालय का प्रयास है।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों की अनुभवात्मक यात्रा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्र कुशलपल्ली रिजॉर्ट अयोध्या हिल्स, पुरुलिया गए। यह एक समृद्ध अनुभवात्मक यात्रा थी। छात्रों के लिए छऊ नृत्य का आयोजन पारंपरिक लोक-संगीत और नृत्य के इतिहास और उसकी संस्कृति से परिचित कराने के लिए किया गया। इसके बाद उन्होंने पूल पार्टी और एकता की भावना से भरपूर क्रियाकलाप में भाग लिया। रात्रि में डीजे नाइट का आनंद लेने के साथ दिन का समापन हुआ। छात्रों के लिए एकता, टीम भावना, समय प्रबंधन और अनुशासन सीखने का यह एक अनोखा अनुभव था। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने विद्यालय के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि भविष्य में इस तरह के भ्रमण कार्यक्रमों का आयोजन हो। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने पूरी टीम को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यात्रा के अनुभव हमें आनंद के साथ शिक्षा भी प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की यात्रा से छात्र स्वतंत्रता और अनुशासन का महत्व भी सीखेंगे।

## शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने स्थापित किया नया कीर्तिमान



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के सीबीएसई स्कूलों में अग्रणी शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने 'नेशनल मेगा फाइनल ऑफ विज नेशनल स्पेल बी' 2022-23 में स्थापित किये नये कीर्तिमान मलक हसन खान 'नेशनल लेवल' पर ग्यारहवां स्थान प्राप्त कर रांची टॉपर बनी। विद्यालय के 21 छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बढ़ाई विद्यालय की गरिमा। शारदा ग्लोबल स्कूल ने अपनी स्थापना के मात्र सात वर्षों में शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्तर पर जो प्रतिष्ठा अर्जित की है, वह अद्भुत है, क्योंकि इस विद्यालय के छात्र नित नये-नये कीर्तिमान स्थापित कर विद्यालय की गरिमा एवं प्रतिष्ठा पूरे रांची में ही नहीं, बल्कि झारखंड से बाहर अन्य प्रदेशों में भी प्रतिष्ठित कर रहे हैं और विद्यालय पहले से प्रतिस्थापित प्रतिष्ठित विद्यालयों की ओर अग्रसित हो चुका है। विद्यालय में विद्यालय स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित स्पर्धाएं छात्रों की क्षमता को जहां निखारती हैं, वहीं उनके मनोबल का उत्साहवर्धन भी करती है। विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरूप और प्राचार्या जसमीत कौर ने विजयी छात्रों को मेडल एवं सर्टिफिकेट्स देकर उनकी सफलता पर बधाई दी तथा आगे आने वाले समय में और भी बेहतर और श्रेष्ठतम देने की प्रेरणा दी। छात्रों की इस उपलब्धि पर समस्त शारदा ग्लोबल परिवार हर्षित है। उन्होंने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## नगर आयुक्त से मिला रांची महानगर श्री दुर्गापूजा समिति का प्रतिनिधिमंडल



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष डॉक्टर अजीत सहाय के नेतृत्व में एक दल रांची नगर निगम के नगर आयुक्त अमित कुमार से उनके कार्यालय में जाकर मिला। दुर्गा पूजा में पंडाल भ्रमण हेतु आमंत्रण भी दिया। नगर आयुक्त को दुर्गा पूजा से संबंधित एक ज्ञापन सौंपते हुए डॉक्टर सहाय ने बड़ा तालाब, लाइन तालाब एवं कांके डैम जैसे जहां भी मां भगवती की प्रतिमाओं का विसर्जन होता है, वहां संपूर्ण सफाई करवाने का आग्रह किया। तालाब के पहुंच पथ की मरम्मत एवं जनरेटर के साथ विद्युत व्यवस्था करने के साथ-साथ एनडीआरफ की टीम की प्रति नियुक्ति तथा पंडाल में डस्ट की व्यवस्था एवं साफ सफाई, संवेदनशील स्थानों में प्राथमिकता देते हुए खराब पड़ी लाइटों की मरम्मत, पूरे पूजा तक जलापूर्ति की व्यवस्था की मांग की गयी। उपरोक्त प्रतिनिधिमंडल में महानगर समिति के डॉक्टर अजीत सहाय, प्रदीप राय बाबू, राजन वर्मा, रवींद्र वर्मा, उज्जवल तिवारी, राणा रणधीर, अशोक यादव, कमलेश यादव आदि शामिल थे। यह जानकारी अगर समिति के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप राय बाबू ने दी।

## आभूषणों की बनवायी पर फ्लैट 50 फीसदी की छूट



**रांची (आजाद सिपाही)।** इस नवरात्र में, एसी मार्केट चर्च कॉम्प्लेक्स स्थित टीबीजेड दी ओरिजिनल की ओर से प्रेसवार्ता आयोजित की गयी। बताया गया कि कई बेहतरीन ऑफर ग्राहकों के लिए लाये गये हैं। इसमें सोने के आभूषणों की बनवाई पर फ्लैट 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है और हीरे के आभूषणों पर कोई बनवायी नहीं ली जा रही है। प्रेस को संबोधित करते हुए, स्टोर प्रबंधक ने बताया कि इस वर्ष खास नवरात्र और धनतेरस को देखते हुए विशेष सोने के एंटीक, टेंपल और मीनाकारी आभूषण लाये गये हैं, जो रांची वासियों को काफी पसंद आयेंगे। इस मौके पर फ्रेंचाइजी ऑनर संजय राजगढ़िया, संचित राजगढ़िया, स्टोर मैनेजर निधि शरण और मार्केटिंग मैनेजर रवि सिन्हा उपस्थित थे।

# बयान दर्ज कराने कोर्ट नहीं पहुंचीं अमीषा पटेल

### सीआरपीसी की धारा 311 के तहत पिटीशन दाखिल की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल से जुड़े चेक बाउंस केस में रांची सिविल कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट डीएन शुक्ला की कोर्ट में अमीषा पटेल की ओर से सीआरपीसी की धारा 311 के तहत पिटीशन दाखिल की गयी। यह पिटीशन गवाह को दोबारा बुलाने के लिए दाखिल किया जाता है। अमीषा पटेल की ओर से पहले गवाह अजय सिंह उर्फ तिंकु सिंह को दोबारा बुलाने का आग्रह किया गया था। अजय सिंह की ओर से अधिवक्ता स्मिता पाठक उपस्थित हुईं। उम्मीद जतायी जा रही थी कि सोमवार की सुनवाई के दौरान अमीषा पटेल कोर्ट में सशरीर उपस्थित होकर अपना बयान दर्ज करवायेंगी, लेकिन वह कोर्ट में उपस्थित नहीं हुईं। हालांकि पिछले दिनों अमीषा पटेल इस केस में कोर्ट में हाजिरी लगा चुकी हैं।

**साल 2017 से चल रहा है चेक बाउंस का केस**

बता दें कि अमीषा पटेल पर चेक बाउंस का केस चल रहा है। यह मामला वर्ष 2017 का है। आरोपों के मुताबिक, फिल्म देसी मैजिक बनाने के नाम पर अजय सिंह ने ढाई करोड़ रुपये अमीषा पटेल के खाते में ट्रांसफर कर दिये। अजय कुमार सिंह लवली वर्ल्ड इंटरटेनमेंट के प्रोपराइटर हैं। फिल्म नहीं बनाने और पैसे वापस नहीं होने के बाद अजय कुमार सिंह ने निचली अदालत में शिकायतवाद दर्ज कराया। इसमें कहा गया है कि अमीषा पटेल ने उनके साथ धोखाधड़ी की है।

## विकास पब्लिक स्कूल पुंदाग में इंटर हाउस क्विज प्रतियोगिता आयोजित



**रांची (आजाद सिपाही)।** विकास पब्लिक स्कूल पुंदाग, रांची में इंटर हाउस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा एक से दशम के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत चारों हाउस टैगोर ,तिलक, आजाद, गांधी को चार अलग अलग वर्ग में बांटने के साथ हुई। कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों से झारखंड राज्य तथा भारत देश से संबंधित सवाल पूछे गये। कक्षा एक से पांच में तिलक हाउस प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर आजाद हाउस का कब्जा रहा। कक्षा छह से दशम के छात्रों से सवाल विज्ञान से पूछा गया। इस ग्रुप में प्रथम स्थान गांधी हाउस तथा द्वितीय स्थान टैगोर को हासिल हुआ। विद्यालय निदेशक संजय कुमार ने प्रथम स्थान लाने वाले हाउस को जीत की शुभकामनाएं दीं तथा अन्य छात्रों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय प्रधानाचार्या रेखा देवी, सचिव विकास गौरव, को ऑर्डिनेटर अंशु तिवारी शिक्षक अभिजीत कुमार, बबिता कुमारी, शकुंतला सिंह, पम्मी आदर्श, संजोय पाठक, अविनाश कुमार सिंह, प्रीति एंदवार, नेहा, आरती, रेशमा बेगम, वंदना, नमिता पॉल, निशा कुमारी का योगदान सराहनीय रहा।

## पुलिसकर्मियों को दिलायी गयी बाल विवाह मुक्त अभियान शपथ, साढ़े पांच साल में 34 मामले आये

**रांची (आजाद सिपाही)।** बाल विवाह मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत गोंदा थाना परिसर में सोमवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर रवि ठाकुर की अध्यक्षता में बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत सभी पुलिसकर्मियों को शपथ दिलायी गयी। सभी ने शपथ ली कि वे अपने क्षेत्र को बाल विवाह मुक्त बनाने का कार्य करेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन सत्यार्थी फाउंडेशन और चाइल्ड राइट्स फाउंडेशन रांची के सहयोग से किया गया। झारखंड में पिछले साढ़े पांच साल में बाल विवाह के 34 मामले सामने आये हैं। इनमें साल 2018 में सात, 2019 में तीन, साल 2020 में छह, साल 2021 में सात, साल 2022 में पांच और साल 2023 में जून महीने तक छह मामले सामने आये हैं। इनमें से 21 मामलों का निष्पादन किया गया और 13 मामले निष्पादन के लिए लंबित हैं। इसके अलावा बाल विवाह में शामिल 70 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भी भेजा गया है।

## डॉक्टर आनंद रंजन बने भगवा सेना के मुख्य संयोजक



**रांची (आजाद सिपाही)।** भगवा सेना की एक अहम बैठक अमित सोनी की अध्यक्षता में बाबा अस्पताल के हॉल में की गयी। बैठक में मुख्य संयोजक डॉक्टर आनंद रंजन को बनाया गया। उन्होंने कहा कि हमें जो जिम्मेदारी सौपी गयी है, वे उसका पूरी निष्ठा से पालन करेंगे। भगवा सेना के द्वारा इस पद की जिम्मेदारी देना और भी जवाबदेही भरा काम होगा। उन्हें मुख्य संयोजक बनने पर सेना प्रमुख अमित सोनी, संरक्षक मंजीत सिंह, मंटु सिंह, गौतम रीत राज, रवि कुमार पिंकु और जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, महानगर अध्यक्ष अंकित वर्मा, उपाध्यक्ष राहुल विश्वकर्मा, बंटी सोनी, आर्य सिंह, करण पाठक, रंजीत सिंह, भूपेंद्र सिंह सहित अन्य लोगों ने बधाई दी।

## झारखंड हाइकोर्ट से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को राहत बरकरार

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट में भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे की याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत ने निशिकांत दुबे को मिली राहत को बरकरार रखने का फैसला सुनाया है। उनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को 12 दिसंबर तक विस्तार दिया। सांसद निशिकांत दुबे ने सचिवालय घेराव के दौरान धुर्वा थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने के लिए याचिका दाखिल की थी। निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने पक्ष रखा। इस मामले में अदालत अब 12 दिसंबर को सुनवाई करेगा। मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल कर दिया गया है, जिसका याचिकाकर्ता को प्रतिउत्तर देना है। इस साल के अप्रैल माह में भाजपा के सचिवालय घेराव कार्यक्रम में हुए उपद्रव के बाद तीन पूर्व मुख्यमंत्री, पांच सांसद समेत 41 लोगों पर धुर्वा थाना में केस दर्ज किया गया था, जिसकी कांड संख्या 107/2023 है। आरोपितों पर उपद्रव करने, दंगा भड़काने, सरकार के निदेशों का उल्लंघन करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, अपराध के लिए उकसाने और दूसरे व्यक्ति को नुकसान पहुंचाने से संबंधित धाराएं लगायी गयीं।

## डीपीएस रांची में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम और पंजीकरण शिविर का आयोजन

**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य भर में मुख्य निर्वाचक पदाधिकारी, झारखंड के नेतृत्व में जागरूकता कार्यक्रम एवं मतदाता पंजीकरण शिविर चलाया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य भावी मतदाताओं को पंजीकृत कर लोकतंत्र में युवा मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाना है। दिनांक 16 अक्टूबर 2023 को भावी मतदाताओं के लिए डीपीएस रांची में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अलावा मतदाता पंजीकरण शिविर का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के बारहवीं कक्षा के 700 से अधिक छात्र- छात्राओं शिक्षकों ने फॉर्म 06 भर कर पंजीकरण कराया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ राम सिंह ने उक्त कार्यक्रम को सराहा और उन्होंने छात्र छात्राओं को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित भी किया।

## विनेक्स क्लब श्री दुर्गा पूजा समिति बरियातू हाउसिंग कॉलोनी में नशा मुक्ति का अनुरोध करते दिखेंगी मां दुर्गा




**रांची (आजाद सिपाही)।** प्रत्येक वर्ष विनेक्स क्लब श्री दुर्गा पूजा समिति अलग-अलग थीम पर पूजा का आयोजन करती रही है। इसी कड़ी में इस वर्ष नशा मुक्ति की थीम पर पूजा पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। पांडाल में मां दुर्गा विराजमान होकर सभी भक्तों से नशा मुक्ति का अनुरोध करती दिखायी देंगी। इस पंडाल के माध्यम से समाज को जगाने और जागरूक करने का एक मार्मिक संदेश देने का प्रयास किया गया है। इस पंडाल के अंदर माता की 11 फीट की प्रतिमा विराजमान रहेगी, जो भक्तों से नशा छोड़ने का अनुरोध करती दिखेंगी। पंडाल का निर्माण बंगाल के कारीगरों द्वारा किया जा रहा है। जबकि मूर्ति का निर्माण स्थानीय कारीगरों द्वारा किया जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए क्लब के अध्यक्ष राजकिशोर ने बताया कि इस वर्ष पूजा के आयोजन का 53वां साल हो रहा है और पूरे पूजा पर करीब 20 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है। इस आयोजन के लिए पूरी समिति इस प्रकार है। मुख्य संरक्षक - संजय मिनोचा , संरक्षक -सुनील सिंह, अनिल सिन्हा, विनोद चौधरी, प्रकाश चंद्र सिन्हा, कमलेश तिवारी, बहादुर शार्दुल, चंद्रशेखर प्रसाद, धनञ्जय पाठक, अजय वर्मा, निशांत सिन्हा, सौरभ दास, अमित सिन्हा, राजेश्वर सिंह। अध्यक्ष -राजकिशोर प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष -कुलदीप राज, वरीय उपाध्यक्ष -रवि प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष-बिजेंदर सिंह, कुमार प्रत्युश, महामंत्री - रणधीर सिंह, मंत्री -प्रिंस कुमार पांडेय, कल्याण दास, कोषाध्यक्ष -सुनील कुमार (बॉबी), सह कोषाध्यक्ष -हिमांशु कुमार, पूजा पंडाल प्रमुख - जितेंदर सिंह, प्रसाद प्रभारी - संतोष कुमार, मीडिया प्रभारी- संदीप सिन्हा, पुरोहित - सचिदानंद पांडेय। इसके अलावा 21 कार्यसमिति सदस्य का भी चयन किया गया है।

## मानव अधिकार शिक्षा में एमए में नामांकन प्रारंभ

**रांची (आजाद सिपाही)।** स्नातकोत्तर समाजशास्त्र विभाग, रांची विश्वविद्यालय, रांची के द्वारा संचालित मानव अधिकार शिक्षा में एमए करने के इच्छुक अभ्यार्थी किसी भी विषय से स्नातक (45 अंकों) उत्तीर्ण छात्रों के लिए यह विषयवस्तु अति नवीन विषयवस्तु है। आनेवाले दिनों में यूजीसी के अनुसार महाविद्यालय में पढाई प्रारंभ होनेवाली है। नामांकन फर्म स्नातकोत्तर समाजशास्त्र विभाग, रांची विश्वविद्यालय, रांची से नकद रु. 400/ 500 भुगतान करने के बाद प्राप्त कर सकते है। विशेष जानकारी के लिए कार्यालय अवधि में 8986615069 पर संपर्क कर सकते हैं।

### सर सैयद अहमद खान के जन्म दिवस 17 अक्टूबर पर विशेष

## सैयद अहमद खान ने आधुनिक समाज में मुसलमानों को खड़ा किया : सरफे आलम

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** समाजसेवी सरफे आलम ने कहा कि मुस्लिम समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने में दो व्यक्तियों का रोल अहम रहा। सर सैयद अहमद खान और मौलाना अबुल कलाम आजाद। सर सैयद अहमद खान जिन्होंने देखा कि मुस्लिम समाज शिक्षा के क्षेत्र में अन्य समाज से काफी पीछे हैं तो इन्होंने मुसलमान के बीच धार्मिक शिक्षा के साथ पश्चिमी शिक्षा अर्थात आधुनिक शिक्षा के माध्यम से मुसलमान को आधुनिक समाज में खड़ा किया। सर सैयद 19वीं सदी के प्रभावशाली व्यक्तियों में से थे जिन्होंने आधुनिक भारतीय इतिहास को एक आकार दिया और आजीवन लोकतांत्रिक आदर्श और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के पक्षधर रहे 17 अक्टूबर 1817 को उनके जन्मदिवस को सर सैयद डे के रूप में मनाया जाता है। सर सैयद अहमद खान अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी की स्थापना करें मुसलमान को आधुनिक और वैज्ञानिक रूप से शिक्षित किया शिक्षा के प्रति उनकी निष्ठा को देखते हुए उन्हें सर की उपाधि से सुशोभित किया गया। उन्होंने कहा कि 17 अक्टूबर को हम उनके जन्मदिन पर अपने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इस महान शिक्षाविद को नमन करते हैं।

# 28 अक्टूबर को हरमू मैदान में होगा संकल्प यात्रा का समापन : प्रदीप वर्मा

**रांची, हटिया, कांके, मांडर, खिजरी और तमाड़ विधानसभा क्षेत्र की जनता और कार्यकर्ता होंगे शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की राज्यव्यापी संकल्प यात्रा का समापन कार्यक्रम आगामी 28 अक्टूबर को हरमू मैदान रांची में आयोजित होगा। उक्त जानकारी यात्रा के संयोजक और प्रदेश महामंत्री सह मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने दी। श्री वर्मा ने कहा कि राज्य सरकार की नाकामियों, विफलताओं, राज्य में व्याप्त सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार, ध्वस्त विधि व्यवस्था, बेरोजगारी, महिला उत्पीड़न, खनिजों की लूट, तुष्टिकरण के खिलाफ 17 अगस्त से प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल के नेतृत्व में संकल्प यात्रा प्रारंभ हुई। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष ने राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में जाकर जनता से सीधा संवाद स्थापित करते हुए राज्य की स्थिति को बताने का संकल्प लिया था, लेकिन प्रदेश अध्यक्ष की यह संकल्प यात्रा जनता के अपार समर्थन से जन संकल्प यात्रा में बदल गयी। उन्होंने कहा कि अब तक 71 विधानसभा क्षेत्र में यह यात्रा आठ चरणों में संपन्न हो चुकी है। बरसात के मौसम में भी जिस प्रकार से जनता राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष को सुनने के लिए उमड़ी, उससे स्पष्ट है कि जनता हेमंत सरकार के कारनामों से ऊब चुकी है। डॉ वर्मा ने कहा कि अभी दशहरा के कारण यात्रा अवकाश है। और आगामी 28 अक्टूबर को रांची के हरमू मैदान में यात्रा का समापन कार्यक्रम होगा। समापन कार्यक्रम में छह विधानसभा क्षेत्र रांची, हटिया, कांके, मांडर, खिजरी और तमाड़ विधानसभा क्षेत्र की संयुक्त सभा होगी, जिसमे हजारों कार्यकर्ता और जनता जुटेगी।

**मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम का भी होगा समापन**

**प्रदेश के 263 प्रखंडों और 49 नगर निकायों से कुल 312 कलश पहुंचेगा रांची**

डॉ वर्मा ने कहा कि संकल्प यात्रा के साथ ही पूरे प्रदेश में पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम भी चलाया जा रहा था, जिसमें अमृत वाटिका के निर्माण के लिए गांव-गांव से मिट्टी, शहीद स्थल, शहीदों के गांव, ऐतिहासिक स्थलों से कलश में भर कर मिट्टी संग्रह की गयी है। उन्होंने कहा कि ऐसे सभी 263 प्रखंड और 49 नगर निकाय क्षेत्र को मिला कर 312 कलश 28 अक्टूबर को सम्मानपूर्वक रांची हरमू मैदान पहुंचेगा। जिन्हें नयी दिल्ली के लिए रवाना किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह संयुक्त कार्यक्रम राज्य की सवा तीन करोड़ जनता को एक नया संदेश और नयी प्रेरणा से भर देगा। डॉ वर्मा ने कहा कि समापन कार्यक्रम की तैयारी जोर शोर से चल रही है। पूजा के साथ कार्यकर्ता कार्यक्रम की तैयारी में भी जुटे हैं।

# 20 अक्टूबर से भारी वाहनों का प्रवेश चार दिनों के लिए निषेध

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में दुर्गा पूजा के समय पंडालों में घूमने के दौरान यातायात व्यवस्था सुगम रहे और कहीं भी भीड़ न लगे, इसके लिए शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव रहेगा।

रांची में 20 अक्टूबर से भारी वाहनों का प्रवेश चार दिनों के लिए बंद रहेगा। वहीं मेन रोड में शाम चार बजे से अगले दिन सुबह चार बजे तक छोटे वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। शाम चार से सुबह चार बजे तक न्यू मार्केट चौक से किशोरगंज चौक तक छोटे वाहन नहीं जा सकेंगे। पिस्का मोड़ से हजारीबाग रोड की ओर जाने वाली बड़ी गाड़ियां तिलता चौक, रिंग रोड, लॉ यूनिवर्सिटी होकर जा सकेंगी। हजारीबाग रोड से लातेहार, पलामू, गढ़वा की ओर जाने वाली गाड़ियां रिंग रोड, तिलता चौक होते हुए जायेंगी। खूंटी की ओर से आने वाले बड़े वाहन रिंग रोड होते हुए हजारीबाग की ओर जा सकेंगे। जमशेदपुर से आने वाले भारी वाहनों का भी परिचालन रिंग रोड से होगा। जाम ना लगे इसके लिए 400 अतिरिक्त जवान तैनात किये जायेंगे। दुर्गा पूजा के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखने को लेकर शहर के कई रूटों में बदलाव किये गये हैं।

## युवा दस्ता का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

# युवा दस्ता, जिला प्रशासन और दर्शनार्थियों के बीच कड़ी का काम करेगा : अनूप बिरथरे

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** युवा दस्ता का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर सोमवार को रांची के करमटोली स्थित प्रेस क्लब रांची में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीआइजी रांची अनूप बिरथरे, उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा, एसएसपी रांची चंदन कुमार सिन्हा, सिटी एसपी रांची राज कुमार मेहता और विशिष्ट अतिथि युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा उपस्थित थे। सभी अतिथियों का भव्य स्वागत मुन्ना बड़ाइक, राकेश सिंह, सुमित साहू, शाहिल कुमार ने चुनड़ी न ओढ़ा कर किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश गुप्ता छोटू एवं संचालन पीयूष आनंद और धन्यवाद ज्ञापन मदन साहू ने किया।

प्रशिक्षण शिविर में श्री दुगार्पूजा महोत्सव को सफल बनाने के लिए सभी क्षेत्रीय प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में होनेवाली कठिनाइयों की जानकारी बैठक में सभी लोगों के समक्ष रखी, जिसमे मुख्य रूप से यातायात एवं बिजली व्यवस्था के कारण होनेवाली परेशानियों से अवगत कराया। प्रशिक्षण शिविर में डीआइजी अनूप बिरथरे ने युवा दस्ता के सदस्यों को कहा कि युवा दस्ता, जिला प्रशासन एवं दर्शनार्थियों के बीच कड़ी का काम करेगा। प्रत्येक पंडाल में जिला प्रशासन के सहयोग के लिए तैनात रहेंगे और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी ना हो, इस बात का ध्यान रखेंगे। उपायुक्त ने कहा कि पिछले वर्ष भी युवा दस्ता ने पूजा महोत्सव को सफल बनाने में अहम भूमिका निभायी और हम आशा करते हैं कि इस वर्ष भी युवा दस्ता का सहयोग मिलेगा और हम लोग मिल कर महोत्सव को सफल बनायेंगे। एसएसपी ने कहा कि युवा दस्ता के सदस्य पुलिस प्रशासन की आंख और कान का काम करेंगे।

युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा ने कहा कि युवा दस्ता के सभी सदस्य पूजा पंडाल में तैनात रहेंगे और साथ ही श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों की सेवा के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। राजेश गुप्ता छोटू ने कहा कि अगर किसी तरह की परेशानी दर्शनार्थियों को होती है, तो तुरंत युवा दस्ता के सदस्यों से संपर्क करें, वे लोग आपकी सहायता के लिए तैयार हैं एवं किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या लावारिश वस्तु को देखें तो तुरंत पुलिस प्रशासन से संपर्क करें।

इस मौके पर शशांक राज, उपेंद्र रजक, लंकेश सिंह, राहुल सिन्हा चंकी, मुकेश कंचन, मनीष साहू, राजेश राम, अमित केसरी, टिंकू महतो, सोनू भारद्वाज, ओम प्रकाश शर्मा, अभिनव पासवान, सागर कुमार, सोनू पटवा, ज्योति शंकर साहू और मनीष केसरी ने अपने विचार रखे।

# बिल्डर सलीम खान से मांगी गयी दो करोड़ की रंगदारी

**घर में हथियार लेकर घुसे 15 लोग, कहा-घर में घुस कर मारेंगे गोली**

**पैसा नहीं दिया तो अपना, पत्नी और बच्चे का कफन तैयार रखना**

**बिल्डर ने नामकुम थाना में दो पर नामजद और अन्य अज्ञात के विरुद्ध दर्ज करायी प्राथमिकी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नामकुम थाना क्षेत्र के लोवाडीह मौलाना आजाद कॉलोनी में रहने वाले रियल एस्टेट कारोबारी एवं बिल्डर मो.सलीम खान से दो करोड़ की रंगदारी मांगी गयी है। इस संबंध में बिल्डर ने नामकुम थाने में दो के विरुद्ध छोटन एवं रिज्जू पर नामजद व अन्य 13 अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में बताया है कि 8 अक्टूबर की रात 9 से 9.15 बजे के बीच स्थानीय कुख्यात अपराधी छोटन, जो इलाही नगर पुंदाग में रहता है, अपने सहयोगी मौलाना आजाद कॉलोनी निवासी रिज्जू अन्य 13 लोगों के साथ बाइक एवं ऑटो से उनके घर पहुंचा। सभी उनके घर का मेन गेट खोलते हुए सीधे अंदर पहुंच गये। छोटन के हाथ में पिस्तौल थी। उसके अन्य सहयोगियों ने भी अपने हाथ में पिस्टल एवं अन्य घातक हथियार ले रखे थे। आरोप है कि छोटन उनके घर में घुसने के बाद सीधे उनके कमरे में पहुंच गया। वह उन्हें धमकी देने लहा कि दो करोड़ ंगदारी देना होगा। जब वह धमकी के रहा था, उस समय कमरे में मो सलीम की पत्नी भी वहीं खड़ी थी।

छोटन ने मो सलीम को धमकी देते हुए कहा कि अगर पैसे नहीं दिए, तो तुम अपना, पत्नी व बच्चे का कफन तैयार रखना। फिर उसने कहा कि घर में घुस कर गोली मारेंगे। उसने सलीम को भद्दी भद्दी गालियां भी दी। दर्ज प्राथमिकी में सलीम ने बताया है कि छोटन एक कुख्यात अपराधकर्मी है। उसके सहयोगियों का भी पुराना आपराधिक इतिहास रहा है।

इस घटना के बाद मो सलीम का परिवार पूरा डरा हुआ है। उनके साथ कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है। उनके घर में धमकी देने की जो घटना हुई है, पूरी उनके यहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गया है। घटना का मो सलीम के घर वालों ने मोबाइल से भी वीडियो बनाया था। जिसे नामकुम थाना को उपलब्ध कराया गया है। पुलिस भादवि की धारा 451, 387, 504, 506 व 34 के तहत मामले की छानबीन कर रही है। इससे पहले भी कई बिल्डरों से आपराधिक गिरोह से सदस्यों ने रंगदारी मांगी है। मामले की छानबीन नामकुम थाना के दारोगा अविनाश राज कर रहे है।

पुंदाग के बिल्डर से इसी साल अगस्त महीने में 25 लाख रुपये की रंगदारी जेजेएमपी के नाम पर मांगी गई थी। हालांकि रंगदारी लेने के दौरान एटीएस ने जेजेएमपी के सूरज लोहरा के एक सहयोगी देव सागर खलखो को गिरफ्तार किया था।

# उधार के सिंदूर से दुल्हन बनना चाहती है भाजपा : झामुमो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा की ओर से अमर बाउरी को विधायक दल का नेता और जेपी भाई पटेल को पार्टी का सचेतक बनाये जाने पर झामुमो, कांग्रेस और राजद ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि ये नेता उधार के सिंदूर हैं, जिनकी दुल्हन भाजपा बनना चाहती है। उन्हें यह भी सोचना चाहिए कि वे कब तक भाजपा के साथ रहेंगे, जो विधायक हमारा नहीं हुआ, तो भाजपा का क्या होगा।

उन्होंने कहा कि उनकी चिंता नीलकंठ सिंह मुंडा जैसे समर्पित भाजपा नेताओं को लेकर नहीं है। अब जिन्हें आप दूसरे दलों से लाये हैं, उन आयातित नेताओं के अंदर रहकर संगठन से लेकर सदन तक की राजनीति करनी होगी। मनोज पांडेय ने कहा कि जो लोग पांच साल तक दूसरे दलों के नेता के रूप में काम कर रहे थे, मोदी की आलोचना करते थे, उन्हें आज महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मिल गयी हैं। जबकि नीलकंठ सिंह मुंडा व अनंत ओझा जैसे समर्पित विधायक हाशिये पर हैं।

### भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को अपने लोगों पर भरोसा नहीं : कांग्रेस

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने भाजपा विधायक दल के नये नेता अमर बाउरी और सचेतक जेपी भाई पटेल को बधाई देते हुए कहा कि अब यह स्पष्ट हो गया है कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को अपने लोगों पर भरोसा नहीं है। जिस तरह से भाजपा में उधार पर लाने वालों को तरजीह दी जा रही है, वास्तव में यह पार्टी विद डिफरेंस ही ऐसा कर सकती है।

### दल बदलुओं के सहारे भाजपा नैया पार करना चाहती है: राजद

झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने भाजपा के विधायक दल के नेता और सचेतक बनाये जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा दल बदलुओं और दूसरे दल से आये नेताओं के भरोसे चुनावी नैया पार करना चाहती है जो नामुमकिन है।

## लैंड स्कैम : रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन ने इडी कोर्ट में दाखिल की जमानत अर्जी



रांची (आजाद सिपाही)। लैंड स्कैम के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन ने रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) के स्पेशल कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है। इससे पहले उन्होंने लैंड स्कैम से जुड़े दूसरे केस में जमानत अर्जी दाखिल की थी, जिसे खारिज करते हुए अदालत ने उन्हें बेल देने से इंकार कर दिया था। दरअसल इडी रांची में लैंड स्कैम से जुड़े दो मामलों की जांच कर रहा है। दोनों ही मामलों में छवि रंजन को अभियुक्त बनाया गया है। फिलहाल जिस केस में उन्होंने जमानत अर्जी दाखिल की है, वह चेशायर होम रोड में फर्जी दस्तावेज के सहारे जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़ा है। छवि रंजन फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

## आज मनाया जायेगा सर सैयद दिवस


SIR SYED AHMAD KHAN

रांची (आजाद सिपाही)। लेक व्यू हॉस्पिटल, बरियातू में सर सैयद दिवस 17 अक्टूबर को धूमधाम से मनाया जायेगा। यह निर्णय रविवार को हुई बैठक में लिया गया। समारोह की अध्यक्षता डॉ नसीम अख्तर करेंगे। डीजीपी अजय कुमार सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। वहीं सम्मानित अतिथि में झारखंड के महाधिवक्ता राजीव रंजन एवं बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित उर्दू विद्वान आफताब अहमद अफाकी शिरकत करेंगे। इस मौके पर इसरार अहमद खान, संयोजक, विरासत हुसैन खान, कोषाध्यक्ष शाहनवाज अख्तर, इबरारुल होदा, शरबील अहमद, आमिर अनस, मो जामी, तबरेज, अजीज, तबरेज अख्तर शामिल थे।

## सहकार भारती क्रेडिट सोसाइटी के राष्ट्रीय अधिवेशन को लेकर लगाये पोस्टर

रांची (आजाद सिपाही)। सहकार भारती क्रेडिट सोसाइटी का राष्ट्रीय अधिवेशन 2 और 3 दिसंबर को दिल्ली के कृषि भवन में आयोजित है। सोमवार को राष्ट्रीय अधिवेशन को लेकर सहकार भारती के जिला अध्यक्ष राकेश चौधरी और जिला के अन्य पदाधिकारियों ने क्रेडिट सोसाइटी में जाकर संपर्क किया और दिल्ली चलो का पोस्टर लगाने का काम किया। पोस्टर लगाने और संपर्क करने में जिला अध्यक्ष के साथ गृह निर्माण समिति के प्रमुख सुजीत झा, आनंद तिवारी, भारती चौधरी, आनंद कुमार विशेष रूप से शामिल थे। मौके पर राकेश चौधरी ने कहा कि यह अधिवेशन कैश क्रेडिट समितियों के लिए एक वरदान का काम करेगा।

## मारवाड़ी सहायक समिति ने संजय सर्राफ को सम्मानित किया



रांची (आजाद सिपाही)। मारवाड़ी सहायक समिति रांची द्वारा सामाजिक एवं मीडिया के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं कुशल कार्यों के लिए मारवाड़ी सहायक समिति के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी सह सामाजिक कार्यकर्ता संजय सर्राफ को वर्ष 2021-23 के लिए विशिष्ट सम्मान से सम्मानित किया गया। मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया ने संजय सर्राफ को मोमेंटो, पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र ओढ़ाकर कर सम्मानित किया। अशोक कुमार नारसरिया ने बधाई देते हुए कहा कि संजय सर्राफ ने विगत कई वर्षों से सामाजिक कार्यों एवं मीडिया के क्षेत्र में उत्कृष्ट पहचान बनायी है। संजय सर्राफ को सम्मानित किया जाने पर सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बधाई दी है।

## सीसीएल का श्रवण जांच शिविर आज

रांची (आजाद सिपाही)। सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल गांधीनगर कांके रोड रांची में 17 अक्टूबर मंगलवार को प्रातः 9 बजे से नि:शुल्क श्रवण जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस चिकित्सीय शिविर का लाभ श्रवण रोग से प्रभावित मरीज ले सकते हैं। उक्त शिविर में मरीजों की जांच विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा की जायेगी तथा जरूरतमंद मरीजों को सीसीएल के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत मुफ्त श्रवण यंत्र प्रदान किया जायेगा। इस शिविर का लाभ उठाने के लिए मरीज अपने साथ पहचान पत्र, आय प्रमाण पत्र या लाल कार्ड अवश्य लायें।

## सीआइडी डीजी की समीक्षा बैठक आज से

रांची (आजाद सिपाही)। सीआइडी डीजी अनुराग गुप्ता 17 से 19 अक्टूबर तक समीक्षा बैठक करेंगे। इस दौरान अनुराग गुप्ता दुमका, हजारीबाग, रांची, पलामू, कोल्हान और कोयला क्षेत्र रेंज में पदस्थापित सीआइडी के डीएसपी और सभी जिलों में प्रतिनियुक्त सीआइडी टीम के प्रभारियों के साथ बैठक कर जेल कर्मी और पुलिसकर्मी द्वारा जेल में बंद अपराधियों की सहायता करने समेत अन्य मामलों पर चर्चा करेंगे।

## लार्सन एंड टुब्रो ने मूक बधिर विद्यालय में शौचालय का निर्माण और कंप्यूटर दिया



रांची (आजाद सिपाही)। मेकॉन फ्लाईओवर का निर्माण कार्य कर रही कंपनी लार्सन एंड टुब्रो ने निवाराणपुर स्थित मूक बधिर विद्यालय में सीएसआर के तहत शौचालय का निर्माण कराया। सोमवार को कंपनी ने बच्चों की पढ़ाई के लिए जरूरी यांत्रिक उपकरण भी दिये। इसमें छात्रों को कंप्यूटर की शिक्षा मिले इसके लिए 3 कंप्यूटर सेट भी लगाया। खाने के लिए लंच प्लेट, बच्चो के लिये स्कूल बैग भी वितरित किया गया। बच्चो की सेहत को देखते हुए नये शौचालयों का निर्माण कराया गया। इस सीएसआर कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रोजेक्ट हेड तेज बहादुर सिंह ने कंपनी के बारे में और सीएसआर एक्टिविटी के बारे में बताया। कार्यक्रम में मलय बनर्जी, प्रकाश मुदुली, दिगंबर जी, नीरज श्रीवास्तव, विनय चौधरी, पी पी पाल, संजय प्रधान, दिबेंदु आदि शामिल थे।

## बैंक ऑफ इंडिया झारखंड हाइकोर्ट शाखा के नये परिसर का उद्घाटन



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र ने सोमवार को बैंक ऑफ इंडिया झारखंड हाइकोर्ट शाखा के नये परिसर का उद्घाटन किया। मौके पर बैंक ऑफ इंडिया की ओर से पारस अस्पताल के सहयोग से नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर और शार्प साइट के सहयोग से नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार, नयी शाखा परिसर के उद्घाटन समारोह में जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद, जस्टिस डॉ एसएन पाठक, जस्टिस राजेश शंकर, जस्टिस अनुभा रावत, जस्टिस संजय द्विवेदी और जस्टिस प्रदीप श्रीवास्तव, बैंक ऑफ इंडिया रांची अंचल के उप आंचलिक प्रबंधक सुनीत कुमार, सहायक महाप्रबंधक रवि नंदन, लीना तिर्की, झारखंड हाइकोर्ट शाखा के मुख्य प्रबंधक लाल त्रिलोचन नाथ सहदेव, श्यामली शाखा के मुख्य प्रबंधक बृज मोहन संन्यासी, संसाधन संग्रहण विभाग प्रमुख अजय कुमार पांडेय, सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी अरुण जॉन प्राबल, संतोषी एमी केरकेट्टा, आंचलिक विपणन टीम समेत बैंक सहित हाइकोर्ट के स्टाफ और ग्राहक उपस्थित थे।

# जेसीआइ एक्सपो उत्सव को मिला बेहतर रिस्पांस, तीन लाख से अधिक लोग पहुंचे



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेसीआइ रांची द्वारा आयोजित एक्सपो उत्सव 2023 का सोमवार को समापन हुआ। सोमवार को अंतिम दिन भी लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान असुंता लकड़ा थी। संचालन आशीष भाला एवं अभिषेक नारनौलिय ने किया। रविवार को एक्सपो में डांस कंपटीशन एक्सपो धनक धिन धा का भी आयोजन हुआ। ट्रेनिंग कार्यक्रम के तहत देश के जाने माने लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर शिव खेड़ा को आमंत्रित किया गया था। उन्होंने सभी को अपने जीवन मे हमेशा सकारात्मत रहने को लेकर प्रेरित किया।

अध्यक्ष अरविंद राजगढ़िया ने कहा की आज वह बहुत खुश है की टीम जेसीआइ ने सफलता पूर्वक एक्सपो उत्सव 2023 का समापन किया। एक्सपो की सफलता का श्रेय रांची की जनता को जाता है।

एक्सपो चीफ कोऑर्डिनेटर संजय जैन ने एक्सपो की सफलता के लिए जेसीआइ एक्सपो टीम, रांची की जनता, सभी स्टॉलधारक एवं प्रेस एंड मीडिया को धन्यवाद दिया। उन्होंने को कोडिनेटर जेसी प्रतीक जैन, जेसी सनी केडिया, जेसी राहुल के साथ-साथ सभी जेसी साथियों के कार्यों को सरहाया। उन्होंने बताया की इस एक्सपो में देश विदेश से आये 305 स्टॉल, 3 लाख से अधिक लोगो ने शिरकत की।

सचिव जेसी तरुण अग्रवाल ने एक्सपो के सभी स्पॉन्सर को एक्सपो से जुड़ने के लिए धन्यवाद दिया और आभार प्रकट किया। चीफ कोऑर्डिनेटर संजय जैन ने स्टॉल धारकों को पुरस्कृत किया। बेस्ट डेकोर स्टॉल का अवार्ड जल एवं रनर अप तनु क्रिएशन। बेस्ट स्टॉल मैनेजमेंट का अवार्ड गणेश सेरामिक रनर अप पनारोमिक विंडो को मिला।

संजय जैन ने एक्सपो उत्सव में बेहतर काम करने वाले सभी सदस्यों को सम्मानित किया। एक्सपो भूषण विक्रम चौधरी, प्रवीण अग्रवाल, सौरभ साबू, देवेश जैन एवं सिद्धार्थ चौधरी को मिला। एक्सपो पद्माविभूषण संजय शर्मा एवं पंकज साबू को मिला। एक्सपो के सबसे बड़ा अवार्ड एक्सपो रत्न साकेत अग्रवाल को मिला।

मुख्य अतिथि असुंता लकड़ा ने 26वें एक्सपो उत्सव के इस सफल आयोजन के लिए जेसीआइ रांची को बधाई दी। एक्सपो में उन्होंने स्टॉल का भ्रमण किया। उन्होंने जेसीआई रांची को इस कृतिमान स्थापित करने के लिए बधाई दी। सचिव तरुण अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया। समापन कार्यक्रम में सभी पूर्व अध्यक्ष, पूर्व सचिव, पूर्व एक्सपो कोऑर्डिनेटर और सभी सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी एक्सपो उत्सव के मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ चौधरी एवं जेसीआइ रांची की प्रवक्ता प्रवीण अग्रवाल ने दी।

# सीबीआइ जांच में इडी के गवाह पंकज मिश्रा पर कसा शिकंजा

**साहिबगंज खनन घोटाला मामला**

**जांच एजेंसी ने कार्रवाई के लिए हाइकोर्ट से 'उचित' आदेश मांगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एक हजार करोड़ के साहिबगंज घोटाला मामले में सीबीआइ ने कहा है कि एजेंसी द्वारा की गयी प्रारंभिक जांच याचिकाकर्ता मुकेश यादव और अशोक यादव की इस दलील की पुष्टि करती है कि विजय हांसदा ने कई बार आरोपियों के प्रभाव में काम किया। झारखंड हाइकोर्ट में एक हलफनामा दायर कर सीबीआइ ने अदालत से 'न्याय के हित में उचित' आदेश पारित करने की मांग की है।

सीबीआइ ने कहा है कि हाइकोर्ट ने साहिबगंज के निम्बू पहाड़ में अवैध खनन का आरोप लगाते हुए विजय हांसदा द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए 18 अगस्त को एजेंसी को केवल नामित आरोपियों, पंकज मिश्रा और अन्य के आचरण की जांच करने का आदेश दिया था। विजय हांसदा ने याचिका में आरोप लगाया था कि पिछले ढाई साल से पत्थर माफिया उनके जिले के खनन अधिकारियों सहित सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध खनन कर रहे हैं। हांसदा ने पंकज मिश्रा की मौजूदगी में अवैध खनन का आरोप लगाया था और कहा था कि अधिकारियों ने शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की। इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय ने हाइकोर्ट को यह भी बताया था कि पंकज मिश्रा ही साहिबगंज में अवैध पत्थर खनन और उसके परिवहन को नियंत्रित करते हैं। हालांकि बाद में हांसदा ने अपना मामला वापस लेने के लिए एक याचिका दायर की, जिसे हाइकोर्ट ने अस्वीकार कर दिया।

# राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य धन्यकुमार जिंप्पा गुंडे को मांग पत्र सौंपा

**अल्पसंख्यकों के अधिकार और न्याय सुनिश्चित हो**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़े मुद्दों को लेकर आयोजित बैठक में भारत सरकार राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य धन्यकुमार जिंप्पा गुंडे शामिल हुये। झारखंड स्टेट गेस्ट हाउस रांची में सोमवार को आयोजित बैठक आमया के एस अली की अध्यक्षता में हुई। इसमें भारत सरकार के शहरी विकास मंत्रालय द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से दिल्ली प्रदेश में अवस्थित 123 वक्फ संपत्तियों को वापस लेने के निर्णय पर हस्तक्षेप करने। केंद्रीय वक्फ काउंसिल भारत द्वारा संचालित कौमी वक्फ बोर्ड तरक्कियाती स्कीम के तहत राज्यों के वक्फ बोर्ड में विभिन्न पदों पर कार्यरत कर्मचारी/अधिकारियों के पिछले 07 माह से बकाया वेतनमान दिलाने एवं रिक्त पदों पर बहाली करवाने। एसपीक्यूईएम योजना अंतर्गत देश के सभी राज्यों सहित झारखंड के 180 मदरसा में कार्यरत आधुनिक विषय शिक्षकों के वर्ष 2015 से 2024 तक का बकाया वेतनमान दिलवाने। केंद्रीय अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति का नियमित राशि का भुगतान करवाने ताकि छात्रवृत्ति के माध्यम से शिक्षा हासिल कर रहे है मेधावी एवं गरीब छात्रों की पढ़ाई प्रभावित ना हो। प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों व मान्यता प्राप्त मदरसों को शामिल करवाने ताकि पैसों के अभाव में जो अपने शैक्षणिक संस्थानों में आधारभूत संरचना का निर्माण नहीं कर पा रहे है वहां भी विकास कार्य के माध्यम से छात्रों को मूलभूत सुविधा मिल सके सहित दस सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। मौके पर अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम के परियोजना प्रबंधक राकेश कुमार, कल्याण पदाधिकारी संगीता शरण, आमया संगठन के सचिव नौशाद आलम, रांची शहर के विभिन्न इदारों और तंजीम के लोग शामिल थे।

# राज्यपाल से मिला विहिप का प्रतिनिधिमंडल

**झारखंड हिंदू धार्मिक ट्रस्ट बोर्ड अधिनियम को समाप्त करने और मंदिर पर राज्य के नियंत्रण से मुक्त करने की मांग की**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को राज्यपाल से मिला और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से झारखंड हिंदू धार्मिक ट्रस्ट बोर्ड अधिनियम को समाप्त करने और हिंदू देवी-देवताओं के मंदिर पर राज्य के नियंत्रण से मुक्त करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक ट्रस्ट बोर्ड अधिनियम को समाप्त करने के साथ हिंदू देवी-देवताओं के मंदिरों को झारखंड सरकार के नियंत्रण से मुक्त करने की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि हिंदुओं के धार्मिक संस्थानों पर राज्य सरकार का नियंत्रण 1947 से पहले की अंग्रेजी शासन की गुलामी के तहत ही है। 1947 में स्वतंत्रता के बाद हिंदू धर्म को छोड़कर अन्य सभी धार्मिक संस्थाएं बिना सरकार के हस्ताक्षर के अपनी संस्था को स्थापित करने और चलने के लिए पूर्णता स्वतंत्र है। उपरोक्त तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए यह कानून को खत्म करना आवश्यक है और इस तरह हिंदू धर्म संस्थाओं को नियंत्रण से मुक्त किया जाना चाहिए। हिंदू समुदाय के मन में अपने संस्थानों के प्रति स्वतंत्रता की भावना जागृत करने की आवश्यकता है। प्रतिनिधिमंडल ने आग्रह किया कि कृपया इस गंभीर विषय पर संज्ञान लेते हुए कार्यकारी तंत्र को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश देने की कृपा करें। इसके लिए हम सभी सदैव आभारी रहेंगे। प्रतिनिधिमंडल में ज्ञापन में 15 बिंदुओं का भी उल्लेख किया गया है। प्रतिनिधिमंडल में प्रांत उपाध्यक्ष सुनील गुप्ता, प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू, महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी और सामाजिक समरसता प्रांत प्रमुख मितेश्वर मिश्र मौजूद थे।

# मेजबानी का सवाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 141वें इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी (आइओसी) सेशन के उद्घाटन के दौरान इस बात की पुष्टि कर दी कि भारत 2036 ओलिंपिक आयोजन की मेजबानी का दावा करेगा। यह एक बड़ी घोषणा तो है, लेकिन हाल के घटनाक्रम की रोशनी में देखें तो न केवल स्वाभाविक है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय बिरादरी के पॉजिटिव रेस्पॉन्स की उम्मीद भी दिलाती है। इसका शुरुआती संकेत आइओसी प्रेसिडेंट थॉमस बाख के इस बयान में दिखता है कि भारत न केवल आर्थिक रूप से बल्कि स्पोर्ट्स के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। फिर भी आयोजन की मेजबानी की राह में अभी कई चुनौतियां हैं। इसके लिए भारत को कई मानकों से गुजरना होगा। यह बात भी सही है कि विशुद्ध आर्थिक लिहाज से देखा जाये, तो ओलिंपिक आयोजन को लेकर कुछ शंकाएं-आशंकाएं भी रही हैं। पिछली सदी के उत्तरार्ध में तो कई विशेषज्ञ इसे घाटे का सौदा कहने लगे थे। बाद में टीवी राइट्स रेवेन्यू के बढ़ते आंकड़ों ने सूरत बदली, लेकिन 2020 के टोक्यो ओलिंपिक (जो आखिरकार 2021 में आयोजित हुए) में कोविड-19 की महामारी के चलते जिस तरह की दिक्कतें आयीं और खर्च में जो बेतहाशा बढ़ोतरी हुई, उसने एक बार फिर पुरानी आशंकाओं को बल दिया। कुछ देशों के इससे पीछे हटने के भी उदाहरण देखने को मिले हैं, लेकिन एक तो कोविड-19 से उपजे हालात को सामान्य नहीं माना जा सकता। वह एक विशेष स्थिति थी, जो मानव सभ्यता के इतिहास में कभी-कभी आती है। दूसरी बात यह कि ओलिंपिक हो या ऐसा कोई दूसरा बड़ा अंतरराष्ट्रीय आयोजन, उससे होने वाले फायदों को न तो खर्च और आमदनी के तात्कालिक आंकड़ों में नापा जा सकता है और न ही आर्थिक क्षेत्र तक सीमित किया जा सकता है। इन आयोजनों के लिए जिस तरह के इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास की जरूरत होती है, वह खास कर विकासशील देशों के लिए लंबे समय तक फायदेमंद साबित होता है। भारत में राजधानी दिल्ली में अस्सी के दशक में हुए एशियाई खेलों के आयोजन से लेकर अब तक के तमाम अनुभव इसकी पुष्टि करते हैं। इसके अलावा यह ध्यान में रखना भी जरूरी है कि ऐसे आयोजन देश की विभिन्न क्षेत्रों में हासिल उपलब्धियों से दुनिया को परिचित कराने का अच्छा मौका होते हैं, जिससे अंतरराष्ट्रीय फलक पर देश की साख मजबूत होती है। इसका बढ़िया उदाहरण देश में हुई जी20 देशों की शिखर बैठक है, जिसके सफल आयोजन का स्वाद देश ने हाल ही में चखा है और इससे दुनिया में बढ़ी साख को महसूस कर रहा है। सबसे बड़ी बात यह कि एक स्पोर्ट्स पावर के रूप में भारत का कद हाल के वर्षों में जिस तेजी से बढ़ा है और जिसका ताजा सबूत एशियाई खेलों में पदकों की संख्या में हुई अप्रत्याशित बढ़ोतरी है, उसके मद्देनजर भी ओलिंपिक की मेजबानी एक ऐसा मौका है, जिसे हमें हाथ से जाने नहीं देना चाहिए।

**ओलिंपिक हो या ऐसा कोई दूसरा बड़ा अंतरराष्ट्रीय आयोजन, उससे होने वाले फायदों को न तो खर्च और आमदनी के तात्कालिक आंकड़ों में नापा जा सकता है और न ही आर्थिक क्षेत्र तक सीमित किया जा सकता है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**हमारी सनातन संस्कृति का आधार चारों वेद, उपनिषद, ब्राहमण, आरण्यक व पुराण हैं। यह वह साहित्य है, जो हजारों साल से अक्षत है। जिसे प्रदूषित करने का या बदलने का दुस्साहस किसी ने आज तक नहीं किया। जिनको इस वैदिक साहित्य का विरोध करना था या नकारना था उन्होंने अपने नए रास्ते चुन लिये, पर जो अपने को सनातनी संस्कृति का ध्वजवाहक मानते हैं या आज की शब्दावली में स्वयं को हिंदू कहते हैं, उनकी इस वैदिक साहित्य में अटूट श्रद्धा है।**

# नारों से नहीं, आचरण से बचेगा सनातन हिंदू धर्म

विनीत नारायण

जब से सोशल मीडिया घर-घर पहुंचा है, सबने अपने परिवारों और मित्रों के ह्वाट्सऐप ग्रुप बना लिये हैं। जिनमें पारिवारिक समाचार से लेकर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर रात-दिन बहस चलती रहती है। हमारे परिवार के भी चार पीढ़ी के सदस्य, जो भारत सहित दुनिया के कई देशों में रहते हैं, ऐसे ग्रुप के सदस्य हैं। हमारे इस समूह में 3 खेमे बंटे हुए हैं; पहला जो मोदी जी के अंधभक्त हैं। दूसरा जो हिंदुत्व के घोर समर्थक हैं और तीसरा वो जो ईश्वर में तो आस्था रखते हैं, परंतु हिंदू रीति-रिवाजों या मंदिर जाने में उनकी श्रद्धा नहीं है।

आज कल टीवी मीडिया में रोजाना जिस तरह का धार्मिक उन्माद पैदा किया जाता है, उसे देख कर प्रभावित हुए हमारे इस समूह में चौथी पीढ़ी के एक युवा ने पिछले दिनों एक पोस्ट डाली, जिसमें उसने लिखा कि, हमें भी अपना सनातनी ईको-सिस्टम बनाना चाहिए। उसकी यह पोस्ट मुझे बहुत रोचक लगी। मैंने पलट कर पूछा कि, सनातनी ईको-सिस्टम का क्या मतलब है? दर्जनों सवाल जवाबों के बावजूद यह युवा यह नहीं स्पष्ट कर सका कि इसका क्या मतलब है। तब मैंने उससे पूछा कि ईको-सिस्टम को छोड़ो, तुम केवल यह बताओ कि सनातन से तुम्हारा क्या आशय है? हार कर उसने कहा कि जो मुसलमानों से लड़ने के लिए हम हिंदुओं को संगठित करे, वही सनातनी ईको-सिस्टम है। इस पर मैंने पूछा कि फिर सनातनी ईको-सिस्टम और हिंदुत्व में क्या अंतर है? उसका उत्तर था कि हिंदुत्व तो भाजपा का एजेंडा है और मैं भाजपा को दूसरे राजनीतिक दलों की तरह ही एक दल मानता हूं। जिसका मात्र उद्देश्य सत्ता पाना है। उसने आगे कहा कि हम हिंदुओं को भाजपा के अलावा संगठित होने की जरूरत है।

**चिंता की बात यह है कि हिंदुत्व की विचारधारा को दिशा देने वाले हमारे इन वैदिक शास्त्रों में विश्वास नहीं करते।**

यह नौजवान अच्छा खासा पढ़ा लिखा, बुद्धिमान और कॉर्पोरेट जगत की प्रतिष्ठित नौकरी में है। जिससे एक सामान्य समझ की अपेक्षा की जा सकती है, पर जो संवाद उससे हुआ उससे क्या सिद्ध होता है? पाठक विचार करें कि हमारी युवा पीढ़ी आज कितनी थोथी और सतही बातों से प्रभावित होकर अनर्गल प्रलाप कर रही है। उनकी भावनाएं भड़का कर राजनीतिक दल अपना भला बेशक कर लें पर समाज इससे गर्त में जा रहा है। ऐसा नहीं है कि हमारी पीढ़ी जब युवा थी, तो हम सर्वज्ञ थे।




सच्ची बात तो यह है कि हमारी पीढ़ी के ज्ञान के स्तर से आज की पीढ़ी के पास कई गुना ज्यादा सूचनाओं का भंडार है। रही-सही कमी कल्पतरु की तरह गूगल देवता पूरी कर देते हैं। जो हर प्रश्न का क्षण भर में जवाब दे देते हैं। बावजूद इसके मुझे लगता है कि आज की युवा पीढ़ी और उनके जैसे उनके अभिभावक एक कल्पना लोक में जी रहे हैं। जहां न तो तथ्यों को जानने की जिज्ञासा है और न उसके लिए समय लगाने की इच्छा। पूरी पीढ़ी के इस आलस्य का परिणाम ये हो रहा है कि यह पीढ़ी निहित स्वार्थों के हितों को साधने के लिए मानसिक रूप से अविकसित या गुलाम बनती जा रही है। यह एक गंभीर समस्या है।

हमारी सनातन संस्कृति का आधार चारों वेद, उपनिषद, ब्राहमण, आरण्यक व पुराण हैं। यह वह साहित्य है, जो हजारों साल से अक्षत है। जिसे प्रदूषित करने का या बदलने का दुस्साहस किसी ने आज तक नहीं किया। जिनको इस वैदिक साहित्य का विरोध करना था या नकारना था उन्होंने अपने नए रास्ते चुन लिये, पर जो अपने को सनातनी संस्कृति का ध्वजवाहक मानते हैं या आज की शब्दावली में स्वयं को हिंदू कहते हैं, उनकी इस वैदिक साहित्य में अटूट श्रद्धा है। इसी श्रद्धा का परिणाम है कि हमारी सनातन संस्कृति आज तक जीवित है और जागृत है। सनातन का अर्थ ही यह है, जो पहले भी था, आज भी है और कल भी रहेगा। चिंता की बात यह है कि हिंदुत्व की विचारधारा को दिशा देने वाले हमारे इन वैदिक शास्त्रों में विश्वास नहीं करते। वह तो शुरू से आज तक इनमें परिवर्तन किये जाने की आवश्यकता पर जोर देते हैं। वृहत हिंदू समाज के लिए यह गंभीर चुनौती है कि वह अपनी आस्था पर टिका रहे या इस नये मायाजाल में फंस कर अपनी जड़ों से कट जाये, तब हमारा सनातन हिंदू धर्म कैसे बचेगा?

जिस तरह इंजीनियरिंग, डाक्टरी, वकालत या किसी अन्य व्यवसाय की शिक्षा हमें कोई सड़क चलता नहीं दे सकता। ऐसी शिक्षा प्राप्त करने के लिए हमें उस विषय के कॉलेज में दाखिला लेना पड़ेगा। इसी तरह धर्म का मामला है। कोई भी व्यक्ति केसरिया वस्त्र पहन कर या केसरिया झंडा उठा कर हमें धर्म की शिक्षा नहीं दे सकता। इस शिक्षा को प्राप्त करने के लिए हमें स्थापित संप्रदायों के आचार्यों की शरण लेनी होती है। उन्हीं के मार्ग-निर्देशन में हम अपने धर्म को जान पाते हैं। सनातन धर्म के आधार स्तंभ हैं, चारों शंकराचार्य और विभिन्न संप्रदायों के वे आचार्य जो सदियों से व परंपरा से हमें आध्यात्मिक ज्ञान देते आये हैं। इनके अलावा जो कोई भी धर्म के विषय में हमें निर्देश देता है, वह समाज को गड्ढे में गिराने का काम कर रहा है। क्योंकि वे इसके लिए शास्त्रों द्वारा न तो अधिकृत हैं और न ही उनमें हमें ज्ञान देने की योग्यता है। दुर्भाग्य से आज हिंदू समाज का एक बहुत बड़ा वर्ग परंपरा से स्थापित चारों शंकराचार्यों और विभिन्न अधिकृत संप्रदायों के आचार्यों की अवहेलना करके राजनीतिक या आर्थिक स्वार्थसिद्धि में लिप्त लोगों से निर्देशित हो रहा है। ऐसे तो सनातन धर्म बहुत शीघ्र ही रसातल में चला जायेगा।

इसी तरह सनातन धर्म की संस्कृति में हर व्यक्ति की दिनचर्या व जीवन के विभिन्न स्तरों पर वर्णाश्रम व्यवस्था के माध्यम से एक संविधान उपलब्ध है। जिसका पालन किये बिना सनातन हिंदू धर्म बच ही नहीं सकता। इस संविधान का दार्शनिक निचोड़ भगवत गीता में है। जिसे हर हिंदू किसी योग्य और स्वयंसिद्ध गुरु से सीख कर आचरण में ला सकता है। हजारों सालों से चली आ रही इस सुदृढ़ व्यवस्था को दर-किनार कर आत्मघोषित गुरुओं या राजनीतिक लोगों से सनातन धर्म के विषय में दिशा-निर्देश लेने वाला अपने और अपने कुल का भारी अहित करेगा। आवश्यकता इस बात की है कि हर सनातनी हिंदू पहले तो ये जानने-समझने की कोशिश करे कि सनातन हिंदू धर्म के सिद्धांत क्या हैं? फिर ऐसे गुरु खोजें जो उसे सही ज्ञान दे सकें, तभी सनातन धर्म का अनुसरण हो पायेगा। बाकी सब बयानबाजी है उससे न तो हमारे परिवार का भला होगा, न समाज का और न राष्ट्र का।

## जमशेदपुर की खबरें

### दिशा की बैठक में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री और विधायक

# विभागवार कार्यों की समीक्षा, समय पर पूरा करने के दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** जिले के उपायुक्त कार्यालय सभागार में सरायकेला-खरसावां जिला स्तरीय दिशा की एक बैठक आयोजित की गई। सोमवार को आयोजित बैठक में केंद्रीय मंत्री सह खूंटी सांसद अर्जुन मुंडा, खरसावां विधायक दशरथ गागराई, ईचागढ़ विधायक सविता महतो, सभी पंचायत के प्रतिनिधियों, जिले के उपायुक्त, एसपी सहित तमाम विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने विभागवार योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने




लंबित योजनाओं को ससमय पूरा करने का निर्देश दी। बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री ने जिले में चल रहे कई योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा करते हुए अगली बैठक में कार्य योजनाओं की विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने की बात कही। ताकि जरूरत के अनुसार विभिन्न इलाकों में जो भी आवश्यक होगा उसका उचित विश्लेषण किया जा सके। मौके केंद्रीय मंत्री मुंडा ने मौजूद अधिकारियों को जिले के विकास हेतु इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट करने की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिए। साथ ही केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा संचालित कई योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने की बात कही। दिशा की बैठक में बिजली और सड़क के मुद्दे पर चर्चा करते हुए समस्या के समाधान को लेकर विभागीय अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए गये। विधायक दशरथ गागराई व सविता महतो ने सरकार का पक्ष रखते हुए कहा इन समस्याओं के समाधान के लिए विभागों को दो महीने की मोहलत दी गयी है। अगली बैठक से पूर्व सभी समस्याओं का निराकरण कर लिया जायेगा।

# मां दुर्गा के मायके आगमन पर तुलसी भवन में बहुभाषीय गीत संध्या का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन व तुलसी भवन साहित्य समिति के संयुक्त प्रयास से बहुभाषीय लोकमंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान के अध्यक्ष सुभाष चन्द्र मुनका के नेतृत में आयोजित कार्यक्रम का संचालन उपासना सिन्हा व स्वागत भाषण प्रसेनजित तिवारी ने दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा भारती के न्यासी गुरुशरण प्रसाद व आकाशवाणी जमशेदपुर के निदेशक राजेश राय अथिति के तोर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अथितियों के द्वारा दीप प्रजलित व मां दुर्गा के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर की गयी। मौके पर कवयित्री त्रय वीणा पाण्डेय भारती, माधवी उपाध्याय व उपासना सिन्हा ने एक पारम्परिक भजन जगदम्बा घर में दियरा बार अइनी हे गीत प्रस्तुत की। साथ ही शहर के कुल



34 कलमकारों ने अपनी मातृभाषाओं में भोजपुरी, मैथिली, मगही, तेलगू, पंजाबी, संस्कृत, अंगिका, बज्जिका में आगमनी गीत के रुप में माता की भजन प्रस्तुत की। गीत प्रस्तुत करने वालों में श्रीमती निर्मला राव,डॉ.उदय प्रताप हयात,शीतल प्रसाद दूबे, जितेश कुमार तिवारी, वीणा कुमारी नंदिनी, कैलाशनाथ शर्मा 'गाजीपुरी, कुमार राजेन्द्र गोस्वामी, ममता कर्ण, डॉ वीणा पाण्डेय 'भारती', भंजदेव देवेन्द्र कुमार 'व्यथित', राजेन्द्र साह 'राज', सुस्मिता मिश्रा, माधवी उपाध्याय, नीता सागर चौधरी, ब्रजेन्द्रनाथ मिश्र, राजेन्द्र राज, शैलेन्द्र पाण्डेय शैल, नीलाम्बर चौधरी, संगीता मिश्रा, अनिता निधि, लक्ष्मी सिह रुबी, पूनम सिंह, बलबिन्दर सिंह, रीना सिन्हा, विन्ध्यवासिनी तिवारी, क्षमाश्री दूबे, बसंत कुमार,रीति झा, विजय कुमार सिन्हा, मंजू सिन्हा, कन्हैया लाल अग्रवाल, अजेताश्री, आकृति तिवारी, सुदीप्ता जेठी राउत प्रमुख रहे।

वही तुलसी भवन के न्यासी अरुण कुमार तिवारी, साहित्य समिति के सचिव डॉ अजय कुमार ओझा, सुरेश चन्द्र झा, डॉ० रागिनी भूषण, जितेन्द्र कुमार, मनोज मिश्रा, अरुणा भूषण, शिखा अखौरी व राजेन्द्र सिंह, की उपस्थिति सराहनीय रही। धन्यवाद ज्ञापन सुरेश चन्द्र झा ने दी।

### जिले में हरा कार्ड चावल वितरण उत्सव 18 को

# डीसी ने अधिकारियों और पीडीएस दुकानदारों को दिया आवश्यक निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत हरा राशन कार्डधारियों को मार्च, 2023 के लिए चावल का वितरण किया जायेगा। सोमवार को डीसी मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर जिले में 18 अक्टूबर को हरा कार्ड चावल वितरण उत्सव दिवस मनाया जायेगा। पूर्वी सिंहभूम जिले के सभी जन वितरण प्रणाली में



मार्च माह 2023 के पात्रता रखने वाले सभी हरा राशनकार्डधारियों को चावल का पैकेट उपलब्ध कराया जायेगा। इस दिन सभी जन वितरण प्रणाली दुकान निर्धारित अवधि के बाद भी खुले रहेंगे। डीसी ने सभी जिला, प्रखंड व पंचायत के पदाधिकारियों को भ्रमणशील रहते हुए पीडीएस दुकानों का निरीक्षण व चावल वितरण उत्सव दिवस के अनुश्रवण का निर्देश दी। डीसी ने कहा सभी प्रखण्ड आपूर्ति व पणन पदाधिकारी अपने क्षेत्र के सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को आवश्यक निर्देश जारी करेंगे। ताकि 18 अक्टूबर को निर्धारित कार्यावधि के बाद भी दुकान खुला रहे। साथ ही हरा राशनकार्डधारी अपने संबंधित जन वितरण प्रणाली से मार्च माह की चावल का पैकेट निःशुल्क प्राप्त करे।

### पहल: दो पुल निर्माण कार्य का विधायक ने ग्रामीणों संग किया शिलान्यास

# हेमंत सरकार में ही ग्रामीण क्षेत्र का विकास संभव : मंगल कालिंदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटमदा।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के बोड़ाम और पटमदा के ग्रामीणों की मांग पर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने दो योजनाओं का शिलान्यास किया। सोमवार को विधायक ने ग्रामीणों के संग बोड़ाम प्रखंड लायलाम पंचायत अंतर्गत रापचा गांव में विधायक निधि से प्यारा सिंह के घर से हारा माझी के घर तक पथ निर्माण कार्य व पटमदा प्रखंड में मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजनांतर्गत लछिपुर पंचायत के नहचीबेड़ा से



लछिपुर जानेवाले जर्जर पुलिया निर्माण कार्य व पटमदा प्रखंड के कुमहिर मोहुलतोल से दांदुडीह बंगाल बॉर्डर भाया खेजूडिह इंदाटांर मोड़ गेरूआला मोड़ कांकु के कुमहिर नाला पर पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इससे पूर्व ग्रामीणों ने विधायक को माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। मौके पर विधायक ने कहा हेमंत सरकार में खास कर ग्रामीण क्षेत्र के हर एक हिस्से में बेहतर सड़क की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। कालिंदी ने कहा हेमंत सरकार में ही ग्रामीण क्षेत्रों का में विकास संभव है। मौके पर ग्राम प्रधान हरी सिंह, देवेन सिंह, कृष्णा तंतुबाई, गुहिराम सिंह, प्यारा सिंह, रंजीत सोरेन, रविंद्र सिंह, प्रतिनिधि चंद्रशेखर टूडु, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो, ईशान गोप, साधु भूमिज, काजल सिंह, बिनय मंडल, मानिक महतो, दिलीप सोरेन, स्वपन महतो, विष्णु गोराई, संजय सिंह, मिलन दास सहित सैकड़ो ग्रामीण शामिल रहे।

# साजिश करने वालों को न्यायालय ने दिया जवाब, संगठन के कार्यों में जुटेंगे अभय सिंह : गुंजन यादव

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता सह जमशेदपुर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अभय सिंह को झारखंड उच्च न्यायालय से जमानत मिलने के बाद सोमवार शाम घाघीडीह जेल से रिहा हुए। बीते छह महीने से वे जेल में बंद रहे। मौके पर भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन

**भाजपा नेता की रिहाई पर महानगर अध्यक्ष ने दी बधाई**



यादव समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर गुंजन यादव ने कहा रिहा होने पर अभय सिंह का हार्दिक स्वागत है। कदमा उपद्रव मामले को लेकर राज्य सरकार के इशारे पर जिला प्रशासन ने जिस प्रकार से अभय सिंह को आनन-फानन में जेल भेजकर महीनों प्रताड़ित करने की साजिश की उसका जवाब उच्च न्यायालय ने दी है।

# पिस्टल और देसी कट्टा के साथ आठ गिरफ्तार, बाइक बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा ।** पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्र से पिस्टल के साथ आठ अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 4 पिस्टल, दो कट्टा, 3 जिंदा गोली घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाकल तीन मोबाइल बरामद किया गया है।

उक्त जानकारी एसपी दीपक कुमार पांडेय ने अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि पहली घटना सहिजना में एक सीएसपी संचालक के साथ 11 अक्टूबर को 1 लाख लूट की है। उन्होंने बताया कि 11 अक्टूबर को सहिजना निवासी आशीष कुमार ने गढ़वा थाने में आवेदन देकर सहिजना में 1 लाख की लूट की जानकारी पुलिस को दिया था। सूचना के आलोक में गढ़वा एसडीपीओ अवध कुमार यादव के नेतृत्व में टीम गठित कर लगातार छापेमारी की गयी। उसी दौरान गढ़वा थाना क्षेत्र के बाना गांव निवासी बाबू खान उर्फ सरवर आलम उर्फ बामड़ को हिरासत में लिया गया। एसपी ने बताया कि शक्ति से पूछताछ के दौरान उसके निशानदेही पर दो अवैध रूप से रखे 2 देसी पिस्टल 315 बोर का दो जिंदा गोली दो खोखा को बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान उक्त लूट में शामिल होने का स्वीकार किया। साथ ही घटना में शामिल सोनपुरवा निवासी रियाज अंसारी के बारे में भी जानकारी दिया। गणेश मॉल से सीएसपी संचालक आशीष कुमार नियमित रूप से पैसा लेकर घर जाता है। जहां आमिर सुहानी को वहीं खड़ा कर सरवर एवं शहबाज नदी पार कर सहिजना पहुंचे। इस दौरान गणेश मॉल में अपना काम निपटा कर आशीष अपना घर पहुंच ही रहा था कि उक्त दोनों लोग मिलकर उसके साथ लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि इस मामले में गढ़वा पुलिस ने छापेमारी के दौरान टंडवा निवासी सोनू सोनी और अंशु मालाकार के पास से एक पिस्तौल बरामद किया है। उक्त मामले में भी प्राथमिक की दर्ज किया गया है। उक्त सभी अभियुक्त को न्याय हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं डंडई पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान दो युवकों के पास से एक देशी पिस्तौल बरामद किया है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार युवक चिनिया थाना क्षेत्र के चिनिया निवासी बसंत कुमार राम और पप्पू विश्वकर्मा के पास से एक देशी पिस्तौल एक रियल में कंपनी का मोबाइल एक रेडमी नोट कंपनी का मोबाइल दो सिम कार्ड एक मोटरसाइकिल बरामद किया है। एसपी ने दूसरी घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि जरही गांव में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान पुलिस ने जब दो लोगों को पकड़ कर तलाशी लिया तो उनके पास से एक पिस्तौल बरामद किया गया। प्रेस वार्ता में सीडीपीओ अवध कुमार यादव, थाना प्रभारी केके साहू, पुलिस अवर निरीक्षक सूर्य प्रकाश दुबे, राजेश मुंडा, श्रीकांत पासवान, इंद्र कुमार मंडल, अरुण प्रकाश बैठा, अमित कुमार सिंह, समेंदर कुमार सिंह, सूर्य भूषण सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## प्लस टू उच्च विद्यालय रंका में आयोजित हुआ बाल विवाह से आजादी अभियान

# समाज के लिए अभिशाप है बाल विवाह : डॉ कुलदेव



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** बाल विवाह समाज के लिए अभिशाप है। काफी प्रयास के बाद भी इसमें कमी नहीं आ रही है। हम सभी को मिलकर इस विषय पर सोचना होगा। बाल विवाह जैसे कुरूतियों को मिटाने के लिए समाज के हर वर्ग के लोगों को आगे आना होगा। लड़के-लड़कियों का विवाह सही समय पर होना चाहिए, ताकि उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने पैरों पर खड़े हो सकें। उक्त बातें रंका चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुलदेव चौधरी ने राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय, रंका में छात्र-छात्राओं के बीच परिचर्चा कार्यक्रम में बोल रहे थे। यह कार्यक्रम राज्यव्यापी बाल विवाह से आजादी अभियान के तहत जिला प्रशासन और विभागीय आदेश पर किया गया था। जिला प्रशासन के माध्यम से परिचर्चा का उद्देश्य पूरे जिले में जागरूकता अभियान चलाकर भारत को बाल विवाह मुक्त बनाना है। डॉ चौधरी ने कहा कि लड़कियों को आगे बढ़ने का मौका तभी मिलेगा जब उनकी शिक्षा पूरी होगी। इसके लिए बाल विवाह सबसे बड़ा बाधक है। समय से पहले विवाह होने पर लड़कियों को शारीरिक और मानसिक रूप से परेशानीयों का सामना करना पड़ता है। विकसित और समृद्ध समाज के निर्माण के लिए हम सभी को इसके खिलाफ लड़ाई लड़नी होगी। बच्चों के अधिकार के प्रति हम सबको सोचना होगा। बाल विवाह से आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है जिसका सीधे स्वास्थ्य पर असर पड़ेगा और जनसंख्या की वृद्धि होने से देश की आर्थिक स्थिति कमजोर होगा। बीपीएम सुधीर कुमार ने कहा कि कम उम्र में शादी करना दण्डनीय अपराध है। इसमें लड़के और उसके माता-पिता को भी दण्डित किया जा सकता है। कानूनी प्रावधानों के मुताबिक दो वर्ष की सजा और एक लाख की जुमार्ना या फिर दोनों हो सकता है। मौके पर डॉ गोरखनाथ पांडेय, अनिल राम, प्राचार्य, शिक्षकगण सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## बाल विवाह की रोकथाम के लिए निकाली गयी जागरूकता रैली



**रमना (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड अंतर्गत सिलीदाग पंचायत मुखिया अनिता देवी के नेतृत्व में सोमवार को बाल विवाह रोकथाम जन जागरूकता रैली मध्य विद्यालय सिलीदाग दो बच्चों के साथ निकाली गयी। इस अवसर पर मुखिया अनीता देवी ने कहा कि जमीनी स्तर पर लोगों को जागरूक करने एवं बाल विवाह के विरुद्ध सकारात्मक माहौल तैयार करने के उद्देश्य से जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कहा कि समाज में बाल विवाह एक कुप्रथा है जिसे रोकथाम के लिए सभी को पहल करने की जरूरत है। गैरतलब है की बाल विवाह के रोकथाम के लिये गढ़वा जिला प्रशासन जन जागरूकता अभियान चला रही है। मौके पर पंचायत सचिव सुरेंद्र सिंह,वार्ड सदस्य प्रदीप कुमार, शिक्षक रविन्द्र पाल, सुरेंद्र राम, आशुतोष सिंह सहित अन्य ग्रामीण और स्कूल के बच्चे सामिल थे।

## पूर्व मुखिया लक्ष्मण यादव ने किया रामलीला का उद्घाटन



**धुरकी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के खुटिया पंचायत के चौराहा पर रामलीला एवं कृष्ण लीला मंचन का उद्घाटन पूर्व मुखिया लक्ष्मण यादव द्वारा फीता काटकर एवं द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए लक्ष्मण यादव ने रामलीला को प्राचीन परंपरा बताते हुए कहा कि यह मयार्दा, संस्कृति व संस्कार की पाठशाला है। इसका अनुसरण कर समाज में व्याप्त कई सामाजिक बुराइयों का जहां अंत किया जा सकता है। वहीं भूल रहे मयार्दा, संस्कार व संस्कृति को हम पुनः स्थापित कर सकते हैं। मौके पर जितेंद्र भुईया, देव प्रसाद गुप्ता, अमरनाथ यादव, देवेंद्र गोड, पंकज गुप्ता, हृदय भुईया, पिंटू गुप्ता, विचार कोरवा, नौरंग यादव , शाहिद अन्य ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

## किसानों के बीच फलदार पौधे का वितरण



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** कृषि उद्यान विभाग गढ़वा के तत्वधान में बागवानी मिशन कार्यक्रम के तहत किसानों को फलदार पौधा का वितरण किया गया। जिसमे नींबू, सपोटा, अमरूद, कश्मीरी बेर का पौधा वितरण किया गया। इस मौके पर बीटीएम रंजीत सिंह ने किसानों को बताया की पौधा लगाने के लिए लगभग दो से ढाई फीट गड्ढा की खुदाई कर उसके बाद गोबर की खाद, राख, सूखा पता, मिट्टी से मिलाकर गड्ढा में भर देना है। उसके बाद सुबह शाम पानी देते रहना है। इस मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप देव, प्रखंड प्रमुख दीपा कुमारी, भुखन साव, सुमंत मेहता, उपेंद्र, बीडीसी भरदुल चंद्रवंशी, शशी शेखर सिंह, श्याम सुंदर, अशोल साव, अजय सहित कयी ग्रामीण उपस्थित थे।

## ट्रैक्टर पलट जाने से मालिक सह चालक गंभीर रूप से घायल



**सगमा (आजाद सिपाही)।** धुरकी थाना क्षेत्र के सगमा गांव में सोमवार के सुबह खेत में जुतायी कर वापस लौट रहा ट्रैक्टर पलट जाने से मालिक सह चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से तत्काल चालक को प्राथमिक उपचार के लिए श्री बंशीधर नगर अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक सगमा गांव निवासी राम केवल सिंह के पुत्र राजा सिंह उर्फ रंजन सिंह ट्रैक्टर सुबह में खेत में जुतायी कर खेत से बाहर निकल रहा था जैसे ही ट्रैक्टर सड़क पर निकलने लगा उसी दौरान अनियंत्रित होकर करीब 10 फीट गड्ढा में पलट गई। चालक ट्रैक्टर के इंजन के निचे दब गया। ग्रामीणों के सहयोग से उसे किसी तारह आनन फानन में बाहर निकाल कर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। मगर स्थिति गंभीर बना हुआ हैं। परिजनों के मुताबिक गढ़वा सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है।

# केतार में 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम आयोजित

> गांव के एक सामान्य व्यक्ति को देश की माटी के महत्व को बताते हुए देश की माटी से जोड़ना है

आजाद सिपाही संवाददाता



**केतार।** प्रखंड मुख्यालय केतार स्थित लोहिया समता उच्च विद्यालय के प्रांगण में सोमवार को नेहरू युवा केंद्र गढ़वा के द्वारा प्रखंड स्तरीय 'मेरी माटी, मेरा देश' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक दिलेश गुप्ता, शिक्षक दिलीप गुप्ता और अनील कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और सुभाष चंद्र बोस की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र के केतार प्रखंड के राष्ट्रीय स्वयंसेवक रंजना सिंह ने कहा की आजादी के अमृत महोत्सव को हमलोगों ने धूमधाम से मनाया है। अमृत महोत्सव के अंतिम कार्यक्रम के रूप में हमारे देश को आजाद कराने में शहीद हुए वीर, वीरांगनाओं के बलिदान को सम्मान देने के लिए मेरी माटी, मेरा देश अभियान की शुरूआत की गयी हैं। मुख्य अतिथि प्रधानाध्यापक दिलेश गुप्ता ने कहा की गांव के एक सामान्य व्यक्ति को देश की माटी के महत्व को बताते हुए देश की माटी से जोड़ना है। उन्होंने कहा की प्रखंड के प्रत्येक गांव से मिट्टी संग्रह कर प्रखंड स्तर पर संग्रह कर दिल्ली भेजा गया, जो हम-सब के लिए गर्व की बात है। मौके पर प्रखंड स्वयंसेवक दिलीप पासवान, प्रियरंजना कुमारी, बबिता कुमारी, शिक्षक सोनू सिंह, गौतम पाल, राहुल कुमार, प्रतिमा कच्छप, जिकेश कुमार, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# भारतीय संविधान पर आधारित पद्यांश लेखन कार्यक्रम का आयोजन किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सोमवार को दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन में भारत सरकार और एनसीटीई के निर्देशानुसार दिये गये कार्यक्रम की समय सारणी का अनुपालन करते हुए भारतीय संविधान में उल्लिखित विभिन्न 22 भाषाओं के संदर्भ में प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम और भारतीय संविधान पर आधारित पद्यांश लेखन कार्यक्रम का आयोजन किया गया । साथ ही 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षुओं के द्वारा रंगोली बनायी गयी तथा मिट्टी के साथ सभी ने शपथ लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पण तथा दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम के संदर्भ में प्राचार्या डॉक्टर सुनीता गुप्ता ने बताया कि संविधान हमारे देश की आत्मा है और उसके बिना हम अपने राष्ट्र का विकास नहीं कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में बीएड और डीएलएड के प्रशिक्षुओं ने अपनी सहभागिता दी जिसमें रविशंकर, अंजनी, रीमा, जयप्रकाश, चंदन, स्नेहा, आनंद, निशांत, अरुण, शहनाज, गोविन्द, सोनू, शभया, पंकज, सतीश, पूजा आदि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में बीएड और डीएलएड के प्राध्यापको में शशिकांत सिंह यादव, आनंद चौबे, अरविंद तिवारी, ओमप्रकाश आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम अभिमन्यु शुक्ला के द्वारा कराया गया तथा पद्यांश लेखन और मंच संचालन जनार्दन शुक्ला के द्वारा किया गया। शिक्षकेतर कर्मचारियों में सुधीर दुबे और बीएन सिंह उपस्थित रहे।

## रामलीला नाटक मंचन का आयोजन



**रमना (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत कर्णपुरा न्यू युवा कल्ब श्री दुर्गा पुजा महोत्सव पूजा समिति के तत्वधान में रामलीला नाटक मंचन का आयोजन का शुरूआत जीप अध्यक्ष शांति देवी, थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा, मुखिया अजीत कुमार पांडेय, बीडीसी प्रमोद कुमार गुप्ता व क्लब के अध्यक्ष टोनी साहू ने संजुक्त रूप से फीता काटकर तथा पूजा पाठ का किया। उन्होंने कहा की दशहरा पूजा असत्य पर सत्य का जीत का प्रतीक है। जिसे हमसभी को मिलजुलकर मनाने की जरूरत है। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा ने लोगो को दशहरे जैसे पर्व को शांति, सदभाव से मनाने की अपील की। वही मुखिया अजीत पांडेय ने पुरषोत्तम राम जैसे भगवान के मार्ग पर अपने जीवन में उतारने की अपील की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र देकर कमिटी के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष जितेंद्र पासवान, सचिव सुनील कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष आशुतोष कुमार गुप्ता, प्रवक्ता नीरज कुमार गुप्ता, व्यवस्थापक बृजेश ठाकुर के साथ न्यु युवा क्लब के सदस्य गण और श्रद्धालु भक्तगण हजारों की संख्या में उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने रामलीला मंचन का किया उद्घाटन



**रमना (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत भागोडीह गांव में रविवार की शाम में रामलीला नाटक मंचन का शुभारंभ भाजपा कार्यकर्ता सह समाजसेवी शालेंद्र सिंह,पूजा समिति अध्यक्ष अरविंद्र विश्वकर्मा, अनिल चौधरी, ब्रजेश मेहता, रामलीला प्रभारी विजयमल साहू ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित और पूजा अर्चना और फीता काट कर किया। इस अवसर पर भाजपा ओबीसी रमना मंडल प्रभारी शंकर चंद्रवंशी ने कहा कि शारदीय नवरात्रि के समय रामलीला मंचन की परंपरा सदियों से चली आ रही है। जो नई पीढ़ी को अपने संस्कृति और सभ्यता से जोड़ता हैं। कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शो को अपनाने की जरूरत है। वहीं पूजा समिति के अध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा ने कहा कि शारदीय नवरात्रि के अवसर दसको से रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। कहा कि इस वार रामलीला अयोजन ग्रामीण जनता बाल विकास रामलिला सह रासलीला एंड ड्रामा पार्टी गोंदा के द्वारा 15 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक होगा। मौके पर समाज सेवी सालेंद्र सिंह,मनोज पाल, सुमन सिंह, सतेन्द्र राम, संजय विश्वकर्मा, दिनेश वियार, विनोद चौधरी, शंभू चौधरी, विगा साह, विकास कुमार सहीत अन्य लोग उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा के दौरान जिले में मांस-मछली और शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त गढ़वा से मिलकर नवरात्रि दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान जिले में मांस मछली शराब पर रोक लगाने का मांग किया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि हिन्दू महापर्व नवरात्रि पुजा के दौरान मांस मछली अंडे शराब का दुकान सरेआम खुला हुआ है इससे श्रद्धालु को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है इससे पुजा में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है जिला प्रशासन नवरात्रि में श्रद्धालुओं की परेशानी को देखते हुए अविलंब रोक लगाए। उन्होंने कहा कि नवरात्रि में दस दिनों तक लगातार चारों तरफ भक्तिमय माहौल होता है गांव शहर हर जगह गली गली हर घर पुजा का माहौल है इसके वजह से श्रद्धालुओं को सड़क पर चलने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गढ़वा जिला प्रशासन इस मामले को संज्ञान में लेते हुए तत्काल कार्रवाई करे। प्रतिनिधिमंडल में भाजयुमो जिला मिडिया प्रभारी नवीन जायसवाल लक्ष्मीकांत पांडेय ग्रामीण मंडल आईटी सेल प्रभारी धनंजय विश्वकर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# बाल विवाह के खिलाफ निकली रैली

आजाद सिपाही संवाददाता




**भंडारिया।** भंडारिया मुख्यालय स्थित भंडारिया प्लस टू उच्च विद्यालय प्राथमिक विद्यालय भंडारिया कस्तूरबा आवासीय विद्यालय भंडारिया मध्य विद्यालय भंडारिया मिशन बालिका स्कूल भंडारिया द्वारा भंडारिया उच्च विद्यालय के प्रांगण से बाल विवाह से संबंधित जागरूकता रैली निकाली गयी। यह रैली भंडारिया हाई स्कूल के मैदान से इंदिरा गांधी चौक होते हुए वन विभाग कार्यालय तक जाकर पुनः हाई स्कूल के मैदान में सभा में तब्दील होकर भंडरिया थाना के एएसआई रंजीत कुमार महतो के द्वारा बच्चियों को संबोधित करते हुए किसी गांव में अगर नाबालिग लड़की की शादी होती हो तो शीघ्र पुलिस थाना को सूचना दें और 112 नंबर पर कॉल कर सूचना दें चाइल्ड लाइन को 1098 नंबर पर और अपने क्षेत्र के बाल विवाह रोकथाम अधिकारी सीएम पीओ जैसे प्रखंड विकास अधिकारी बीडीओ एसडीओ और एसडीएम जैसे अधिकारी को सूचना दें साथ ही बच्ची का उम्र 18 बर्ष और लड़के का उम्र 21 वर्ष हो तो शादी कर सकते हैं उससे कम उम्र है तो कानूनन अपराध है और बाल विवाह रोकथाम प्रचार करने वाले रेखा कुजूर ने बच्चियों को शपथ दिलायी। बच्चियों के द्वारा बाल विवाह करना अपराध है बाल विवाह से जीवन बर्बाद है इससे संबंधित नारा लगा रहे थे। इस मौके पर कस्तूरबा आवासीय विद्यालय के वार्डन अमला प्रभात तिर्की प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक शशिकांत राम शिक्षक उमेश यादव और सभी स्कूल के शिक्षक उपस्थित थे।

कार्यालयः असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, हजारीबाग।

विज्ञापन सं0 02/2023-24/AIDS, हजारीबाग दिनांक 16.10.2023

**Vacancy Notice of ART Centre**

**Name of the position and Number of posts:**

| ART Centre Name | Post Code | Name of the Post | Total No of Post | Consolidated Remuneration Per Month |
|---|---|---|---|---|
| ART Centre, Sadar Hospital, Hazaribag | ART-HZB-01 | Medical Officer | 1 (UR) | Rs. 70,000/- Per Month |

**Walk in Interview**
Date of Walk in Interview : **26.10.2023**
Venue : Civil Surgeon Office Conference Hall, Sadar Hospital Campus, HZB
Time : 11:00 AM onwards

**Term of Reference of Medical Officer**
Qualification : MBBS From Institution recognised by Medical Council of India
Age : Maximum 62 Years
Type of Engagement : Contractual
Honorarium : Rs. 70,000/- Per month
Gender : Male/Female
Desirable : Experience candidate and people having working experience in HIV related field Govt. or Pvt. Sector will be given preference

**General information & instruction**
a. Society reserves the right to cancel any or all position at any stage of recruitment process.
b. At any stage of recruitment. if it is found that candidate does not fulfil the eligibility criteria and/or that he/she has furnished incorrect/false information/certificate/documents or has suppressed any material facts(s). his/her candidature will stand cancelled.
c. Candidates are required to bring educational and experience certificate in original and 2 set photo copies of the documents.
d. No TA/DA will be paid to the candidates for appearing in the Interview.
e. Candidates are informed that no claim regarding regularization of the job will be entertained.

Civil Surgeon cum CMO,
Hazaribag

PR 309269 Health Med Edu and Family Welfare(23-24)D

## पुलिस ने चार चोरों को दबोचा, सामान बरामद

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा पुलिस की नाक में दम करने वाले चार चोरों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया गया। लगातार हो रही चोरी से ग्रामीण और दुकानदार काफी परेशान थे। पुलिस ने लगातार छापामारी कर एक नाबालिग सहित चार चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उनकी पहचान तोरपा कुम्हार टोली निवासी अरुण महतो (18) मस्जिद गली निवासी अर्जुन साहू (18) व हरिजन टोली निवासी बसंत राम (20) के रूप में हुई है। जबकि एक नाबालिग भी शामिल है। पुलिस को पूछताछ में चोरी हुई ब्रेसलेट, सीसीटीवी, एलईडी, राउटर, दुकान से चोरी हुआ साबुन सहित आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि बरामद किया गया है। चोरों को पकड़ने वाली छापामारी टीम में थाना प्रभारी मनीष कुमार, सब इंस्पेक्टर विश्वजीत ठाकुर, महती बोपाई, पुअनि भुनेश्वर मोची सहित जिला बल के जवान शामिल थे। गौरतलब हो कि विगत कुछ दिनों में तोरपा चौक स्थित मुर्गा अंडा दुकान, पेट्रोल पंप स्थित दिनेश किराना स्टोर, हिल चौक स्थित पान दुकान सहित कई अन्य प्रतिष्ठानों में चोरी की घटना को इन चोरों ने अंजाम दिया था।

## रैयतों का अनिश्चितकालीन धरना 16वें दिन भी जारी

**खलारी (आजाद सिपाही)।** बिहार कोलियरी कामगार यूनियन (सीटू) के बैनर तले जामुनदोहर में रैयत लगातार 16वें दिन भी धरने पर बैठे रहे। जामुनदोहर में सभी खतियानी रैयत और यूनियन के पदाधिकारी, विस्थापन, नौकरी और मुआवजा को लेकर धरना दे रहे हैं। खतियानी रैयतों ने कहा कि जब तक हमलोंगों का हक-अधिकार नहीं मिल जाता तब तक धरना जारी रहेगा। विश्रामपुर के रैयत सह बीकेसीयू के जोनल सचिव रतिया गंझू ने अनिश्चितकालीन धरना को लेकर कहा कि विश्रामपुर और तुमांग के रैयतों की जमीन को 1980 में ही अधिग्रहण कर लिया गया था। लेकिन अभी तक यहां के रैयतों को नौकरी और मुआवजे को लेकर सिर्फ ठगा जा रहा हैं। जामुन दोहर के रैयत करमा तुरी ने बताया कि धंसते हुए घरों तथा घरों में दरार को देखने के लिए कई बार सीसीएल के अधिकारी आए लेकिन झुठा आश्वासन देकर ठगते रहे। रैयत राजू भुईयां ने कहा कि सीसीएल पांच वर्षों से सिर्फ घर, नौकरी व मुआवजा देने की बात कहती है आई है लेकिन हम रैयत हम अपने टूटे हुए घरों में रहने को बेबस है। घरने पर बैठी रैयत शकुंती देवी ने बताया कि यहां बाहरी लोग लाभ ले रहे हैं, लेकिन हम रैयतों को सिर्फ आश्वासन मिल रहा है। सीसीएल प्रबंधन के उदासीन रवैया के कारण हम लोग मौत के साये में रहने को विवश हैं। धरना में रतिया गंझू, देवराज गंझू, जगन गंझू, विमल कुमार वर्मा, कर्मा तूरी, शिवपूजन गंझू, राजू भूईया, संतोष कुमार गंझू, रोशन गंझू, गुड़िया देवी, अनिल महतो दीपक महतो, मो सरफुद्दीन, दिनेश गंझू, शकुंती देवी, रामानी देवी, विमला देवी, नूतन देवी आदि बैठी हैं।

## शाल्या परवीन ने निविदा में कमीशनखोरी को लेकर प्रधानमंत्री और राज्यपाल को लिखा पत्र



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी पूर्वी क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य शाल्या परवीन ने रांची जिला परिषद के अभियंता पर कमीशनखोरी का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री और झारखंड के राज्यपाल को पत्र भेजा है। जिप सदस्य ने आरोप लगाया कि डीएमएटी फंड की योजनाओं की निविदा में पैसा लेकर गड़बड़ी की जा रही है। प्रधानमंत्री व राज्यपाल को भेजे पत्र में बताया है कि जिला परिषद रांची में डीएमएटी फंड के योजनाओं में जो निविदा निकाली जाती है उसमें कार्य के एग्रीमेंट के लिए ठेकेदार से 11 फीसदी कमीशन लिया जा रहा है। यह न केवल भ्रष्टाचार है, बल्कि इससे कार्य की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है। जिला अभियंता द्वारा निविदा खुलने की निर्धारित तिथि को निविदा न खोलकर एक सप्ताह के बाद निविदा को मैनेज किया जा रहा है। इससे साफ पता चलता है कि ठेकेदार से मोटी रकम लेकर निविदा मैनेज करने का खेल खेला जा रहा है। प्राक्कलन से कम रेट कोट होने के बावजूद शिड्यूल रेट पर कार्य आवंटन के लिए प्राक्कलन का पांच प्रतिशत अतिरिक्त नगद राशि जिला परिषद अभियंता द्वारा कमीशन के रूप में लिया जा रहा है। शाल्या परवीन ने प्रधानमंत्री व राज्यपाल से इस विषय की गंभीरता को ध्यान में रखकर आरोपित पर त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

## सीसीएल के करकट्टा आवासीय कॉलोनी में नियमित हो सफाई कार्य : रविंद्र पासवान



**खलारी (आजाद सिपाही)।** ऑल इंडिया एससी एसटी बीसी इम्पलाइज कोऑर्डिनेशन काउंसिल एनके एरिया अध्यक्ष रविंद्र पासवान ने एनके एरिया महाप्रबंधक को पत्र देकर करकट्टा स्थित सीसीएल आवासीय कॉलोनी में कचरा और गंदगी के अंबार की सफाई के लिए प्रतिदिन साफ-सफाई करवाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि सीसीएल आवासीय कॉलोनी में कचरा और गंदगी का अंबार लगा हुआ है। नालियां भी जाम होकर बजबजा रही है। एनके प्रबंधन द्वारा सफाई कार्य के लिए टेंडर कर सवेंदक के माध्यम से प्रतिदिन सफाई कार्य को शुरू करवाया गया था। लेकिन सफाई कार्य सही ढंग से नहीं होने के कारण नाकामयाब साबित हो रहा है। कहा कि आवासीय कॉलोनी में जमा कचरा और गंदगी से कॉलोनीवासियों में कई तरह की बिमारी होने का खतरा बना हुआ है। रविंद्र पासवान ने कहा कि वर्तमान में डेंगु का प्रकोप बढ़ा हुआ है। अगर कॉलोनी से कचरा, गंदगी और नालियों को साफ नहीं कराया गया तो बिमारियां होने से रोका नहीं जा सकता है। अंत में उन्होंने महाप्रबंधक से कॉलोनी में साफ-सफाई का कार्य नियमित करने का आग्रह किया है।

## सीएचपी कोल वाशरी में चोरी के आठ आयरन रोलर के साथ दो गिरफ्तार

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सीएचपी/सीपीपी कोल वासरी के समीप रविवार की रात सीआइएसएफ की क्यूआरटी टीम ने चोरी के आठ आयरन रोलर के साथ दो चोर को पकड़कर पिपरवार पुलिस को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार कोल वाशरी में डयूटी पर तैनात जवानों ने संदिग्ध अवस्था में दोनों चोर को देखा। इसकी सूचना सीआईएसएफ की क्यूआरटी टीम को दी। उधर, खबर पाकर निरीक्षक अतहर इमाम सुरक्षा जवानों के साथ मौके पर पहुंच गये और दोनों चोरों को हिरासत में ले लिया। इस दौरान दोनों चोर के पास से चोरी की आठ आयरन रोलर को जब्त कर ली गयी। जिसके बाद सीआईएसएफ की टीम ने दोनों चोर को पिपरवार पुलिस के हवाले कर दिया। गिरफ्तार किए गए चोरों की पहचान प्रयाग कुमार महतो और महेंद्र कुमार महतो के रुप में हुई है। महेंद्र चतरा जिले के पिपरवार थाना क्षेत्र के बन्हे ग्राम का रहने वाला है। इधर पिपरवार पुलिस ने दोनों के खिलाफ थाना में कांड संख्या 50/23 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही पूछताछ के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गयी है।

### निर्देश : 27 अक्टूबर से आयोजित होनेवाले कार्यक्रम को लेकर चर्चा

# निर्वाचन कार्यों का मिलजुल कर संचालन करें अधिकारी : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** समाहरणालय सभागार में सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में सभी आरओ और एइआरओ की बैठक हुई। जिसमें एक जनवरी 2024 को अर्हता तिथि मानकर मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के संबंध में विशेष चर्चा की गई। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिनांक एक जनवरी को अर्हता तिथि मानते हुए फोटो मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसएसआर- 2024) के संचालन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान बैठक में उपस्थित राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा के क्रम में आवश्यक सुझाव पर भी विचार-विमर्श किया गया। साथ ही 27 अक्टूबर से प्रारंभ किए जाने वाले विशेष अभियान को लेकर चर्चा की गई। बताया गया कि बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन किया जा रहा है,




अधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी लोकेश मिश्रा।

बीएलओ द्वारा अनिबंधित योग्य नागरिक एवं भावी मतदाता की सूचनाएं भी प्राप्त किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त मतदाता सूची में विद्यमान डुप्लीकेट का सत्यापन, एपिक डिस्ट्रीब्यूशन एवं अन्य कार्यों को लेकर चर्चा की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 जारी कर दिया गया है। इसके तहत 18 वर्ष पूरे करने वाले युवा मतदाताओं एवं छुटे हुए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से जोड़ना है। इस कार्यक्रम के सफल संचालन में सभी अधिकारियों/कर्मियों की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक स्तर से इस कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। आप सभी भी क्षेत्र में अपने स्तर से आमजनों को इस कार्यक्रम से अवगत कराएं। डीसी ने कहा कि निर्वाचन कार्यों का उचित रूप से संचालन किया जाना चाहिए। डीसी ने कहा कि सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी अपने-अपने बीएलओ, सुपरवाइजर तथा बीएलओ का नियमित मॉनिटरिंग करेंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें, जिससे बेहतर परिणाम मिल सके।

## राजस्व संग्रहण में तेजी लायें अधिकारी : लोकेश मिश्रा

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभागार में डीसी लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में सोमवार को राजस्व संग्रहण से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई। जिसमें राजस्व वसूली, ऑनलाइन दाखिल खारिज मामले, सक्सेशन म्यूटेशन, भू-हस्तांतरण, अवैध जमाबंदी सहित अन्य विषयों पर बिंदुवार समीक्षा की गई। इस दौरान डीसी ने राजस्व प्राप्ति की जानकारी ली और विभागवार सभी कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व संग्रहण करने का निर्देश दिया। उन्होंने परिवहन, उत्पाद, खनन, जिला अवर निबंधक, नगर पंचायत, विद्युत, मत्स्य और बाजार समिति से राजस्व संग्रहण के लिए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए।

## 16 नवंबर को तमाड़ में सोहराई जाहली एवं बरदखुंटा का आयोजन

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** टोटेमिक कुरमी/ कुड़मी विकास मोर्चा के बैनर तले सृष्टिधर महतो के आवास मरधान चौक (पूर्वी तमाड़) में कांग्रेस महतो की अध्यक्षता में बैठक की गई। जिसमें 21 नवंबर को मुख्यमंत्री आवास घेराव को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गयी। साथ ही बंदना पर्व (सोहराई) के अवसर पर 16 नवंबर को भुईयांडीह (आम बागान) में कुड़मी समाज की ओर से सार्वजनिक बरद खुंटा एवं जाहली का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में रांची जिला केंद्रीय सचिव अघनुराम महतो, केंद्रीय सदस्य काशीनाथ महतो, निरंजन महतो, मनोज महतो, भरत महतो, हरे कृष्णा महतो, पंचानन महतो, जीत मोहन महतो आदि थे।

## राम किशोर आज से करेंगे दुबई और आधुधाबी की यात्रा

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित राम किशोर साहू दुबई और आबुधावी की यात्रा 17 अक्टूबर से शुरु करेंगें। इसके पहले भी यूरोप, रूस, कनाडा व अमेरिका का भ्रमण कर चुके हैं। वे रिटायर शिक्षक हैं। इस यात्र में उनकी पत्नी लालमणी देवी भी जायेगी।

# हुड़दंगियों पर रहेगी पैनी नजर: बीडीओ

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** दुगार्पूजा को लेकर पिपरवार थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता टंडवा के बीडीओ देवलाल उरांव और संचालन पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने किया। बैठक में इस वर्ष भी पिपरवार में दुगार्पूजा का त्योहार आपसी भाईचारे के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सभी पूजा पंडालों में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम करने, सड़कों में स्ट्रीट लाइट लगाने, जर्जर सड़क की मरम्मत कराने, नियमित पानी का छिड़काव कराने, पूजा पंडालो में सीसीटीवी कैमरा लगाने, अग्निशामक यंत्र रखने सहित अन्य कई बातों पर चर्चा की गयी। बचरा दुगार्पूजा पंडाल में महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती और पंडाल सहित मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्णय लिया गया। वहीं, सभी पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरा लगाने को लेकर संबंधित पूजा समिति को निर्देशित किया गया। साथ ही पूजा पंडाल और मेला में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए पार्किंग की उचित व्यवस्था करने पर चर्चा की गई। पूजा कमेटी द्वारा वॉलेंटियर की तैनाती की भी बात कही गई। बीडीओ देवलाल उरांव ने क्षेत्र के सभी लोगों से आपसी एकता और सौहार्द के साथ दुगार्पूजा मनाने की अपील की। वहीं, थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने कहा कि क्षेत्र में सभी पूजा-त्योहार आपसी भाईचारगी के साथ मनाई जाती है और यह परंपरा आगे भी जारी रहेगा। पूजा को लेकर पुलिस पूरी तरह से सतर्क है और उत्पात मचाने एवं माहौल को खराब करने वालों को दंडित किया जाएगा। बैठक में अवर निरीक्षक रूपेश महतो, सीसीएल प्रतिनिधि उज्जवल कुमार, मुखिया गुंजन सिंह, रीना देवी, रेखा देवी, संगीता देवी, सरिता देवी, कुमारी अनुप्रिया, किरण देवी, राधा देवी, पिंकी सिंह, विद्यापति सिंह, इस्लाम अंसारी, रविन्द्रनाथ सिंह, राजेंद्र साव, विजय लाल, जितेंद्र कुमार, राजेश सिंह, इकबाल हुसैन, निर्मल सिंह, अश्विनी दराद, भीम प्रसाद मेहता, प्रमोद प्रसाद, सलीम जावेद, धीरेंद्र शर्मा, कृष्णा यादव, अभय सिंह, रविंद्र सिंह, कासिम उर्फ मुन्ना, हरिनारायण गंझु, उमेश मेहता, संजीव मिश्रा, इदरीस अंसारी, लक्ष्मण मंडल, मुंशी राम, मुकेश कुमार और रमेश मुंडा सहित कई लोग मौजूद थे।

## दिवड़ी मंदिर में शुरू हुआ शारदीय नवरात्र



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** दिवडी में स्थित प्राचीन कालीन सोलहभुजी दिवडी मंदिर में कलश स्थापना के साथ ही शारदीय नवरात्र शुरू हो गया है। किसी भी प्रकार की बली नहीं होगी। नवमी को बली शुरू की जायेगी। मंदिर को आकर्षक फुलो से सजाया गया है। मंदिर के पुजारी ने विधि विधान से कलश स्थापना करायी है।

## कृषक पाठशाला आयोजित

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गलऊ पंचायत अंतर्गत ठुगरूडीह गांव में कृषक पाठशाला का आयोजन किया गया। किसानों को ब्रांकली की वैज्ञानिक खेती विषय पर जानकारी दी गयी। सत्र का शुभारंभ गांव के डोमन मुखिया ने किया। बीटीएम दीनदयाल भगत द्वारा सभी प्रगतिशील किसानों का ब्लाकचैन एप में पंजीकृत कर ओटीपी भेजकर उपस्थित दर्ज किए और सभी को संबोधित करते हुए मिट्टी जांच एवं खेत कार्य मे महत्वपूर्ण अंग है।

### विधायक समरीलाल ने मैकलुस्कीगंज में किया पुल एवं सड़क का शिलान्यास

# खलारी-मैकलुस्कीगंज क्षेत्र में विकास के लिए सदैय तत्वर हूं रहता : समरीलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**मैकलुस्कीगंज।** मैकलुस्कीगंज क्षेत्र में सोमवार को कांके विधायक समरीलाल ने तीन विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। विधायक समरीलाल एवं भाजपा नेता सुरेन्द्रनाथ पाण्डेय सहित पंचायत प्रतिनिधियों ने शिलापट्ट हटाकर शिलान्यास किया। विधायक द्वारा किए गए शिलान्यास में मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत मैकलुस्कीगंज के बूथ फार्म जागृति विहार रोड स्थित एक पुलिया शामिल है। डीएमएफटी मद से बनने वाले मायापुर में पीसीसी पथ और कुंवार पतरा मोड़ पर कालीकरण पथ



निर्माण कार्य के लिए शिलान्यास किया गया। विधायक ने कहा कि वे खलारी एवं मैकलुस्कीगंज क्षेत्र के विकास व यहां के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर है। इस क्षेत्र में कई विकास कार्य चल रहे हैं। कई सड़क एवं पुल बनने वाले हैं। उन्होंने कहा कि मैकलुस्कीगंज क्षेत्र के विकास के लिए एवं इसकी पहचान बचाने के लिए समाजसेवी सुरेंद्रनाथ पाण्डेय हमेशा चिंतित रहते हैं और इसके लिए हमेशा सतत प्रयासरत है। समाजसेवी सह भाजपा नेता सुरेंद्रनाथ पाण्डेय ने कहा मैकलुस्कीगंज में विकास हो यही उनका प्रयास रहा है। क्षेत्र में बिजली एव सड़क की व्यवस्था सुदृढ करने के लिए काफी काम करवाया है। मैकलुस्कीगंज के सर्वांगीण विकास और उसे आगे ले जाने का सपना है। इस मौके पर शेखर बोस, जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, मुखिया पुतुल देवी, मुखिया पुष्पा खलखो, मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, अरविंद सिंह, अनिल गंझू, कार्तिक पाण्डेय, विधायक प्रतिनिधि श्याम सिंह, सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो, जितेंद्रनाथ पाण्डेय, शशि प्रसाद साहू, आनंद सिंह, रामधारी गंझू, रामसूरत यादव, रविंद्र मुंडा, शत्रुंजय सिंह, कुलदीप साहू, दिनेश प्रसाद, मनोहर यादव, दिलीप पासवान आदि मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### स्वच्छ भारत मिशन में लोग करें सहयोग : सीबी सहाय




**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबधंन की ओर से स्वच्छ भारत स्वस्थ्य भारत एंव फिट इंडिया मिशन के तहत मनाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत पिपरवार में स्वच्छता मार्च निकाला गया। पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबधंक सीबी सहाय के नेतृत्व में यह स्वच्छता मार्च बचरा चार नंबर खेल मैदान से प्रारंभ हुआ जो बंसत विहार, चार नंबर चौक, पटेल चौक, सब्जी मंडी, डीएवी स्कूल सहित अन्य जगहों का भ्रमण किया। इस दौरान स्वच्छ भारत स्वास्थ्य भारत सहित कई प्रकार के नारे लगाया गया। वहीं, स्वच्छता मार्च के तहत क्षेत्र के सभी लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस संबंध में जीएम सीबी सहाय ने कहा कि स्वस्थ्य शरीर के लिए स्वच्छता काफी जरूरी है। स्वच्छता से कई बिमारी और संक्रमण को दूर किया जा सकता है। वर्तमान में कोयलांचल क्षेत्र के लोग स्वच्छता के प्रति काफी जागरूक हुए हैं। उन्होंने कहा कि देशभर में स्वच्छता अभियान के तहत कई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। ऐसे में स्थानीय सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होंने ग्रीन पिपरवार क्लीन पिपरवार के लिए सभी लोगों को जागरूक होने और अपने आस पास के इलाको को स्वच्छ रखते हुए इस अभियान को सफल बनाने की अपील की। इस मौके पर एसओपी आलोक मनीष सोय, एसओसी सुमन कुमार, जीएसपी शर्मा, एके पाठक, अरूण कुमार महतो, हेमचन्द महतो, शिशिर गर्ग, सौमित सेनापति, उज्जवल कुमार, इस्लाम अंसारी, भीम प्रसाद मेहता, दिलीप गोस्वामी, अभय कुमार सिंह सहित कई सीसीएल अधिकारी, कर्मचारी और श्रमिक प्रतिनिधि मौजूद थे।

### सौमित्र पंकज भूषण ने ग्रहण किया तमाड़ अंचल पुलिस निरीक्षक का पदभार



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** पुलिस निरीक्षक राय सौमित्र पंकज भूषण, तमाड़ अंचल पुलिस निरीक्षक के पद पर सोमवार को योगदान दिये। इसके पहले बुंडू में पदस्थापित थे।

### करम मिलन समारोह का आयोजन



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** पांच परगना आदिवासी समाज की ओर से आयोजित ऐतिहासिक करम मिलन समारोह सलगाडीह बाजार टांड़ में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। करम मिलन समारोह कार्यक्रम बहनों द्वारा करम डाली गाड़कर व पाहान द्वारा आदिवासी विधि-विधान के साथ करम डाली की पूजा करते हुए किया गया। इसके बाद अखाड़ में करम नाच होता रहा। पूजा के बाद प्रसाद वितरण एवं अतिथियों द्वारा आदिवासी संस्कृति और परंपरा पर बौद्धिक दिया गया। अपने संबोधन में दुबराज मांझी, सिदाम मुंडा, लक्ष्मण सिंह मुंडा आदि ने कहा कि करम मिलन का त्योहार आपसी भाईचारा, प्रेम और संस्कृति परंपरा संरक्षण का प्रतिक है। साथ ही प्रकृति के साथ खुद को जोड़कर पेड़-पौधे का संरक्षण और संवर्धन करना उद्देश्य है। कार्यक्रम के माध्यम से आदिवासी एकता और संगठन को मजबूती प्रदान करना भी है। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक विकास कुमार मुंडा के साथ ही बुंडू प्रमुख, बुंडू जिप सदस्य परमेश्वरी शांडिल्य, तमाड़ सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा, सोनाहातु प्रमुख,उप प्रमुख, भाजपा की रीता देवी, मुखिया अनिता देवी प्रमुख रूप से उपस्थित हुए। वहीं कार्यक्रम में पूरे पांचपरगना क्षेत्र से हजारों महिला पुरूष अपने आदिवासी वेषभूषा में उपस्थित हुए एवं अपने सांस्कृतिक नृत्य का प्रदर्शन मनमोहक रूप से किया। कार्यक्रम में मुंडा, उरांव, पातर मुंडा, पुरान, लोहरा, आदि विभिन्न जनजातीय समुदाय के जिनमें पूर्णचंद्र मुण्डा, उदरकांत मुंडा, लक्ष्मण सिंह मुंडा, प्रदीप मुंडा,ललिन सिंह मुंडा,राम सिंह मुंडा, मानकी जगन्नाथ मुंडा, दुबराज मांझी, गंगाधर मुंडा, दिगम्बर लोहरा,प्रेमशाही मुंडा, लखींद्र मुण्डा, सहदेव मुंडा, मदन मांझी, कन्हाई पातर, हरि सिंह मुंडा, सिदाम मुंडा, कृष्ण मुंडा, अरुण पुरान, मेघनाथ पुरान, मेघलाल मुंडा, मदन सिंह मुंडा, त्रिलोचन पुरान, कैलाश पुरान, महेंद्र पुरान, गणेश पुरान, राम सिंह मांझी, नारायण मुंडा, देवकुमार उरांव, सुफल उरांव, मनकुमारी देवी, जुगेश मांझी, उमेश मुंडा, अविनाश मुंडा, करम सिंह मुंडा, श्री हरि सिंह मुंडा, छोटराय पुरान, विनीत पुरान, उप प्रमुख सविता देवी, सोनाराम मुंडा, सीताराम मुंडा, मुखिया धनमनी देवी, सुशीला देवी, पार्वती देवी, गुरुवा पुरान, वृंदावन पुरान, नंद किशोर मुण्डा, रामेश्वर मांझी, सुबोधकांत मुंडा, जगन्नाथ पुरान सहित हजारों लोग शामिल थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में पांच परगना आदिवासी समाज के सदस्यों सहित पुलिस प्रशासन, स्थानीय प्रबुद्ध जनों का सराहनीय योगदान रहा।

### रक्तदान महादान है : संजीव कुमार



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** धुर्वा मोड़ में जय हो सेवा संस्था की ओर से 12वीं बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रांची सदर अस्पताल की टीम ने रक्त संग्रहण किया। वहीं, रक्तदान शिविर का उद्घाटन बुंडू थाना प्रभारी संजीव कुमार ने किया। संस्था के संस्थापक राज किशोर कुशवाहा ने कहा कि जीवन बहुमूल्य है। इस जीवन को बचाने के लिए हमें सहयोग दें। रक्तदान महादान है। सभी मानवता की ओर एक कदम बढ़ाते हुए रक्तदान शिविर में भाग लेकर पुण्य के भागीदार बने। इस कार्यक्रम में महिलाओं ने भी बढ़कर कर हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर में 90 यूनिट ब्लड संग्रहण किया गया। इस मौके पर बुंडू जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी सांडिल्य, तमाड़ पश्चिमी जिला परिषद सदस्य विजय सिंह मानकी, रमेश मुंडा, ताराचंद सिंह मुंडा, हरिहर महतो, जगदीश गुप्ता, गोवर्धन मछुआ, रंजीत लाहेरी सहित अनेक गणमान्य लोग एवं समाजसेवी उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 17 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in


## बेड़ो के स्वांसी पांड समाज की बैठक

# सभी के विकास के लिए समर्पित है सरकार : बंधु



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के नेहालु टीकरा में स्वांसी पांड समाज की बैठक पूर्व मंत्री सह झारखण्ड सरकार के समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की की उपस्थिति में किया गया। बैठक में 1932 के सर्वे खातियान में स्वांसी जाति अनुसूचित जाति में है। परन्तु खातियान में उनकी जाति कौम पांड़ दर्ज है। इसमें सरकार से अपेक्षित सुधार की मांग की गयी। मौके पर बंधु तिर्की ने कहा है कि राज्य सरकार सभी के विकास के लिये समर्पित है। आप लोगो कि मांग मुख्यमंत्री के समक्ष रखुंगा। उन्होंने आगे कहा कि सभी लोगों को सरकार की विकास योजनाओं का लाभ उठाते हुए आपसी सहयोग से आगे बढ़ना चाहिये। उन्होने कहा कि अपने उन्नयन, विकास और बेहतर शिक्षा के प्रति सभी को पूरी तरह से समर्पित और जागरूक बनकर काम करना चाहिये। बैठक में खूंटी, सिमडेगा, तोरपा, बुंडू, तमाड़, लापुंग, बेड़ो प्रखंड के स्वांसी समाज के प्रतिनिधि शामिल थे।

## कचरे का ढेर, बदबू से लोग हैं परेशान



**रातू।** प्रखंड के कमड़े से पंडरा तक काठीटांड- रांची मार्ग एनएच 75 में सड़क के दोनों किनारो में कचरे की पहाड़ व वहां से निकलने वाली बदबू से स्थानीय लोगों के अलावा राहगीरों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कचरे की साफ सफाई को लेकर सांसद व विधायक से भी आग्रह किया गया था परन्तु कोई फायदा नही हुआ। आजसू के हटिया प्रभारी भरत कांसी से लोगो ने कचरे की साफ सफाई का आग्रह किया इसके उपरांत श्री कांसी ने अपने निजी फंड से सोमवार को जेसीबी व ट्रेक्टर की मदद से कचरे की ढेर को हटवाने की शुरूआत कर दी। श्री कांसी ने बताया कि दुर्गा पूजा से पहले-पहले रातु कमड़े से लेकर पंडरा तक सड़क किनारे डंपिंग यार्ड बने कचरे को हटा दिया जायेगा। इन जगहों पर करीब छह महीनों से कचरा का पहाड़ बना हुआ था। जिससे काफी दुर्गंध आ रही थी। राहगीरों का इस रास्ते मे चलना मुश्किल हो गया था। ताज्जुब की बात है कि इसी रास्ते से मंत्री से लेकर के बडे अफसर व ब्लॉक के अधिकारी गुजरते है। परन्तु किसी ने भी इसकी सफाई करना जरूरी नही समझा। प्रशासन की ओर से दुर्गा पूजा कमेटी के लोगो को भी साफ सफाई कराने की बात कही गयी थी। परन्तु साफ सफाई का काम नही हो पाया था। भरत कांसी के इस कार्य के लिये दुकानदार संघ व ग्रामीणों ने आभार जताया है।

## बाल विवाह मुक्त कार्यक्रम का आयोजन



**बेड़ो।** कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन सह सिंदुआर टोला ग्रामोदय विकास विद्यालयऔर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मैदान में सोमवार को बाल विवाह मुक्त भारत बनाने को लेकर जागरकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बाल विवाह मुक्त भारत कार्यक्रम को लेकर 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का विवाह जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ लोगों को जागरूक किया। इस दौरान बाल विवाह मुक्त समाज की शपथ दिलाई। मौके पर विधायक प्रतिनिधि करमा उरांव ने कहा ने कहा कि बाल विवाह, बच्चों के अधिकारों का न सिर्फ उलंघन है, बल्कि उनके सपनों की हत्या भी करता है। इसे हम सभी को मिल कर रोकना होगा। मुखिया नीरज कुजूर ने कहा बच्चों के प्रति होने वाले इस युग के सबसे बड़े अपराधों में बाल विवाह एक है। इससे न केवल बच्चों की शिक्षा बाधित होती है, बल्कि कम उम्र में गर्भधारण से मां और शिशु की मृत्यु भी होती है। जहां नारियों को अलग-अलग रूपों में पूजा जाता हो, उसी देश में बाल विवाह की सबसे अधिक मामले सामने आते हैं। भारत पर लगे इस कलंक को हर हाल में समाप्त करना और बाल विवाह मुक्त भारत का निर्माण करना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। बाल विवाह, बाल श्रम और ह्यूमन ट्रैफिकिंग रोकने तथा बच्चों की शिक्षा सुरक्षा के लिए कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन का यह प्रयास सराहनीय है।इसमें हम सभी जनप्रतिनिधि उनके साथ हैं। मौके पर मुखिया जतरु उरांव,रमेश उरांव,महावीर उरांव,पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा एसजीवीवी के जिला समन्वयक सुमित राजा स्वपन मन्ना,समन्वयक गौतम हलधर, उपेंद्र सिंह समुदाय उत्प्रेरक संजय लकड़ा व नीलिमा तिर्की मौजूद थे।

## सामाजिक संस्था नव युवक सदस्यों की बैठक

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी प्रखंड क्षेत्र के सामाजिक संस्था नव युवक जनकल्याण रावण दहन समिति लालगुटूवा कठहल मोड़ के बैनर तले सभी सदस्यों की बैठक सोमवार को समाजसेवी बब्लू महतो की अध्यक्षता में की गयी बैठक में रावण दहन का विशेष रूप से चर्चा की गई जिसमें विजय दशमी के दिन पर नवयुवक जनकल्याण समिति कटहल मोड़ के द्वारा भव्य रावण दहन का आयोजन किया जाएगा । इस वर्ष 50 फिट का रावण 40 फिट का कुंभकरण और 40 फिट मेघनाथ का पुतला बनाया जा रहा है।

## बाल विवाह पर जागरूकता अभियान संपन्न



**लापुंग।** लापुंग प्रखण्ड के सभागार में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एमानुएल जयवीरस लाकड़ा की अध्यक्षता में बैठक किया गया । इस बैठक में बाल विवाह से आजादी अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शपथ के साथ किया गया। इस अभियान का मुख्य मकसद जनमानस को जागरूक करते हुए बाल विवाह के विरुद्ध सकारात्मक माहौल तैयार करना, एवं अंतर क्षेत्रीय, अंतर विभागीय और अन्य हितधारकों के साथ ब्यापक जागरूकता कायम करना था। 18 वर्ष से पूर्व बालिकाओं के विवाह करना अपराध है इसमे विवाह करने व कराने वाले दोनो पर कानूनी करवाई करने की बात बीडियो ने दिया। कार्यक्रम में प्रखण्ड प्रमुख कँचन उरांव, उपप्रमुख विश्वनाथ मुंडा, अंचल अधिकारी पंकज कुमार, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षक, जनसेवक, पंचायत सचिव, मुखिया , प्रखण्ड कर्मी, और आंगनबाड़ी सेविका उपस्थित थे।

# 53 गायें और तीन पिकअप वैन जब्त, चार तस्कर गिरफ्तार

नसीम अंसारी और एक नाबालिग 13 वर्षीय बच्चे को गिरफ्तार किया गया

मुख्य तस्कर फरार



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांके।** थाना क्षेत्र के हुसीर गांव कांके से 53 गोवंश मवेशी कांके थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर तीन वाहन सहित जब्त किया है। कांके थाना प्रभारी आभास कुमार ने बताया कि उसे गुप्त सूचना मिली थी कि हुसिर गांव के एक घर में काफी संख्या में मवेशी रखा हुआ है उसे बाहर कोलकात्ता भेजने की तैयारी की जा रही है। उसके बाद थाना प्रभारी ने टीम गठित कर हुसीर गांव में नूर मोहम्मद के घर छापामारी कर 53 मवेशीयों को जब्त किया। इसके बाद घर के बाहर खड़े तीन पिकअप वैन को भी जप्त कर लिया। इसी पिकअप वैन से मवेशीयों को बाहर भेजने की तैयारी थी। इसके बाद 53 मवेशी को जब्त कर ओरमांझी स्थित गौशाला भेजा गया। मौके से हुसीर निवासी नूर मोहम्मद व बताकनादू निवासी इरफान अंसारी, नसीम अंसारी व एक नाबालिग 13 वर्षीय बच्चे को गिरफ्तार किया गया। वहीं मौके से तीन पिकअप वैन व चार दो पहिया वाहन भी जब्त किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार मवेशियों का तस्कर कुर्बान अंसारी हुसिर निवासी और कटमकुली गांव थाना पिठोरिया निवासी इरफान अंसारी है। इधर ग्रामीणो ने बताया कि नूर मोहम्मद किसान है। पुलिस ने गलत ढंग से उसके घर के खूंटा में काफी दिनों से बंधा मवेशी को खोलकर जब्त कर फंसाने की साजिश किया है। वहीं नूर मोहम्मद के घर के भीतर रखा दो पहिया वाहन को भी पुलिस घर से निकालकर गलत ढंग से जब्त किया है। वही ग्रामीणों का कहना है की नाबालिग बच्चा मवेशीयों को चारा पानी दे रहा था। वह गौ तस्कर नहीं हो सकता है।

# खिजरी विधानसभा समन्वय समिति की बैठक

आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीति बनायी गयी।




आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** खिजरी विधानसभा समन्वय समिति की एकदिवसीय बैठक सोमवार को खिजरी विधायक राजेश कच्छप के लुपुगंटोली नामकुम स्थित आवास पर आयोजन किया गया। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीति बनाई गयी। मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, विशिष्ट अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप, पूर्व विधायक केशव महतो कमलेश, समन्वय समिति के प्रभारी अनादि ब्रह्म, रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश किरण महतो ने संयुक्त रूप से संबोधित करते हुये संगठन की मजबूती और लोकसभा में जीत सुनिश्चित करने को लेकर टिप्स दिये। बैठक में खिजरी विधान सभा क्षेत्र के कांग्रेस, जेएमएम, राजद, माले एवं अन्य गठबंधन पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को गठबंधन के उम्मीदवार को भारी मतों से जीत दर्ज करने की बात कही। बैठक में मुख्य रूप रांची महानगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष नीतू, रांची जिला ग्रामीण महिला कांग्रेस मेरी तिर्की, सुन्दरी तिर्की, राजद के पदाधिकारी मुस्ताफा, कल्याण लिण्डा और अन्य पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक



**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी के नवनिर्मित ओपी दलादिली में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता इंस्पेक्टर राजकुमार यादव ने किया.बैठक में लालगुटवा, सपारोम, दलादिली, मेराल सहित कई गांव के ग्रामीण शामिल हुए। बैठक में दुर्गा पूजा के दौरान हो रही परेशानियों ने प्रशासन को अवगत कराया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी मनीष कुमार ने संचालन करते हुए कहा कि दुगार्पूजा को शांति और भाईचारगी के साथ मनाए। सोशल मिडिया की अफवाह पर ध्यान न दे, बाजा रात 10 बजे के बाद नहीं बजावें। रोड में कई जगह पर गड्ढे हो गये है उसे सामाजिक प्रयास से भरा जाना चाहिये ताकि ग्रामीणों को कोई दिक्कत न हो .किराया देने समय एक सुचना दलादिली ओ पी लिखित सुचना दें।

## जागरूकता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**बेड़ो।** रातू प्रखंड के गडरी गुड्डू स्थित मारुति मंगल भवन में मारुति मंगल परिवार के द्वारा मंगलवार से तीन दिवसीय छात्र छात्राओं में जागरूकता के लिए प्रशिक्षण शिविर का किया गया है। जिसमें 5 से 10 कक्षा के बच्चों को प्रशिक्षित किया जायेगा। शिविर में जुआ, शराब,अंधविश्वास बाल विवाह, सड़क दुर्घटना, अनुशासन और अन्य सामाजिक कुरीतियों से कैसे बचे और अपने संस्कार संस्कृति की रक्षा क्यों जरूरी है, शिक्षा प्राप्त कर रोजगार से कैसे जुड़े एवं स्थानीय खान, पान रहन, सहन, वेश भूषा पर शर्म नहीं गर्व करना चाहिए, जीवन में योग व्यायाम एवं खेलकूद का महत्व स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है जैसे विषयों पर बच्चों को प्रशिक्षित किया जायेगा। शिविर में प्रशिक्षक के रूप में लोहिया पब्लिक स्कूल के शिक्षक प्रेम सागर महतो मारुति मंगल परिवार के केंद्रीय अध्यक्ष विक्रम महतो कोषाध्यक्ष मुकुंद महतो संगठन प्रमुख सुमेश महतो जिला समिति सदस्य निरंजन गोप,मदन कुमार भोला कोईरी व प्रखंड स्तरीय सक्रिय सदस्य कामेश्वर बेदिया, जन्मेजय के द्वारा बच्चों को प्रशिक्षित किया जायेगा।

## आदिवासी बच्ची से जबरदस्ती करने के आरोप में जेल

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी थाना क्षेत्र के नारो गांव में रविवार को लगभग 45 वर्षीय एक मुस्लिम युवक ने लगभग 10 साल की एक आदिवासी बच्ची से जबरदस्ती करने का मामला नगड़ी थाना में मामला दर्ज हुआ है नगड़ी पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए नगड़ी थाना क्षेत्र के आरोपी युवक सादिक अंसारी को जेल भेज दिया जो प्रथामिकी के अनुसार थाना क्षेत्र के नारो के निवासी था।

## साइबर स्वच्छता और सुरक्षा पर कार्यशाला




**पिस्कानगड़ी।** वन उत्पादकता संस्थान लालगुटवा रांची में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत साइबर स्वच्छता और सुरक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड के साइबर अपराध सुरक्षा विशेषज्ञ मंसूर अहमद द्वारा इंटरनेट के माध्यम से हो रहे अपराधों और इन अपराधों से बचाव और सुरक्षा की जानकारी दी गयी। इन्होंने साइबर अपराध, साइबर धोखाधड़ी, साइबर स्पूफिंग, साइबर बुलीग, डिजिटल पहचान की चोरी सहित डाटा उल्लंघन और साइबर सुरक्षा के कई पहलुओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इन्होंने सुझाव दिया कि मजबूत पासवर्ड बनाएं तथा इसमें नियमित बदलाव करें निजी जानकारी साझा ना करें अज्ञात व्यक्ति का कॉल ना उठाएं तथा सरकार द्वारा निर्देशित मार्गदर्शन का पालन करें।

## विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन

### अशोक ने लिया चान्हो के नये बीडीओ का प्रभार



**चान्हो।** चान्हो प्रखंड सभागार में सोमवार को विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। सुलेमान मुण्डरी को विदाई दी गई जबकि अशोक कुमार का नये बीडीओ के रूप में स्वागत किया गया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए श्री मुंडरी ने कहा कि जीवन का यह दस माह मेरी जिंदगी में सदा ही अविस्मरणीय रहेगा। आप लोगों का प्रेम मुझे प्राप्त हुआ है इसे मैं कभी भुला नहीं सकता। हमारे कार्यकाल में हमारा प्रखंड हमेशा उचाईयों पर रहा है जिसका श्रेय मैं अपने कर्मियो को और आप सबों को देता हूं। समारोह को नव प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मुझे भी भरोसा है कि आप सबों का सहयोग मिलता रहेगा। इनके किए हुए कार्यों को मैं और आगे बढ़ाऊंगा। मुखिया जन प्रतिनिधि विकास की कड़ी हैं। इस अवसर पर अंचलाधिकारी संजीव कुमार, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी गुंजन कुमार, इश्तियाक अनवर, रंजीत सिंह , चुमनु तिर्की, उपेंद्र सिंह, अरशद हुसैन समेत अन्य सभी पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

# वाइबीएन विवि में खादी फैशन शो का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** वाइबीएन विश्वविद्यालय के एनएसएस इकाइयों द्वारा सोमवार को खादी महोत्सव के तहत खादी फैशन शो का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में किया गया। एनएसएस क्षेत्रीय कार्यालय पटना खादी महोत्सव के तहत खादी फैशन शो का आयोजन किया गया था। इस दौरान एनएसएस समन्वयक ई कौशल किशोर ने बताया कि खादी वस्त्रों के रॉयल लुक के साथ उत्कृष्ट डिजायनों को देख कर फैशन शो के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न फैशन डिजायन सिल्क, सूती एवं ऊनी उत्पाद कटिया, मुंगा, मलवरी, तसर, पेपर सिल्क के साड़ी समीज-सलवार, कुर्ता - पैजामा, शर्ट और बंडी, धोती-कुर्ता, गमछा, रूमाल, खादी मास्क इत्यादि की प्रदर्शन किया। मौके पर वाईबीएन विश्वविद्यालय प्रशासन समिति की उपस्थिति के साथ-साथ विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी, शिक्षक और छात्र-छात्राएं मुख्य रुप से उपस्थित थे। खादी फैशन शो के जज के रूप में डीन आर्ट्स और ह्यूमैनिटीज डॉ आरती गुप्ता, डीन स्कूल ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट डॉ ब्रजेश कुमार सिंह, प्रधानाचार्य स्कूल ऑफ लीगल स्टडी डॉ शम्मी केश रॉय थे। खादी फैशन शो में प्रथम पुरस्कार सुलेखा बेरुली, दूसरा अनिमा और तीसरा पुरस्कार आस्था कच्छप को मिला। फैशन शो को सफल बनाने में एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक, ई० कौशल किशोर, डॉ अंजनी सिंह, डॉ अर्पणा शर्मा, डॉ आभा कुजूर, डॉ सुभाशीष सिन्हा, नम्रता कुमारी, प्रेरणा भारती और नेहा डेम्टाका अहम योगदान रहा। डॉ अर्पणा शर्मा डीएसडब्ल्यू द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया।

## सीआइटी में शोकसभा के बाद कक्षाएं स्थगित

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सीआईटी कर्मी हरिया मुंडा (53) की आसामयिक मृत्यु को लेकर सोमवार को संस्थान में शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसके बाद अवकाश की घोषणा कर दी गयी। शोकसभा को सम्बोधित करते हुये प्रभारी प्राचार्य प्रो अरशद उस्मानी ने कहा कि स्व हरिया मुंडा का निधन काफी दुःखद है। वे मृदुभाषि और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे। भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

मालूम हो कि स्व हरिया मुंडा वर्कशॉप में टर्नर के पद पर कार्यरत थे। वे अनगड़ा चंद्राटोली के रहने वाले थे। दो माह पूर्व लकवा के आघात के कारण बीमार पड़े थे और समफोर्ड अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। जहां रविवार को उनकी मौत हो गयी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा झारखंड प्रदेश की बैठक, कमेटी का विस्तार



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा झारखण्ड प्रदेश की एक बैठक रविवार को बंधन वैंक्वेट हॉल टाटीसिलवे में हुई। बैठक में महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रेम वर्मा, प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र कुमार, परशुराम, रमण, राजेश वर्मा आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा की गई तथा संगठन की मजबुती को लेकर कमेटी का विस्तार किया गया। सर्वसम्मति से महासभा टाटीसिलवे ग्रामीण इकाई का गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष संतोष कु वर्मा, उपाध्यक्ष नरेन्द्र प्रसाद एवं सचिव विनोद सिंह बनाए गये। वहीं महिला मोर्चा की अध्यक्ष गीता देवी एंव उपाध्यक्ष रीता देवी चुनी गयी। इस अवसर पर जितेन्द्र कुमार ने नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया तथा भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कहा कि समाज को एकजुट कर अपने हक-अधिकार की लड़ाई के लिए हमेशा तत्पर रहने की जरूरत है। बैठक में सैकड़ो की संख्या में चंद्रवंशी समाज के लोग मौजूद थे।

## वन रक्षा समिति के लोग लड़ेंगे हक-अधिकार की लड़ाई



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** बोंगईबेड़ा पंचायत के तिलैयाजारा बोन अखरा में जेबीकेएसएस की बैठक हुई। बैठक में वनाधिकार, स्थानीय नियोजन नीति सहित अन्य झारखण्डी मुद्दों पर चर्चा की गयी। बैठक में जेबीकेएसएस जिला इकाई के सक्रिय सदस्य लखीन्द्र महतो, जलेश्वर उर्फ मार्शल महतो, सुमित कु महतो, फलिन्द्र करमाली, राजकिशोर महतो, चंदन, सुधांशू, मंटू, रंजीत, रूपेश, सुरेन, महाबीर महतो समेत वन रक्षा समिति के सदस्य मौजूद थे।

## बेड़ो में दिव्यांग शिविर का आयोजन

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय के परिसर में सोमवार को झारखंड दिव्यांग संघर्ष समिति बेड़ो के द्वारा दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एलमनो अप्सरा सेंटर रांची द्वारा दिव्यांग जनों का जांच के बाद शिविर में आये 80 दिव्यांगों का पंजीकरण किया गया। शिविर को सफल बनाने में जाहिद अंसारी, लालू उरांव, अशोक महतो, सुनीता कुजूर,कुंवारी खलखो, संजय राम,विश्वनाथ उरांव,बसंती स्वांसी ने सराहनीय योगदान दिया।

## रामचरित मानस पाठ से भक्तिमय हुआ बेड़ो



**बेड़ो।** श्री श्री दुर्गा पूजा महासमिति के तत्वावधान में महादानी मंदिर परिसर में बने पंडाल व दुर्गा मंदिर में आयोजित शारदीय नवरात्र से पूजा स्थल व आसपास का क्षेत्र भक्ति से सरावोर हो गया है। संगीतमय नवाह्न रामचरितमानस पाठ,दुर्गा सप्तशती के पाठ,भक्ति गीत की गूंज,आरती व मां के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया है। सोमवार को मां के दूसरे रूप ब्रम्हचारिणी की पूजा-अर्चना श्रद्धा के साथ हुई। वही एकल अभियान के संच अध्यक्ष रमेश प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में दो दशक से आयोजित रामचरित मानस पाठ शारदीय नवरात्र में कलश स्थापना के पहले दिन के पूजा से आरंभ होकर दूसरे दिन जारी हैं। जहां श्री हरि सत्संग समिति झारखंड प्रदेश के व्यास भगीरथ मुर्मू, सुकमर्ता सरदार,राजेंद्र भोक्ता, सुखराम बेदिया, योगेंद्र पांडेय,राजेंद्र कुमार, निर्मल बेदिया, श्यामल, रीता, अमृता,छिता देवी व उनके सहयोगी द्वारा बहुत ही सुंदर तरीके से रामचरितमानस का धारा प्रवाह पाठ किया जा रहा है। जहां राम चरित्र मानस पाठ को सुनने के लिए प्रतिदिन काफी संख्या में श्रद्धालु भक्त पहुंच रहे हैं। वहीं दुर्गा मंदिर परिसर में शारदीय नवरात्र के अवसर में कलश स्थापित कर मां दुर्गा का पाठ किया जा रहा है। सुबह शाम माता के आरती में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। मंदिर प्रांगण में जन सहयोग से महा समिति सदस्यों के नेतृत्व में केदारनाथ के प्रारूप का भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। इधर बेड़ो के तुको, खत्री खटंगा,पाकलमेढ़ी,घाघरा,ईटा चिल्द्री मुरतो व दिघिया में पूजा अर्चना की जा रही है।

## आइएचएम रांची ने मनाया विश्व खाद्य दिवस



**मांडर।** विश्व खाद्य दिवस मनाने हेतु इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईएचएम) राँची में चान्हों स्थित ₹अमर ज्योति स्कूल फॉर द ब्लाइंड के कक्षा एल केजी से कक्षा दसवीं के दृष्टिहीन छात्रों को सिस्टर प्रीती एवम सिस्टर माधुरी के नेतृत्व में संस्थान के सभी संबंधित लैब जैसे प्रशिक्षण किचन, फ्रंट ऑफिस, हॉउसकीपिंग तथा रेस्टुरेंट का भ्रमण कराया गया साथ हीं लैब में उपयोग में किये जा रहे उपकरणों के इस्तेमाल के बारे में भी सिखाया गया। इस दौरान अमर ज्योति, चन्हों स्कूल के छात्रों ने स्थानीय गीतों पर नृत्य एवम संगीत की प्रस्तुति दी जिसे सबने काफी सराहा। आईएचएम रांची के हर एक छात्र ने इस आयोजन को सफल बनाने में अपनी सहभागिता दी जैसे की अपने हाथों से भोजन कराना, बच्चों के साथ समय बिताना इत्यादि। संस्थान के प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार ने छात्रों के संस्थान भ्रमण को सफल बनाने हेतु अमरज्योति स्कूल का अभिवादन करते हुए बताया की ये बच्चे हमारे लिए मुख्य अतिथि हैं तथा इस संस्थान भ्रमण का मुख्य उद्देश्य इन छात्रों के साथ विश्व खाद्य दिवस को मनाना तथा संस्थान में पाठ्यक्रम के दौरान पढ़ाये जा रहे विभिन्न प्रकार के व्यंजनों से रूबरू कराने से था। साथ हीं संस्थान के छात्रों को अपने छुट्टी के दिन इन छात्रों के साथ व्यतीत करने तथा अपने ज्ञान को इनके साथ साझा करने का निर्देश दिया। साथ हीं बताया की विधानसभा मैदान में आयोजित ₹विश्व खाद्य दिवस₹ में आईएचएम रांची के स्टॉल पर झारखंडी व्यंजनों को प्रदर्शित कर जन जन तक पहुंचाया जा रही है।

## गायब बिरहोर दंपति को पुलिस ने पटना से खोज निकाला



**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के पहाड़सिंह बिरहोर टोली से विगत एक सितंबर से बहादूर बिरहोर अपनी पत्नी और एक बच्ची के साथ लापता था। मामले को लेकर पूरा पुलिस प्रशासन हलकान था। घर में अकेली रह रही उसकी दो बेटियों को पुलिस प्रशासन नें अपने शरण में लेकर उनका नामांकन तमाड़ स्थित बोर्डिंग स्कूल में करा दिया था। परंतु लापता इस दंपति को ढुंढ कर निकालना अनगड़ा पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौति बनी हुई थी। थानेदार दिलेश्वर कुमार ने लापता इस दंपति को खोज निकालने के लिए लगातार अपने मिशन में लगे हुए थे तथा कई संभावित ठिकानों में उनकी तलाश की थी। आखिरकार थानेदार की मेहनत रंग लाई और पटना में उनके आवासित रहने का पता चल गया। शनिवार को लापता बिरहोर दंपति को सकुशल रांची लाया गया। थानेदार ने बताया कि विगत एक सितंबर को ट्रेन से पतल-दातुन बेचने के लिए यह दंपति रांची निकला था। पुनः रांची से ट्रेन में हीं वापस घर लौटने के क्रम में यह दंपति भटक कर पटना पहुंच गया था। इधर रविवार को पुलिस ने थाना में इस दंपति को मुखिया एवं अन्य लोगों को सकुशल सुपूर्द किया।

### कार्रवाई : सात वर्षीय बच्चे को कुएं में धकेलने के आरोपी को भी पुलिस ने दबोचा

# लेवी वसूलने आया टीएसपीसी का एरिया कमांडर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता


पकड़े गए आरोपितों की जानकारी देते छतरपुर के एसडीपीओ अजय कुमार व अन्य।

**हरिहरगंज/पलामू।** थाना क्षेत्र के खड़गपुर में रविवार को लेवी वसूलने आये टीएसपीसी संगठन के एरिया कमांडर और सात वर्षीय बच्चे को कुंए में धकेलने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में सोमवार को भेज दिया गया है। इसकी जानकारी छतरपुर एसडीपीओ अजय कुमार ने संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर दी। उन्होंने बताया कि टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के महेश्वर राम उर्फ विक्रम जी उर्फ कुंदन जी उर्फ शेखर जी मंगरदाहा के भांवर टोला गांव निवासी के पास लेवी वसूलने आया था। जिसकी गुप्त सूचना पुलिस को मिली। वरिय पदाधिकारी के निर्देश पर टीम गठित कर मंगरदाहा ढोढा के पास सुन सान जगह पर बनी झोपड़ी के पास छापामारी की गयी। वहीं उग्रवादी को बैठा देखा पुलिस ने पकड़ने की कोशिश की। पर पुलिस को आता देख भागने लगा, पर दौड़ा कर पकड़ लिया गया। पूछताछ के बाद टीएसपीसी उग्रवादी संगठन का एरिया कमांडर होने की पुष्टि की गई। उसके पास से एक देशी लोडेड कट्टा, 315 का जिंदा कारतूस, दो मोबाईल फोन, एक डायरी और टीएसपीसी उग्रवादी संगठन का पर्चा बरामद किया गया है। उधर, हरिहरगंज थाना क्षेत्र के लंगुराही टोला घाघरा निवासी नंदकेश्वर भुइंया ने अपने सात वर्षीय पुत्र संदीप कुमार को कुंए में धकेल कर हत्या करने का आरोप पीपरा घाघरा निवासी युगेश भुइंया के पुत्र संदीप कुमार पर लगाया गया था। एसआई लाला बहादुर हरिजन के अनुसंधान के क्रम में पता चला कि नंदकेश्वर के पुत्र संदीप को कुंए में धकेलने से मौत हुई है। वहीं युगेश भुइंया के आरोपी पुत्र संदीप को पकड़ड कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छपामारी दल में हरिहरगंज पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास, पत्थरा ओपी पुलिस अवर निरीक्षक नितीश कुमार आदि शामिल थे।

## नवरात्र में कन्याओं को भोजन कराने और पौधा-पानी देने से होती है सुख-शांति-समृद्धि की प्राप्तिः कौशल

**प्राकृतिक कलश यात्रा में पर्यावरणविद ने कन्याओं को नवरत्न पौधा व पानी देकर की उनकी पांव की पूजा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने छतरपुर प्रखंड के सहरसवा में कलश स्थापना और नौ दिनी रामकथा प्रवचन का शुभारंभ करने के साथ ही पाटन प्रखंड के कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के उद्घोष के साथ नवरत्न पौधों की स्थापना कर कन्याओं को प्रकृति कलश के रूप में पौधा व पानी उपलब्ध कराकर उनके पांव पूजन किया। उन्होने कहा कि नवरात्र में फलहार भोजन करने का विधान है। इसलिए उन्होंने लोगों के बीच नवरत्न फलदार व पूजनीय पौधों का निःशुल्क वितरित किया। कौशल किशोर ने कहा कि जिस प्रकार प्रतिवर्ष लोग नवरात्र में घर-परिवार की खुशहाली व आत्मा की शांति के लिए घर में कन्याओं को भोजन-पानी कराते हैं। उसी तरह धरती और ब्रह्मांड की आत्मा की शांति और प्रदूषण से मुक्ति के लिए पूरे नवरात्र के समय कन्याओं को पौधा-पानी भी देना चाहिए। तभी नवरात्र में कलश पूजा और दुर्गा पूजा की सार्थकता बनी रहेगी और समाज में भी अमन चैन व शांति कायम रहेगी। उन्होंने पर्यावरण, प्रकृति और प्रदूषण से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां स्कूली बच्चों को बताया एवं उन्हें दैनिक जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया। उन्होंने वृक्षों पर रक्षाबंधन भी किया। अयोध्या से प्रवचन करने आये पद्मेश जी महराज और विद्यालय के वार्डन अर्चिता सिंह ने पर्यावरण के क्षेत्र में पर्यावरणविद कौशल की ओर से देश-विदेश में किये जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर पूर्व मुखिया दशरथ प्रसाद, बसंत विश्वकर्मा, सरिता देवी, मुरली प्रसाद, बैजनाथ प्रसाद, पूरन यादव, उपेंद्र पासवान, कमलेश शर्मा, वीरेंद्र विश्वकर्मा, अनिल प्रसाद, नाथ जी यादव, राजेंद्र प्रसाद, रामजीवन प्रसाद, कमलेश प्रसाद, विवेक प्रसाद, आराधना सिंह, रीना कुमारी, प्रीति सिंह और रिचा कुमारी आदि उपस्थित थे।

## हरिहरगंज नगर पंचायत में साफ-सफाई और समतलीकरण का कार्य प्रगति पर

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के हरिहरगंज नगर पंचायत कार्यपाल प्रभारी पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी कामेश्वर बेदिया के निर्देश पर सोमवार को नप क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सफाई व समतलीकरण का कार्य कराया गया। इस दौरान सामुदायिक संगठन करता विचित्र कुमारी की देखरेख में अररुआ खुर्द शिव मंदिर के अलावे अन्य जगहों पर गढ़ों में स्टोन डस्ट भरकर समतलीकरण किया गया। साथ ही क्षेत्र के कई जगहों पर लगे कूड़े-कचड़े को हटाया गया और साफ सफाई कर उस जगह को स्वच्छ किया गया। मौके पर सामुदायिक संगठन कर्ता विचित्र कुमारी ने बताया कि कार्यपालक पदाधिकारी के निर्देश पर शारदीय नवरात्र पर्व को देखते हुए शहर के सभी जगहों पर सफाई और समतलीकरण का कार्य किया जा रहा है। साफ-सफाई जारी रहेगी।

## मृतक के परिजनों से मिले समजसेवी, की आर्थिक मदद

**विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद के वार्ड 16 में मृतक के परिजनों से क्षेत्र के प्रसिद्ध युवा समजसेवी संजय पासवान ने मुलाकात की। उन्होंने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। क्रियाकर्म के लिए आर्थिक मदद भी की। उल्लेखनीय है कि वार्ड 16 निवासी मंगरी देवी की मौत विगत दिनों लंबी बीमारी के बाद हो गयी थी। संजय पासवान ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा से मन को शांति मिलती है। मौके पर लक्ष्मण विश्वकर्मा, सुदर्शन चौधरी, अंबिका चौधरी, सिकंदर पासवान, मुखदेव पासवान, सुरेश यादव, रमजान अंसारी, उदय यादव, आजाद अंसारी और विश्वनाथ पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

## दशहरा पर्व को लेकर देवरी ओपी परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत देवरी ओपी में शारदीय नवरात्र को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता देवरी ओपी प्रभारी इंद्रदेव राम और संचालन देवरी कला पंचायत समिति सदस्य अजीत सिंह ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से शांति पूर्वक दशहरा मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं देवरी ओपी प्रभारी इंद्रदेव राम ने सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन से लोगों को अवगत कराया। उन्होंने दुर्गापूजा समिति के लोगों से कहा कि सरकारी गाइडलाइन के हिसाब से ही पूजा संपन्न करायें। प्रशासन को सहयोग करें। उन्होंने कहा कि व्हाट्सएप चलाने वाले लोग सावधानी बरतेंगे। बिना सत्यापन के किसी भी प्रकार का कोई व्हाट्सएप संदेश दूसरे को प्रेषित ना करें। गड़बड़ी करने वाले लोगों पर कार्रवाई की जायेगी। मौके पर उत्तरी जिप सदस्य राजू मेहता ने दशहरा पर्व शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। इस मौके पर मुखिया मनोज भारती, पंचायत समिति सदस्य राजवंश यादव समेत कई समाजसेवी व पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगायें पूजा समितियां सौहार्द्र बिगाड़ने वालों पर रहेगी पैनी नजर : डीसी

**दुर्गापूजा के दौरान विधि व्यवस्था संधारण को लेकर डीसी-एसपी ने की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** दुर्गापूजा में सुरक्षा और विधि व्यवस्था संधारण को लेकर पलामू डीसी शशि रंजन ने की अगुवाई में सोमवार को बैठक हुई। डीसी ने पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन, जिला प्रशासन के सभी पदाधिकारी और जिले के सभी पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। डीसी ने सभी पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगाने, संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर उन स्थानों में पुलिस बल एवं दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया। सोशल मीडिया पर भड़काऊ या आपत्तिजनक पोस्ट डालकर अथवा अफवाह फैला कर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। डीसी व एसपी ने सभी थाना प्रभारी को सख्त निर्देश दिया कि त्योहार के दौरान विधि व्यवस्था को हर हाल में कायम करने के लिए सभी पुलिस पदाधिकारियों को अपने थाना क्षेत्रों में गश्ती तेज करनी है। साथ ही सभी पदाधिकारियों को अलर्ट रहना है। त्योहारों के दौरान विधि व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने हो व्यक्तियों की सूची तैयार कर उन पर कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। डीसी ने सभी पंडालों एवं धार्मिक स्थलों की लगातार निगरानी करने और असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए कर कदम उठाते हुए विधि-व्यवस्था को हर हाल में चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने पर जोर दिया। कलश यात्रा, मूर्ति विसर्जन के मार्गों में पड़ने वाले धार्मिक स्थलों और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने का भी निर्देश दिया। उन्होंने एसपी और पुलिस पदाधिकरियों के साथ पांकी प्रखंड क्षेत्र में फ्लैग मार्च भी किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से मिलजुल कर शांति से दुगार्पूजा मनाने की अपील की।

## पांकी विधायक ने अमर बाउरी को विधायक दल का नेता बनने पर दी बधाई



**नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** भाजपा विधायक दल के नेता अमर बाउरी एवं जयप्रकाश भाई पटेल को सचेतक बनाए जाने पर पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। कहा कि भाजपा के नेतृत्व में चंदनकियारी विधायक अमर कुमार बाउरी नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने से काफी खुशी हुई है। अमर बाउरी एक दलित परिवार से आते हैं। भाजपा उन्हें नेता प्रतिपक्ष का दायित्व देकरकर साबित कर दिया है कि भाजपा एक जाति की पार्टी नहीं है। भाजपा में सभी जातियों के लोग हैं। इसलिए आज यह पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। उन्होंने कहा कि कोइरी कुर्मी समाज के लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के कुशल नेतृत्व में विश्वास जताया है। 2024 में होने वाले लोकसभा और झारखंड विधानसभा चुनाव में भाजपा को जनता वोट दे, ताकि नरेंद्र मोदी तिसरी बार प्रधानमंत्री बन सकें। उन्होंने पांकी विधानसभा सभा क्षेत्र के सभी जनता की ओर से विधायक अमर बाउरी को बधाई दी है।

## धर्मेंद्र सिंह को झारखंड सरकार ने दिया शिक्षक का नियुक्ति पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**छतरपुर/पलामू।** रजमनडीह छतरपुर निवासी जयराम सिंह के पुत्र धर्मेंद्र कुमार सिंह को नियुक्त पत्र मिल गई है। अब वे शिक्षक बन गए हैं। बतातें चलें कि धर्मेंद्र सिंह गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत थे। वे छतरपुर में कोचिंग सेंटर का संचालन करते थे। झारखंड सरकार ने स्व. रामदयाल मुंडा फुटबॉल मैदान मोरबादी, रांची में जी गुरुजी एप लांच कार्यक्रम के दौरान यह नियुक्ति पत्र दिया। उन्हें झारखण्ड सरकार द्वारा साहेबगंज जिला के प्लस-2 हाई स्कूल बोरियो में नियुक्त किया गया है। 17 अक्टूबर को वे स्कूल में योगदान देंगे। नियुक्ति पत्र मिलने पर धर्मेंद्र कुमार सिंह ने सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि मैं अपना कर्तव्य निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाउंगा। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का प्रयास करूंगा, ताकि बच्चे गुणात्मक शिक्षा प्राप्त कर सकें। जॉइनिंग लेटर मिलने के बाद परिजनों एवं उनके शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। बधाई देने वालों में इलाके के युवा समाजसेवी अरविंद गुप्ता चुनमुन, पंचम कुमार, एऊन्नउअफए के निदेशक अंजली कुमारी, चंदन कुमार, योगेंद्र विश्वकर्मा, अरविंद अग्रवाल, अरुण कुमार, सुनील पासवान, सुनील कुमार, अमित कुमार, अंकित कुमार सहित कई लोगों के नाम शामिल हैं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### श्रीलंका में मृत मजदूर का शव घर पहुंचा, राजद के प्रदेश अध्यक्ष ने शोकाकुल परिजनों को ढांढ़स बंधाया



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के भगवान बीघा निवासी मजदूर युगुल राम का शव श्रीलंका से दिल्ली होते हुए सोमवार की सुबह उसके गांव पहुंचा। मजदूर की पत्नी और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उसके घर की आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं है। मृतक का आठ साल की बेटी और 10 साल का एक बेटा भी है। मृतक के परिजनों को कंपनी की ओर से बताया गया कि तबियत खराब होने की वजह से उसकी मौत हुई है। उधर, सूचना पाकर राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव, भाजपा नेता सह किसान बिग्रेड के संरक्षक कर्नल संजय सिंह और मुखिया पति रामजी राम मृतक मजदूर के घर पहुंचे और शोक संतृप्त परिजनों को ढाढ़स बंधाया। मौके पर अजय भारती, मुखिया विजय राम, पप्पू सिंह, मंदीप राम आदि मौजूद थे। बतातें चलें कि युगुल नामक पेशे से मजदूर श्रीलंका के अशोक टीएमटी नामक कंपनी में काम करता था। वहीं, कथित रूप से तबीयत खराब होने के कारण उसकी मौत हो गयी।

### भाजपा नेता विनोद सिंह ने किया सैलून का उद्घाटन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार सिंह ने हुसैनाबाद के देवरी रोड में ऑल इन ऑल सैलून का उद्घाटन किया। कहा कि फैशन ब्यूटी के क्षेत्र में रोजगार की असीम संभावनाएं हैं। युवा रोजगार के तौर पर आज अच्छी कमाई कर रहे हैं। वहीं, दुकान के प्रोपराइटर राजू ठाकुर ने बताया कि ग्राहकों की संतुष्टि ही उनका मुख्य लक्ष्य है। मौके पर पंसस अजित सिंह, राजू सिंह, अफरोज आलम, अनमोल, अभिषेक, मुकेश कुमार आदि मौजूद थे।

### नक्सली के घर पर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**मनातू/पलामू (आजाद सिपाही)।** मनातू थाना क्षेत्र के सोहे गांव में एक नक्सली के घर पर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया है। इस संबंध में मनातू थाना प्रभारी कमलेश कुमार ने बताया कि मनातू थाना क्षेत्र अंतर्गत सोहे गांव में नक्सली कमांडर मुखदेव यादव के घर पर न्यायालय के आदेश पर इश्तेहार चिपकाया। जो मनातू थाना कांड संख्या 6/17 दर्ज है। वह काफी दिनों से फरार चल रहा है। इस मौके पर तुराम पूर्ति, सतेंद्र सिंह समेत कई पुलिस भी उपस्थित थे। बताया जाता है कि बिहार-झारखंड के कई थानों में उक्त नक्सली के खिलाफ कई मामले दर्ज हैं।

### पलामू चेंबर की डांडिया नाइट की तैयारी पूरी

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला शाखा की ओर से नवरात्र के अवसर पर आयोजित डांडिया नाइट की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस संबंध में महिला शाखा की अध्यक्ष शर्मिला वर्मा ने बताया कि हम बहनों ने पहली बार इस कार्यक्रम को आयोजित किया है। जिसमें मात्र 500 लोगों की व्यवस्था की गई है। हम सबों ने जहां मुंबई से आ रहे कलाकार शेफाली जरीवाला और मिस इंडिया रही सिमरन आहूजा को डांडिया के लिए आमंत्रित किया है। वहीं मुंबई के मशहूर डीजे भी आ रहे हैं जो कार्यक्रम में अपनी धुन देंगे। अध्यक्ष शर्मिला जी ने बताया कि हमारे शहर की काफी महिला इस कार्यक्रम को लेकर उत्साही है। हम सबों ने बहनों के लिए विशेष डांडिया खेलने की व्यवस्था रखी है और आमंत्रित लोगों के लिए नवरात्र का भोजन बिना लहसुन प्याज का तैयारी कराई जा रही है, ताकि नवरात्र की पवित्रता को बनाए रखी जाए। कार्यक्रम की व्यवस्था की देखरेख के लिए मंच हेतु महिला विंग की महामंत्री प्रियंका सिंघानिया, प्रेस रेनू शर्मा, कंचन गुप्ता, ग्रीन रूम के लिए फरहा नाज एवं राखी सोनी मुख्य अतिथियों की देखरेख के लिए प्रियंका साहू, ममता सिन्हा को जवाबदेही दी गई है। शर्मिला वर्मा ने कार्यक्रम में भरपूर सहयोग के लिए पलामू चेंबर के अध्यक्ष आनंद शंकर, कृष्ण अग्रवाल, अनवर भाई एवं सदस्यों को धन्यवाद दिया है। साथी ही कार्यक्रम के स्पॉन्सर रोटरी क्लब, लायंस क्लब, प्रेमसंस मोटर, हेरीटेज टोयोटा, जय मां शारदा मोटर, रतनलाल हीरो, आनंद ऑटो बाइक्स, पलामू ट्रैक्टर, आनंद मोटर्स,रिपब्लिक हुंडई , जेपीएस ऑटोमोबाइल, अर्जुन ऑटोमोबाइल, मां दुर्गा ऑटोमोबाइल, आदि को धन्यवाद दिया है। शर्मिला जी ने अतिथियों से अनुरोध किया है कि अपनी-अपनी गाड़ियां सही तरीके से खड़ी करेंगें।

## स्पोर्ट्स



क्रिकेट को 128 के बाद ओलंपिक में शामिल कर लिया गया है। इसके अलावा चार और खेलों फ्लैट फुटबॉल, स्क्वॉश और लेक्रोस को भी शामिल किया गया है। आइओसी मीडिया ने सोमवार को एक्स (पहले ट्विटर) पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है।

### 128 साल बाद ओलिंपिक में क्रिकेट की वापसी : टी-20 प्रारूप में खेले जायेंगे मुकाबले

# 2028 लॉस एंजिलिस ओलिंपिक में पांच नये खेलों को मंजूरी

एजेंसी



**मुंबई।** क्रिकेट को 128 साल बाद ओलंपिक में शामिल किए जाने के फैसले पर मुहर लग गयी। 2028 के लॉस एंजिलस ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के कार्यकारी द्वारा क्रिकेट को लॉस एंजिलस ओलंपिक में शामिल करने पर मुहर लगा दी गई है। आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाख के नेतृत्व में सोमवार को मुंबई में हुई बैठक में इस पर अंतिम फैसला किया गया। क्रिकेट इससे पहले 1900 के पेरिस ओलंपिक में खेला गया था। यानी 128 साल बाद इसकी ओलंपिक में वापसी होगी। आइओसी कार्यकारी बोर्ड के अधिकारियों की बैठक में क्रिकेट समेत पांच खेलों को शामिल करने के फैसले पर मुहर लगाई गई। इनमें क्रिकेट के अलावा बेसबॉल/सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, स्क्वॉश और लेक्रोस शामिल हैं। आइओसी मीडिया ने एक्स (पिहले ट्वटर) पर पोस्ट कर इसकी पुष्टि की है।इसी महीने 13 अक्टूबर को इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी ने लॉस एंजिलिस ओलिंपिक 2028 में क्रिकेट को शामिल करने के प्रस्ताव को स्वीकार किया था।

### 1900 के ओलिंपिक में शामिल था क्रिकेट

इससे पहले पेरिस ओलिंपिक (साल 1900) में भी क्रिकेट खेला जा चुका है। तब ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस ने गोल्ड मेडल के लिए सिर्फ एक टेस्ट मैच खेला था, जिसमें ग्रेट ब्रिटेन की टीम 158 रन से जीत गई थी। क्रिकेट कॉमनवेल्थ गेम्स में भी दो बार 1998 और 2022 में शामिल किया गया है। वहीं एशियन गेम्स में 2010, 2014 और 2023 में तीन बार क्रिकेट को जगह मिली।

### लेक्रोस अमेरिका के पुराने खेलों में से एक

**लेक्रोस एक टीम गेम है जो लैक्रोस स्टिक और लैक्रोस बॉल से खेला जाता है। यह नॉर्थ अमेरिका के मूल निवासियों के बीच 12वीं शताब्दी में शुरू हुआ। इसे फुटबाल जैसे घास के बड़े मैदान में खेला जाता है। लेक्रोस स्टिक के हेड पर एक नेट होता है। खिलाड़ी लैक्रोस स्टिक के हेड का इस्तेमाल बॉल ले जाने, पास करने, पकड़ने और गोल में मारने के लिए करते हैं।**

### फ्लैग फुटबाल की भी एंट्री

लॉस एंजिलिस ओलिंपिक 2028 के लिए फ्लैग फुटबॉल को भी एंट्री दी गई है। फ्लैग फुटबाल में दोनों टीमों के पास पांच-पांच प्लेयर होते हैं और इसे फुटबॉल का अमेरिकन वैरिएंट कहा जाता है। अमेरिकन फुटबॉल में डिफेंड करने के लिए अटैकिंग प्लेयर को बॉल के साथ टच लाइन पर पहुंचने से पहले टैकल कर गिराना होता है। लेकिन फ्लैग फुटबॉल में प्लेयर की कमर पर लगे दो बेल्ट निकालने होते हैं। इसे अमेरिका में बहुत खेला जाता हैं।

### स्क्वॉश पहली बार ओलिंपिक में शामिल

स्क्वॉश को पहली बार ओलिंपिक में शामिल किया गया है। स्क्वॉश को 1998 से कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स में लगातार शामिल किया गया। यह दो या चार खिलाड़ियों के बीच चार दीवारों के कोर्ट में एक छोटी रबर की बॉल से खेला जाता है। खिलाड़ी अपने रैकेट से बॉल को कोर्ट की चार दीवारों के बीच बारी-बारी से मारते हैं। खेल का उद्देश्य गेंद को इस तरह से मारना है कि अपोनेंट रिटर्न शॉट नहीं लगा सके।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### विभिन्न समस्याओं को लेकर कोयलांचल ट्रक हाइवा ओनर्स एसोसिएशन ने की बैठक

**झरिया (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल ट्रक हाइवा ओनर्स एसोसिएशन की बैठक सोमवार को झरिया के कतरास मोड़ में हुई। जिसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीण झा और संचालन महासचिव अभिषेक सिंह ने की। बैठक में सैकड़ों ट्रक मालिक ने भाग लिया। जिसमें ट्रक मालिकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गयी। मुख्य रूप से स्थानीय ट्रांसपोर्टिंग कार्य में स्थानीय ट्रकों को प्राथमिकता के आधार पर कार्य दिये जाने को लेकर संगठन जल्द ही धनबाद डीसी से मुलाकात करने का निर्णय लिया। इसके अलावा विभिन्न कोलेरियों में डीओ अलॉटमेंट के बावजूद कोयला नहीं होने के कारण 20-25 दिन के बाद गाड़ी खाली आउट होने की समस्याओं को लेकर सीएमडी बीसीसीएल से मुलाकात करने और ट्रक के पेपर संबंधित समस्याओं को लेकर धनबाद जिला परिवहन अधिकारी से भी प्रतिनिधिमंडल जल्द ही मुलाकात कर ट्रक मालिकों के समस्याओं का निवारण करने का निर्णय शामिल है। बैठक में बबलू सिंह, बसंत मिश्रा, ब्रह्मदेव यादव, सुभान खान, टिंकू साहब, दीपक वर्मा और संजीव ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### खो-खो प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में हंसराज व श्रद्धानंद व बालक वर्ग में दयानंद सदन विजयी



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सेक्टर-6 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में पाठ्य सहगामी क्रिया कलाप की ओर से आयोजित खो-खो प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में हंसराज और श्रद्धानंद सदन के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को जीत दिलायीष जबकि बालक वर्ग में दयानंद सदन के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। हंसराज टीम ने केवल 8 अंक प्राप्त किया, जबकि दयानंद सदन ने 11 अंक हासिल कर टीम को जीत दिलाई। दयानंद सदन से सन्नी राज, रौनक कुमार, समीर महतो, राहुल कुमार, कृष कुमार महतो, आदित्य कुमार महतो, शिवानंद, अभिजीत रुद्र सिंह, आदित्य, अभय ने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं बालिका वर्ग में आकांक्षा, ज्योतिका, सुषमा, सोनी, संध्या, अनामिका, सिद्धी, अनु, वैष्णवी, अरिमा आर्या, आरूषि प्रिया, पुष्पा, समृद्धि, दिव्या करकेट्टे ने खेल में बेहतर प्रदर्शन कर अपनी टीम को एक अंक से जीत हासिल की। प्राचार्य बृजमोहन लाल दास ने विजेता टीम को बधाई दी। कहा कि खेल-कूद से बच्चों में शारीरिक एवं मानसिक विकास होता हैं। बच्चे खेल के माध्यम से अनुशासित होते हैं। इस मौके पर नागेंद्र प्रसाद, प्रशांत कुमार, रूबी कुमारी, बालशेखर झा, स्वाति, नीलम झा, विद्यासागर, रूपा, श्याम भूषण श्रीवास्तव, अखिलेश कुमार, आभा कुमारी, किरण सिंह और कुमार समरेश आदि उपस्थित थे।

### विस्थापित संवेदक समिति की बैठक, मिलन समारोह अक्टूबर के अंत में मनाने का निर्णय



**कथारा (आजाद सिपाही)।** कथारा कृष्ण चेतना क्लब प्रांगण मेंसोमवार को विस्थापित संवेदक समिति के सदस्यों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष हरिश्चंद्र यादव ने की। इस दौरान विभिन्न निर्णय लिया गया। जिसमें कथारा प्रबंधन के साथ निर्धारित समय अंतराल में वार्ता करना, 29 या 30 अक्टूबर को संगठन का मिलन समारोह कराना आदि शामिल है। संगठन के सचिव विजय सिंह ने कहा कि इन दिनों कथारा क्षेत्र के संवेदकों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। वे जिस क्षेत्र में कार्य करते हैं, वहां बाहरी लोगों का दखल बढ़ गया है। इसके लिए आने वाले दिनों में बड़े अमूल चूल परिवर्तन देखने को मिलेगा। कुछ बाहरी लोग कार्य में विघ्न डालने की कोशिश कर रहे हैं। वरीय अधिकारियों से मिलकर ऐसे लोगों की जानकारी देते हुए रोजी रोटी पर किए जा रहे आघात के संदर्भ में बात रखी जाएगी। समिति के अध्यक्ष हरिश्चंद यादव ने सुझाव दिया कि कोई भी व्यक्ति बाहरी तत्वों को प्रश्रय ना दें। वहीं नए कार्य को लेकर रूप रेखा बनाने की जवाबदेही संगठन के सहायक सचिव राजेश कुमार यादव को दी गई। सर्वसम्मति से तय हुआ कि अब भविष्य में जो भी कार्य होगा वह अंक के अनुसार किया जाएगा। वैसे छोटे संवेदकों को जिन्हें वर्षो से कार्य नाममात्र का मिल पाया है, उन्हें भागेदारी सबसे पहले दी जाएगी। इस मौके पर समिति के संरक्षक बाल देव यादव, राधेश्याम तिवारी, देवनारायण यादव, आशिक अंसारी, राजेश यादव, मो अमजद अंसारी, सरफराज अहमद, प्रणवानंद चौधरी आदि उपस्थित थे।

# कोयला तस्करी का खेल : चरकीटांड में रैयतों की जमीन पर कब्जा जमा कर अवैध डिपो चला रहे जगदीश और मुकेश

- असामाजिक तत्वों से साठगांठ कर ग्रामीणों को डरा-धमका कर संचालित हो रहा कोयला तस्करी का अवैध खेल
- एकजूट होकर ग्रामीण विरोध का बना रहे मन
- तस्करों के साथ हिंसक झड़प की संभावना प्रबल
- सीओ ने कहा : करेंगे कारवाई

आजाद सिपाही संवाददाता





**महुदा।** थाना क्षेत्र के सिंगड़ा पंचायत अंतर्गत चरकीटांड ग्रामीण सड़क व मूनीडीह साइडिंग रेल लाइन से पहले सड़क से कुछ ही दूरी पर तस्करों ने पुलिस की नाक के नीचे अवैध कोयला डिपो बना रखा है। जिसमें सैकड़ो टन अवैध कोयला का भंडारण किया जा चुका है जिसे रात के अंधेरे में ट्रकों पर लादकर कोयला को मंडी में भेजने की तैयारी है। बताया जा रहा कि कोयला तस्करों द्वारा उक्त डिपो में स्थानीय एव ंदूसरे प्रदेश के दर्जनों असमाजिक तत्वों को गार्ड के रूप में तैनात किया गया है। ये असमाजिक तत्व हर समय शराब के नशे में हर्वे हथियार से लैस होकर डिपो की निगरानी करते हैं। अगर कोई स्थानीय ग्रामीण मवेशीयों को चराते हुए गलती से भी अवैध डिपो की ओर चला जाये तो गार्ड के रूप में तैनात असमाजिक तत्व उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। इतना ही नहीं ऐसे अवैध कोयला कारोबार करने वाले माफियाओं द्वारा अपनी दबंगई से रैयत असदुद्दीन अंसारी एवं चांदु महतो की जमीन पर जबरन कब्जा कर अवैध कारोबार को संचालित कर रहे हैं। बताया जा रहा कि रैयतों ने जब इसका विरोध किया तो उन्हें डरा धमका कर बुरे अंजाम भुगतने की धमकी देकर चुपा रहने को कहा जा रहा है।

### सीओ ने कहा : होगी सख्त कार्रवाई

बाघमारा अंचलाधिकारी रवि भूषण ने अवैध कोयला डिपों पर सख्त कर्रवाई करने की बात कही हैं। कहा कि क्षेत्र में अवैध खनन व परिवहन पर सख़्ती से निपटा जायेगा।

### हिंसक झड़प की आशंका

सूत्रों की मानें तो इस अवैध कारोबार को जिले का विख्यात जगदीश और मुकेश नामक अवैध कोयला तस्कर संचालित कर रहे हैं। नाम न छापने की शर्त पर स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि जल्द ही वे सभी एकजुट होकर क्षेत्र में चल रहे इन अवैध डिपो का विरोध करेंगे। इन तस्करों का साथ देने वाले स्थानीय असमाजिक तत्वों का भी सामाजिक बहिष्कार करेंगे। ऐसे असमाजिक तत्वों के कारण ही क्षेत्र में अवैध तस्कर अपनी पैठ जमाने की कोशिश में हैं। ऐसे में यह कयास लगाया जा रहा है कि कभी भी स्थानीय ग्रामीण और तस्करों के बीच हिंसक झड़प हो सकती है। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि इस अवैध डिपो की खबर स्थानीय सीआईएसएफ और पुलिस को भी है इसके बावजूद इनकी चुप्पी कई सवाल खडे करते हैं। इस बारे में सिंगड़ा पंचायत के मुखिया सूर्यकांत महतो ने बताया कि क्षेत्र में रैयतों की जमीन पर जबरन कब्जा कर अवैध डिपो संचालित करने की शिकायत ग्रामीणों ने की थी। जिसके बाद मैंने इस संबंध में महुदा थाना प्रभारी से रविवार को मिलकर लिखित शिकायत की है। थाना प्रभारी योगेश कुमार ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। सीआईएसएफ ने भी अवैध कोयला डिपो पर कारवाई करने की बात कहा हैं।

### सीओ को जांच के लिए भेजा है, रिपोर्ट आने के बाद दी जायेगी पूरी जानकारी : डीसी

# अवैध खनन के दौरान धंसी चाल, दो की मौत

- निरसा के कापासारा की घटना जिला प्रशासन जुटा जांच में, ईसीएल प्रबंधन ने अवैध मुहानों की कराई भराई

आजाद सिपाही संवाददाता





चाल धंसने से मारे गए व्यक्ति के पास बिलखते परिजन। अवैध मुहाना।

**चिरकुंडा।** निरसा के मुगमा स्थित ईसीएल के कापासारा आउटसोर्सिंग के बंद खदान में सोमवार अहले सुबह अवैध खनन के दौरान चाल धंस जाने से दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि कई लोगों के दबे होने की आशंका है। हालांकि घटना की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। उधर, घटना के बाद दोपहर में एग्यारकुंड सीओ कृष्णा मरांडी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच की। वहीं, ईसीएल प्रबंधन ने डोजरिंग कर मुहाने की भराई कर दी है।

### ऐसे हुई घटना

प्रतिदिन की तरह सोमवार की सुबह भी स्थानीय लोग अवैध खनन के लिए सुरंग नुमा मुहाने के अंदर गए थे। अवैध कोयला खनन के दौरान जानकारी के अभाव में कोयला के पिलर को ही काट दिये, जिससे मुहाने में मिट्टी और कोयला भरभरा कर गिर गया। जिससे कोयला काटने में लगे एग्यारकुंड दक्षिण पंचायत के सियारकनाली निवासी यमुना राजवंशी (37) और केशरकुलर निवासी तापस दास (24) की उसके नीचे दब जाने से मौत हो गयी। आनन-फानन में सभी को वहां से अन्य सहयोगियों ने बाहर निकाला और अपने-अपने गांव भाग गए। आशंका है कि पुलिस के डर से सभी का अंतिम संस्कार भी कर दिया गया है। दूसरी ओर, घटना के बाद स्थानीय लोगों में प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले चार महीनों से तकनीकी एवं न्यायिक कारणों से उक्त आउटसोर्सिंग में उत्पादन ठप है। बावजूद इसके ईसीएल प्रबंधन द्वारा खुली खदान के समीप ना तो किसी प्रकार की घेराबंदी की गई है ना ही सुरक्षा के उपाय किये गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे पहले भी कई बार उक्त खदान के पास ऐसी घटना घट चुकी है। इसके बाद भी ईसीएल प्रबंधन वहां सुरक्षा के उपाय नहीं कर रहा है। दूसरी ओर, आसपास के बस्ती के ग्रामीण और बाहर के मजदूरों के सहारे यहां से तस्करों द्वारा अवैध रूप से कोयला का अवैध रूप से खनन कराया जाता है। जिसमें क्षेत्र के कई मजदूर लगे होते हैं। घटना की जानकारी जैसे ही आसपास के बस्ती के लोगों को लगी सभी घटनास्थल के समीप पहुंचने लगे। स्थानीय लोगों की मदद से मृतकों के परिजन शव निकाल कर भाग गए। पर अन्य कोयला काटने गए मजदूरों का जब तक कुछ पता नहीं चल पाया। वहीं ईसीएल प्रबंधन ने भी आनन-फानन में सुरक्षाकर्मियों के साथ जेसीबी लेकर घटनास्थल पर पहुंचा और मुहानों की भराई कर दी। उधर, डीसी वरुण रंजन के आदेश पर एग्यारकुंड सीओ कृष्णा मरांडी जांच करने घटनास्थल पर पहुंचे और वास्तविकता की जानकारी ली। इस बाबत डीसी ने बताया कि घटनास्थल पर सीओ को भेजा है। रिपोर्ट आने के बाद कुछ कह सकेंगें।


## उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़
(खनन शाखा)

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि PR 305765 Mines and Geology (23-24).D द्वारा प्रकाशित पतरातु प्रखण्ड –सह– अंचल कार्यालय परिसर में भण्डारित 6160 (छः हजार एक सौ साठ) घन फीट लघु खनिज बालू का दिनांक 10.10.2023 को नीलामी आहूत की बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित की जाती है।

पुनः आम नीलामी दिनांक 18.10.2023 को समय 04.15 बजे अपराह्न में अपर समाहर्ता, रामगढ़ की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में सम्पन्न की जायेगी। नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्त्तें यथावत रहेंगी।

ह०/–
अपर समाहर्त्ता, रामगढ़

PR 309277 Mines and Geology (23-24)_D

## समाहरणालय सिमडेगा
(पंचायत शाखा)

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 118 (i) दिनांक 12.09.2023 द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार त्रिस्तरीय पंचायत (उप) निर्वाचन, 2023 के निमित मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांक– 14.10.2023 को सिमडेगा जिले के सभी रिक्त पदों वाले पंचायत भवन/मतदान केन्द्रों/प्रखण्ड कार्यालयों में कर दिया गया है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत)
–सह–
उपायुक्त, सिमडेगा

PR 309266 Simdega (23-24)_D

## कार्यालय
## प्रमंडलीय प्रबन्धक, लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल हजारीबाग
dm.haz_jsfdc@yahoo.in

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विशेष अभियान के तहत् वन निगम हजारीबाग प्रमण्डल के अन्तर्गत विभिन्न वनागारों में यथा चरही, चौपारण, झुमरा एवं हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमण्डल के अन्तर्गत बरही प्रादेशिक प्रक्षेत्र के प्रांगण में विभिन्न प्रजातियों के प्रकाष्ठों की बिक्री आम नीलामी द्वारा निम्न तिथियों में की जा रही है :–

| क्रमांक | वनागार का नाम | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | चरही | 02.11.2023 |
| 2 | बरही प्रादेशिक प्रक्षेत्र, बरही एवं चौपारण वनागार | 03.11.2023 |
| 3 | झुमरा | 04.11.2023 |

नीलामी में रखे गये प्रकाष्ठों प्रचयों की सूची संबंधित डीपू प्रभारी या प्रमण्डलीय कार्यालय हजारीबाग से प्राप्त कर सकते हैं।

**डीपू प्रभारी का दूरभाष संख्या :–**

1. शुभचन्द्र झा, चरही एवं कर्मशाला वनागार – 9835541822
2. विरेन्द्र झा, झुमरा वनागार – 7667751746
3. गोपाल प्रसाद श्रीवास्तव चौपारण वनागार – 6200429496

प्रमण्डलीय कार्यालय में संबंधित
सहायक का दूरभाष संख्या, सुरेश लाल गुप्ता – 7979841078

विश्वासभाजन
प्रमंडलीय प्रबन्धक
लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमंडल, हजारीबाग।

PR.NO.309255 Forest, Environment and Climate Changes(23-24):D


## हर्ष : मिठाई खिलाकर व गुलाल लगाकर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

# अमर बाउरी का नेता प्रतिपक्ष बनना बोकारो के लिए गर्व की बात : कुमार अमित

आजाद सिपाही टीम




**बोकारो।** चंदनक्यारी के विधायक अमर कुमार बाउरी को भाजपा नेतृत्व द्वारा विधायक दल का नेता और मांडू विधायक जेपी पटेल को सचेतक बनाने पर सोमवार को पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सेक्टर-4 सिटी सेंटर में एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। कुमार अमित के साथ कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी। कुमार अमित ने कहा कि अमर कुमार बाउरी का नेता प्रतिपक्ष बनना बोकारो जिला के लिए गर्व की बात है। एक साधारण परिवार से आने वाले व्यक्ति के लिए ऐसे पद पर जाना भाजपा में ही संभव है। हमें गर्व है कि हम भाजपा जैसे पार्टी के कार्यकर्ता है। अमर बाउरी एक संघर्षशील नेता, कुशल संगठन कर्ता और प्रखर वक्ता के साथ ही अच्छे इंसान भी है। ये नेता प्रतिपक्ष के रूप में विधानसभा में झारखण्ड की जनता का सशक्त आवाज बनेंगे और जन मुद्दों को और जोरदार तरीके से उठाएगें। कुमार अमित ने इस निर्णय के लिए शीर्ष नेतृत्व सहित प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, अन्नपूर्णा देवी आदि का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर भाजयुमो नगर महामंत्री लालबाबू, संतोष पंडित, कृष्णा कालिंदी, विक्रम यादव, रविंद्र यादव, पाली सिंह, कमल राज, जीतेंद्र सिंह, अनुज, चंद्रप्रकाश, त्रिलोकी, दीपक, हरेंद्र सिंह और शंभु आदि उपस्थित थे। दूसरी ओर भाजपा जिला महामंत्री जयदेव राय और भाजपा कुरा मंडल अध्यक्ष पंचानन महतो ने संयुक्त रूप से कहा कि चंदनकियारी जैसे सुदूर ग्रामीण पिछड़ा क्षेत्र से इतने बड़े पदों विधायक अमर बाउरी और जेपी पटेल का पहुंचना गर्व की बात है। इस बड़े ओहदे पर मनोनयन पर केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व का हृदय से धन्यवाद देते हैं। मौके पर अखिलेश्वर प्रसाद महतो, मंडल उपाध्यक्ष अश्विनी झा, किसान मोर्चा नेता नारायण साव, रामपद बाउरी, अशोक कुमार, त्रिलोचन झरियात, जितू बाउरी, प्रेम कुमार, सुचांद गोप, प्रदीप पटेल, चंडी झा, शीतल प्रसाद सिंह, मिहिर महतो, शंकर गोराई और अनूप कुमार पांडेय उपस्थित थे।

### अमर बाउरी को नेता प्रतिपक्ष बनाये जाने पर धनबाद में जश्न, बंटी मिठाई, फोड़े पटाखे



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भाजपा के चंदनकियारी विधायक अमर बाउरी को नेता प्रतिपक्ष और मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल को भाजपा विधायक दल का सचेतक बनाये जाने पर अनुसूचित जाति मोर्चा में खुशी की लहर है। सोमवार को धनबाद महानगर अनुसूचित जाती मोर्चा के जिला अध्यक्ष गौर चंद्र बाउरी के नेतृत्व में रणधीर वर्मा चौक पर भाजपाइयों ने जश्न मनाया। एक-दूसरे को मिठाई खिला व पटाखे फोड़ कर खुशी का इजहार किया। वहीं, भाजपा महानगर जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि पार्टी का यह निर्णय बहुत ही सराहनीय है। विधायक अमर बाउरी और जय प्रकाश भाई पटेल के मनोयन पर पार्टी जमीनी स्तर पर और भी ज्यादा मजबूत होगी। मौके पर नितिन भट्ट , श्रवण राय, मानस प्रसून, महेश पासवान, रंजीत भुईया, ललन पासवान, आशीष पासवान, मिल्टन पार्थ सारथी, श्रीमंत बाउरी आदि थे।


## उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
(विकास शाखा)

**विज्ञापन संख्या :– 01/2023**

सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना अन्तर्गत उपायुक्त कार्यालय, कोडरमा (MPLADS Cell) में Computer Operator पद पर नियुक्ति हेतु पूर्णतः अस्थायी/संविदा पर इच्छुक अभ्यर्थियों से विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

| क्र० | पद का नाम | संख्या | उम्र | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कम्प्यूटर ऑपरेटर | 01 | 18-35 (अधिकतम उम्र सीमा की गणना हेतु संदर्भ तिथि 01.08.2023) | अनिवार्य योग्यता:– (क) सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान (Board) से न्यूनतम इंटरमीडिएट उत्तीर्ण। (ख) सरकार के द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से न्यूनतम एक वर्ष का कम्प्यूटर कोर्स। (ग) कम्प्यूटर का ज्ञान, Hindi & English Typing, Ms office, PFMS, MIS entry आदि की जानकारी। (ध) इन्टरनेट कार्य संबंधित जानकारी। अतिरिक्त योग्यता:– (क) संबंधित कार्य क्षेत्र में कम से कम एक वर्ष का कार्य अनुभव। |

**आवेदन की प्रक्रिया :–**

1. आवेदन विहित प्रपत्र में भरकर सभी प्रमाण–पत्रों की स्वाभिप्रमाणित प्रति के साथ निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 26.10.2023 तक जिला विकास शाखा, कोडरमा समाहरणालय परिसर पिन– 825410" के पते पर स्वीकार किया जायेगा।
2. अन्य किसी माध्यम से अथवा अंतिम तिथि के बाद प्राप्त हुए आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

**नियम व शर्त्तें :–**

1. आवेदन हेतु किसी भी प्रकार का शुल्क देय नहीं है।
2. श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा समय–समय पर निर्गत अधिसूचना के आधार पर कुशल श्रेणी हेतु निर्धारित दर के अनुसार मानदेय भुगतान किया जायेगा।
3. अभ्यर्थी का चयन कम्प्यूटर टेस्ट के आधार पर संधारित मेधा सूची के आधार पर किया जायेगा।
4. सेवा असंतोषजनक पाये जाने पर किसी भी समय बिना पूर्व सूचना के सेवा समाप्त की जा सकती है।
5. अभ्यर्थी की नियुक्ति के उपरान्त उनके स्थायी नियुक्ति का दावा मान्य नहीं होगा।
6. उक्त विज्ञापन को स्थगित/रदद् करने एवं शर्त्तों में परिवर्तन/संशोधन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा। अधोहस्ताक्षरी का निर्णय ही अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

नोट :– उक्त संबंधी विज्ञापन की विस्तृत जानकारी एवं नियुक्ति से संबंधित सूचना समय–समय पर जिला के Website: koderma.nic.in पर देखी जा सकती है।

ह0/– उपायुक्त, कोडरमा।

PR.NO.309219 District(23-24):D

## न्यूज रील्स

### योगी का प्रोटोकॉल अफसर बन ठगी करने वाले गिरफ्तार

**लखनऊ।** यूपी एसटीएफ ने विभूतिखंड इलाके से मुख्यमंत्री का प्रोटोकॉल अफसर और सुकरात विवि का वीसी बनकर ठगी करने वालों को गिरफ्तार किया है। ये लोगों को सरकारी नौकरी, पार्टी में पद दिलाने और ट्रांसफर-पोस्टिंग का झांसा देकर करोड़ों की ठगी कर चुके हैं। एसटीएफ के एएसपी विशाल विक्रम सिंह ने बताया कि पीलीभीत के बीसलपुर निवासी रामशंकर गुप्ता उर्फ आशीष कुमार गुप्ता और दिल्ली अशोक विहार निवासी अरविंद त्रिपाठी उर्फ गणेश त्रिपाठी उर्फ गुरुजी को गिरफ्तार किया गया है।

# छात्रों को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से आइआइटी में 'सूर्यकुंभ' का आयोजन

**कार्यशाला में संस्थान के गोद लिये गये पांच गांवों और प्रवासी श्रमिकों की बस्ती के 400 से अधिक सरकारी विद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भुवनेश्वर ने नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग पर जागरूकता फैलाने और संधारणीयता (सस्टेनिबिलिटी) पर संस्थान छात्रों को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से 15 अक्टूबर को विश्व छात्र दिवस के अवसर पर एक विशिष्ट सौर पाक कला कार्यशाला 'सूर्यकुंभ' का आयोजन किया। भारत के पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम की जयंती के उपलक्ष्य में, संस्थान ने भारत के इस महान वैज्ञानिक एवं शिक्षक को श्रद्धांजलि देने तथा उनके आदर्शों को आत्मसात करने के लिए छात्र समूह को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के प्रयोजन से इस कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यशाला का आयोजन आईआईटी भुवनेश्वर के डिजाइन इनोवेशन सेल (शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित) ने उन्नत भारत अभियान (यूबीए) और संस्थान के उद्यमिता सेल के सहयोग से किया गया। इस कार्यशाला में संस्थान के गोद लिए गये पांच गांवों और प्रवासी श्रमिकों की बस्ती के 400 से अधिक सरकारी विद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान, उन्हें खाना बनाने के लिए सौर कुकर के निर्माण और उपयोग पर प्रशिक्षण प्राप्त हुआ। इस अवसर पर उन्होंने इन सोलर कुकर का उपयोग कर-के केक बनाया। इस व्यावहारिक अनुभव ने न केवल स्वच्छ ऊर्जा विकल्पों के बारे में ज्ञान प्रदान किया बल्कि नवीन डिजाइन अवधारणाओं और इंजीनियरिंग सिद्धांतों की समझ को भी बढ़ावा दिया। छात्र अपने स्कूल के मध्याह्न भोजन के एक हिस्से को तैयार करने में सहायता करने और प्रचलित पाक प्रथाओं में योगदान देने के लिए इन कुकरों को घर ले गए। इस अवसर पर प्रारंभ में, सिम्प्लीफाइड टेक्नोलॉजीज फॉर लाइफ के श्री विवेक काबरा ने सौर ऊर्जा से संबंधित अपने अनुभव साझा किए और छात्रों को सौर कुकर की असेंबली और उपयोग पर प्रशिक्षण दिया। इस उपलक्ष्य पर आईआईटी बॉम्बे के ऊर्जा विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर चेतन सिंह सोलंकी भी उपस्थित रहे और कार्यशाला के प्रतिभागियों को प्रेरित किया। प्रो सोलंकी को उनकी पहल 'ऊर्जा स्वराज यात्रा' के लिए जाना जाता है। बच्चों को संबोधित करते हुए प्रो. सोलंकी ने सौर ऊर्जा का कुशलतापूर्वक उपयोग करके स्थाई जीवन जीने के अपना अनुभवों को साझा किया।



उन्होंने विद्यार्थियों को ऊर्जा के प्रयोग को जीवन की आदत बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ वेणुगोपाल अरुमुरु, प्राध्यापक प्रभारी (उद्यमिता सेल) सहित डॉ सीमा बाहिनीपति, समन्वयक-उन्नत भारत अभियान, आईआईटी भुवनेश्वर के डिजाइन इनोवेशन सेल के समन्वयक प्रो अरुण कुमार प्रधान, प्रो मिहिर कुमार पंडित, और डॉ सत्यनारायण पाणिग्रही ने इस सम्पूर्ण कार्यशाला को आयोजित करने के लिए समन्वयक के रूप में अपना सार्थक सहयोग और योगदान दिया।

# बहुप्रतीक्षित वाराणसी यार्ड रीमॉडलिंग का कार्य निर्धारित समय सीमा से पहले संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** यात्रियो को बेहतर और सुरक्षित सेवायें प्रदान करने के लिए बहुप्रतीक्षित वाराणसी यार्ड रीमॉडलिंग का कार्य हुआ निर्धारित समय-सीमा से पूर्व संपन्न दो नए प्लेटफॉर्म और आठ प्लेटफार्मों की लंबाई में वृद्धि से मिलेगी परिचालन में गति बहुप्रतीक्षित वाराणसी यार्ड रीमॉडलिंग का कार्य संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि इस कार्य को पूर्ण करने हेतु 70 दिन संभावित थे परन्तु रेलवे के अधिकारियों की योजनाबद्ध रणनीति और कठिन परिश्रम से यह कार्य दिनांक 01/09/2023 से मध्य रात्रि दिनांक 15/10/2023 तक मात्र 45 दिनों के भीतर करने का प्रण किया गया और अथक प्रयासों से यह कार्य आज दोपहर दिनांक 15/10/2023 को निर्धारित समय सीमा से पूर्व संपन्न हो पाया। इस कार्य के अन्तर्गत एक विशाल 663 रूट इलेक्ट्रोनिक इंटरलॉकिंग की स्थापना जिसमें 283 सिग्नल, 214 प्वाइंट के साथ 6 दिशाओं में ब्लॉक वर्किंग शामिल है, जिसमें 158 नए टर्नआउट वाले यार्ड में संशोधन और लगभग 38 किमी के रूट इंटरलॉकिंग के साथ ट्रैक लिंकिंग को उत्तर रेलवे के विभिन्न विभागों के अथक परिश्रम, योजना और समन्वय के बाद प्रारंभ किया गया है। इसमें 38 कि०मी० से अधिक का नया ट्रैक बिछाना शामिल था। वाराणसी जं के यार्ड री-मॉडलिंग के पूर्ण होने से यात्री एवं मालगाड़ियों का आवागमन सुगम होगा। इस कार्य के अंतर्गत वाराणसी जं पर होने वाले संरचनात्मक कार्यों और यात्री सुविधाओं का विवरण निम्न है।

**वाराणसी यार्ड रीमॉडलिंग की प्रमुख विशेषताएं :** रूट-663, नये टर्नआउट-158, टर्नआउट को खत्म किया गया -122 नया ट्रैक बिछाना- 38 कि०मी०। **पुराने ट्रैक की डिसमेंटलिंग - 17 कि०मी० :** नये सिग्नल- 283, विद्युत टीआरडी कार्य, (अ) वायरिंग पूरी - 40 ट्रैक किलोमीटर (ब) तीन 11 केवी कॉम्पैक्ट विद्युत सब-स्टेशन स्थापित और चालू किए गये। आठ प्लेटफोर्मों की लंबाई और चौड़ाई का पुनर्निर्माण। दो नए प्लेटफोर्मों का निर्माण। नये फुट ओवर ब्रिजः (अ) 10 मीटर चौड़ा तीसरा फुट ओवर ब्रिज (ब) लेवल क्रोसिंग संख्या 4 पर 3 मीटर चौड़ा 65 मीटर लंबा फुट ओवर ब्रिज पर रैंप के साथ (स) 6 मीटर चौड़ा तीसरा प्रवेश द्वार निर्माण।

### वाराणसी यार्ड में लूप और प्लेटफॉर्म की लंबाई में वृद्धि

प्लेटफार्म संख्या 1 से 4 तक की लाइनों का पूर्वोत्तर रेलवे के बनारस स्टेशन, प्लेटफार्म संख्या 1 से 5 तक की लाइनों का लोहता स्टेशन और प्लेटफार्म संख्या 6 से 9 तक की लाइनों का शिवपुर स्टेशन से सीधा जुड़ाव होगा जिससे आवागमन सुगम होगा। वाराणसी सिटी (बीसीवाई) और पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन (डीडीयू) की ओर से सभी प्लेटफार्मों (1 से 9) की कनेक्टिविटी। वाराणसी जंक्शन (बीएसबी)और वाराणसी सिटी (बीसीवाई) के बीच में दोहरीकरण का कार्य पूर्ण किया गया। वाराणसी जं पर दो अतिरिक्त पूर्ण लंबाई वाले यात्री प्लेटफार्म (10 और 11)और तीसरे प्रवेश द्वार का प्रावधान। शिवपुर की ओर से गुड्स बाईपास लाइन का निर्माण जिससे यार्ड के माध्यम से क्रॉस-मूवमेंट कम होगा। इस कार्य के अंतर्गत यार्ड की सात डायमंड क्रोसिंग को भी समाप्त किया गया जिससें यार्ड में परिचालन को गति मिलेगी।

# नवरात्र डांडिया महोत्सव का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** नवरात्रि और दुर्गा पूजा महोत्सव जैसे चल रहे उत्सवों में रंग जोड़ते हुए, स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब (एसएलसी) एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, रांची ने सदस्यों के लिए एक नवरात्रि डांडिया का आयोजन किया। यह कार्यक्रम एसएलसी की अध्यक्ष रेखा जैन के स्वागत और समिति के वरिष्ठ सदस्यों, समिति के सदस्यों और सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुरू हुआ। बाद में सदस्यों ने देवी दुर्गा की पारंपरिक पूजा और प्रार्थना में भाग लिया। इस अवसर पर जैन ने सभी सदस्यों को आगामी पूजा उत्सवों के लिए शुभकामनाएं और समृद्धि की शुभकामनाएं दीं, जिसके बाद डांडिया नाइट नृत्य कार्यक्रम हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कोई भी व्यक्ति अकेले कुछ नहीं कर सकता, समूह प्रयास से ही सफलता मिलती है। उन्होंने महिला क्लब की गतिविधियों को मजबूत करने और समाज के लाभ के लिए नए विचारों, सुझावों और नयी पहलों के साथ आगे आने के लिए सदस्यों से सलाह मांगी।



## रेलगाड़ियों में महिला सुरक्षा के लिए समर्पित है रेलवे सुरक्षा बल

# आरपीएफ ने वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में भाग लिया

**आरपीएफ के लगभग 9% कर्मियों में महिलाएं शामिल हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** महिलाओं के लिए ट्रेनों में सुरक्षित यात्रा को बढ़ावा देने के लिए डीजी आरपीएफ मनोज यादव के नेतृत्व में आरपीएफ की 25 सदस्यीय मजबूत टीम ने वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन 2023 में भाग लिया। टीम में डीजी आरपीएफ के अलावा 01 डीआइजी रैंक के अधिकारी, 02 एसपी रैंक के अधिकारी, 01 डीएसपी रैंक के अधिकारी, 02 इंस्पेक्टर, 01 एसआई, 02 हेड कांस्टेबल और 15 कांस्टेबल शामिल थे। दौड़ के पीछे का उद्देश्य भारतीय रेलवे नेटवर्क पर महिलाओं की सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आरपीएफ की कई पहलों के बारे में सार्वजनिक जागरूकता पैदा करना था। विशेष रूप से मेरी सहेली पहल पर ध्यान केन्द्रित किया गया। रेलवे सुरक्षा बल के प्रतिभागी धावक मल्लिकार्जुन पारडे और विनीता पाल ने हाफ मैराथन में अपने-अपने आयु वर्ग में चौथा और पांचवां स्थान प्राप्त किया। रेल मंत्रालय के तहत काम करने वाला रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) महिला रेल यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए लगन से काम कर रहा है। भारत के विशाल रेलवे नेटवर्क पर काम कर रही मेरी सहेली टीमें लंबी दूरी की ट्रेनों में अकेले यात्रा करने वाली अनगिनत महिलाओं को सहायता और सुरक्षा प्रदान कर रही हैं।



आरपीएफ के लगभग 9% कर्मियों में महिलाएं शामिल हैं, वे ट्रेनों में और रेलवे परिसर के भीतर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपने पुरुष समकक्षों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करती हैं। जन जागरूकता बढ़ाने और सहयोग जुटाने के लिए, आरपीएफ टीम ने इस नेक काम के लिए अतिरिक्त प्रयास करते हुए 15 अक्टूबर 2023 को दिल्ली हाफ मैराथन में भाग लिया था। भारत के कई हिस्सों और महानिदेशक से लेकर कांस्टेबलों तक कई रैंकों की 25 सदस्यीय मजबूत टीम ने आरपीएफ के अखिल भारतीय चरित्र का प्रतिनिधित्व किया। इस टीम में पंजाब, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र की चार महिला आरपीएफ कर्मी भी शामिल थीं, जो आरपीएफ नारीशक्ति के प्रतिनिधि के रूप में कार्यरत थीं। मैराथन मार्ग के साथ, आरपीएफ कर्मियों ने जनता के साथ मिलकर, बैनर प्रदर्शित किए, और रेलवे में महिला सुरक्षा पर प्रकाश डालने के लिए पर्चे बांटे और इस मुद्दे को बढ़ावा देने के लिए सभी हितधारकों से समर्थन मांगा।


































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातु, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**